CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 14-12-2025 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLJKT1 User: cci Time: 12-14-2025 00:03 Color:

लखनऊ (लखनऊ व लखनऊ में एक साथ प्रकाशित) › रविवार, 14 दिसंबर 2025 › मार्गशीर्ष 23, शक संवत 1947; पौष कृष्ण दशमी, विक्रम संवत 2082

WATCH GOD WATCHDOG

पेज 20› मूल्य सिर्फ ₹6.00 facebook.com/nbtlucknow·twitter.com/nbtlucknow

NBT
नवभारत टाइम्स

कोलकाता में मेसी के प्रोग्राम में नाराज़ फैंस ने की तोड़फोड़

▶ देखें अंदर

एनबीटी में विज्ञापन देने के लिए 19001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 19001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं।

भारत Vs साउथ अफ्रीका

तीसरा T20I आज

धर्मशाला में, 7 pm से, प्रसारण जियो हॉटस्टार, स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क पर

▶ देखें अंदर

SHALIMAR

Project RERA Registration No.: UPRERAPRJ7225264/12/2025
Promoter RERA Registration No.: UPRERAPRM10813
U.P. RERA Website Address - www.up-rera.in
Bank account No.: 44624011814
Branch Address: Commercial Branch, Lucknow
Bank Name: State Bank Of India | IFSC Code: SBIN0004166
Cheque to be issued in favor of :
SLPL COL A/C VALENCIA COUNTY EAST PHASE-II
Launch Date: 13-12-2025

Live
Mediterranean.
Live Grand.
One Last Chance.

Your last opportunity to own a Spanish-themed villa in Lucknow's one-of-its-kind premium township – Shalimar OneWorld.

LAUNCHING

SHALIMAR ONEWORLD
VALENCIA
COUNTY EAST
PHASE-II

Artistic impression

GOMTI NAGAR EXTENSION, LUCKNOW | 4 BHK PREMIUM VILLAS

Indulge in refined Spanish-style luxury villas designed for timeless elegance crafted for the grand life in Lucknow.

Please Turn Over.

www.shalimarcorp.com | Shalimar OneWorld, Shaheed Path, Gomti Nagar Extension, Lucknow | 95133 15867

CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 14-12-2025 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLPG8 User: cci Time: 12-13-2025 23:55 Color:

फटाफट खबरें

साई की पादुकाओं का फूलों से स्वागत

■ NBT न्यूज, लखनऊ : शहर में आई शिरडी के साईं बाबा की पवित्र चरण पादुकाएं शनिवार को खुर्रम नगर, कमला नेहरू नगर स्थित श्री साईं कृपा धाम, साईं आंगन लाई गईं। यहां पादुकाओं का पहले फूलों से स्वागत किया गया। यहां से पादुकाएं बाराबंकी के लिए विदा हो गईं। साईं आंगन के ट्रस्टी केपी सिंह और रीता सिंह ने भक्तों के साथ मिलकर पादुका का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।

'सेवा दिवस' पर किया पौधरोपण

■ NBT न्यूज, लखनऊ: डालमिया भारत ग्रुप ने अपने संस्थापक जय दयाल डालमिया की 121वीं जयंती पर देशभर में 'सेवा दिवस' मनाया। 4 से 11 दिसंबर तक ग्रुप के 25 स्थानों पर कार्यक्रम हुए, जिनका विषय 'स्थिरता' रहा। इस दौरान पौधरोपण, स्वच्छता अभियान, रीसाइक्लिंग जागरूकता, अन्नदान और सामुदायिक विकास जैसे काम किए गए।

पानी-सीवर के मुद्दे पर हुई चर्चा

■ NBT न्यूज, लखनऊ: इंदिरा नगर बी-ब्लॉक रेजिडेंट वेलफेयर असोसिएशन की बैठक में शनिवार को कॉलोनी में लीकेज और सड़क के साथ सीवर और दूषित पानी पर चर्चा हुई। हिमांशु मिश्रा पार्क में आयोजित बैठक में सदस्यों ने कॉलोनी में दूषित पानी और खराब पड़ी स्ट्रीट लाइट की समस्या के स्थायी निस्तारण के लिए आवासीय समिति के पदाधिकारियों से मांग की।

सड़क पर भरा पानी, लोग परेशान

■ NBT न्यूज, लखनऊ : जलकल विभाग की पाइपलाइन फटने से हाथी पार्क अंडरपास के नीचे जलभराव हो रहा है। बुद्धा पार्क से डालीगंज तिराहे की ओर आने-जाने वाले लोगों को खासी परेशानी हो रही है। स्थानीय नागरिकों के मुताबिक बीते गुरुवार से ये समस्या बनी हुई है।

तमिलनाडु, असम ने जीते छह स्वर्ण

सिटी स्पोर्ट्स

69वीं राष्ट्रीय स्कूली (अंडर-17) ऐथलेटिक्स प्रतियोगिता का आगाज

■ NBT न्यूज, लखनऊ

69वीं राष्ट्रीय स्कूली ऐथलेटिक्स प्रतियोगिता के पहले दिन तमिलनाडु और असम के खिलाड़ियों ने छह स्वर्ण जीते। उत्तराखंड को रजत मिला वहीं दिल्ली व केरल के खिलाड़ियों ने कांस्य पदक जीता। पहले दिन बालक-बालिकाओं के 3000 मीटर, 100 मीटर, 800 मीटर दौड़ के साथ शॉटपुट के पहले चरण और क्वॉलिफिकेशन राउंड हुए। कई स्पर्धाओं के फाइनल मुकाबले भी खेले गए। माध्यमिक शिक्षा विभाग की देखरेख में अंडर-17 आयु वर्ग के छात्र-छात्राओं के सभी मैच गुरु गोबिंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज के ऐथलेटिक्स स्टेडियम में खेले गए।

कृषि उत्पादन आयुक्त एवं अध्यक्ष एसजीएफआई दीपक कुमार, अपर मुख्य सचिव माध्यमिक एवं बेसिक शिक्षा पार्थ सारथी सेन शर्मा और खेल सचिव सुहास एलवाई ने प्रतियोगिता का आगाज किया। इस दौरान बाल निकुंज इंटर कॉलेज, श्री राम अकेडमी इंटर कॉलेज और पायनियर मॉन्टेसरी के विद्यार्थियों ने नृत्य पेश किए।

नतीजे

बालक वर्ग 5000 मी. पैदल चाल: फिरदौस आलम (असम) पहले, तनिष्क (उत्तराखंड) दूसरे और आदित्य (दिल्ली) तीसरे पायदान पर रहे।

बालिका वर्ग में ऊंची कूद: धन्या (तमिलनाडु) पहले, जीएम कीर्ति (कर्नाटक) दूसरे और अभिमका सीपी (केरल) तीसरे स्थान पर रहीं।

ये रहे मौजूद

मीडिया कोऑर्डिनेटर डॉ. दिनेश कुमार के मुताबिक, शिक्षा निदेशक माध्यमिक डॉ. महेन्द्र देव, सचिव माध्यमिक शिक्षा परिषद भगवती सिंह, निदेशक एससीईआरटी गणेश कुमार, संयुक्त शिक्षा निदेशक लखनऊ मंडल डॉ. प्रदीप कुमार, अपर राज्य परियोजना निदेशक वीके पाण्डेय, उप शिक्षा निदेशक लखनऊ मंडल रेखा दिवाकर, वरिष्ठ विशेषज्ञ समग्र शिक्षा माध्यमिक मुकेश कुमार सिंह, संयुक्त निदेशक समग्र शिक्षा राजकुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक लखनऊ राकेश कुमार, राष्ट्रीय पदक विजेता खुशी कुमारी, आश्रम तोमर और काजल, स्पोर्ट्स कॉलेज के राष्ट्रीय पदक विजेता अतुल यादव और स्पोर्ट्स कॉलेज के प्रधार्य अतुल सिन्हा मौजूद रहे।

खेलकूद में बच्चों ने दिखाया दम

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: नवयुग रेडियंस सीनियर सेकेंडरी विद्यालय की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता उत्तर रेलवे स्टेडियम, चारबाग में हुई। कार्यक्रम की शुरुआत मार्च पास्ट से हुई, जिसका नेतृत्व विद्यालय की स्पोर्ट्स कप्तान ने किया। इसके बाद अनुशासन कप्तान, हेड गर्ल, वाइस हेड गर्ल एवं चारों सदनों सत्य, धर्म, प्रेम और शांति के कप्तानों ने मार्च पास्ट किया।

इस दौरान विद्यालय के प्रबंधक सुधीर एस हलवासिया, प्रधानाचार्य बी सिंह व अन्य अतिथि मौजूद रहे। मुख्य अतिथि एसीपी लखनऊ सौम्या पांडेय ने खेलकूद प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। इस साल खेलकूद प्रतियोगिता की विशेष थीम हमारा यूनिवर्स रही, जिसमें पंच तत्व आकाश, वायु, अग्नि, जल और पृथ्वी पर आधारित प्रस्तुतियों के माध्यम से बच्चों की प्रतिभा को दर्शाया गया। इस दौरान कई रोचक एथलेटिक स्पर्धाएं हुईं। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण पृथ्वी बचाओ मेगा ड्रिल रही।

KGMU के गेस्ट्रो मेडिसिन विभाग में बढ़ाए जाएंगे बेड

■ NBT न्यूज, लखनऊ : किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (KGMU) में पेट की गंभीर बीमारियों से जूझ रहे मरीजों के लिए राहत भरी खबर है। गेस्ट्रो मेडिसिन विभाग में भर्ती को लेकर होने वाली परेशानी अब काफी हद तक कम होने वाली है। विभाग में बेड की संख्या दोगुनी किए जाने की प्रक्रिया अंतिम चरण में है और नए साल पर मरीजों को इसका सीधा लाभ मिल सकता है। इसके बाद मरीजों को भर्ती के लिए लंबे समय तक भटकना नहीं पड़ेगा और आसानी से बेड उपलब्ध हो सकेगा।

फिलहाल शताब्दी भवन-2 के छठे तल पर गेस्ट्रो मेडिसिन विभाग का संचालन हो रहा है। वर्तमान में 20 बेड संचालित हैं, जो ज्यादातर समय फुल रहते हैं। गेस्ट्रोमेडिसिन विभाग के अध्यक्ष डॉ. सुमित रूंगटा ने बताया कि मरीजों की सुविधा को देखते हुए बेड की संख्या 20 से बढ़ाकर 40 की जा रही है। नए साल से विभाग में 40 बेड के साथ तीन से पांच आईसीयू-वेंटिलेटर बेड भी संचालित किए जाएंगे। केजीएमयू के प्रवक्ता डॉ. केके सिंह ने बताया कि शताब्दी भवन के छठे तल पर पहले स्पोर्ट्स मेडिसिन विभाग संचालित था, जिसे अब सुपर स्पेशियलिटी आर्थोपेडिक्स भवन में शिफ्ट कर दिया गया है। इसके बाद छठे तल का आधा हिस्सा खाली हो गया है, जहां अब गेस्ट्रोमेडिसिन विभाग का विस्तार किया जाएगा।

जहर की पहचान के लिए खास लैब

■ NBT न्यूज, लखनऊ : यूपी में स्वास्थ्य सेवाओं में तेजी से सुधार हो रहा है और प्रत्येक जिले में मेडिकल कॉलेज खोले जा रहे हैं, जिनमें आधुनिक इलाज की सुविधाएं मुहैया करवाई जा रही हैं। इस दिशा में KGMU ने जहर की पहचान और इलाज के लिए विशेष प्रकार की एनालिटिकल टॉक्सिकोलॉजी लैबोरेटरी और पॉइजन इन्फॉर्मेशन सेंटर स्थापित किया है। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने शनिवार को केजीएमयू के कलाम सेंटर में आयोजित टॉक्सीकॉन कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए इस नई सुविधा का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि जहर के शिकार मरीजों की जान बचाने के लिए यह कदम अहम है। एनालिटिकल टॉक्सिकोलॉजी लैब में जैविक नमूनों जैसे रक्त और मूत्र में दवाओं, जहरों और अन्य हानिकारक रसायनों का पता लगाया जाएगा। इसके माध्यम से उनकी पहचान और मात्रा तय की जा सकेगी। इस अवसर पर फॉरेंसिक विभाग के अध्यक्ष डॉ. अनूप वर्मा, डीन डॉ. केके सिंह और अन्य वरिष्ठ डॉक्टर भी मौजूद रहे।

PGI के डॉक्टरों ने क्रिकेट में दिखाया दम

■ NBT न्यूज, लखनऊ: पीजीआई के मौजूदा और पूर्व छात्रों ने शनिवार को क्रिकेट मैदान पर अपना दम दिखाया। पीजीआई के छठवें पूर्व छात्र दिवस पर शनिवार को हुए क्रिकेट मैच में डीन एकादश ने डायरेक्टर एकादश को सात विकेट से मात दी।

पूर्व छात्र केजीएमयू से डॉ. अजय कुमार पटवा, एंडोक्रिनोलॉजिस्ट डॉ. अरुण पांडे, मेदांता अस्पताल लखनऊ से डॉ. कमलेश मैसोड़ और मैक्स अस्पताल लखनऊ से डॉ. प्रतीक मेहरोत्रा समेत अन्य ने क्रिकेट ग्राउंड पर अपना दम खम दिखाया। टीम डायरेक्टर एकादश ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 15 ओवर में 115 रन का लक्ष्य दिया। जिसे डीन एकादश ने 11 ओवर में ही पांच विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया। प्लेयर ऑफ द मैच डॉ. संचित रस्तोगी रहे।

संस्थान के निदेशक डॉ. आरके धीमन और डीन डॉ. शालीन कुमार के नेतृत्व में दो टीमें थीं। इन टीमों में डॉ. विदुषी, डॉ. आकांक्षा वर्मा, डॉ. मनुप्रिया और डॉ. आकांक्षा अग्रवाल जैसी महिला संकाय सदस्यों के अलावा अन्य संकाय सदस्य ने भी हाथ आजमाए। डॉ. शालीन कुमार, डॉ. अंकुर भटनागर, कर्नल वरुण वाजपेयी और डॉ. प्रीति दबड़गांव ने डॉ. राजीव कुमार भारती को सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज का इनाम दिया।

आरपी सिंह से मिलने को नन्हे क्रिकेटर दिखे बेकरार

■ NBT न्यूज, लखनऊ: टीम इंडिया के पूर्व तेज गेंदबाज आरपी सिंह को देखते ही स्कूली खिलाड़ियों और नन्हे क्रिकेटरों की खुशी देखने लायक थी। आरपी से हाथ मिलाने की तमन्ना हो या फिर ऑटोग्राफ लेने की ललक, हर बच्चा और युवा सबसे पहले इसे अंजाम देने को बेकरार दिखे। टी-20 विश्व कप विजेता भारतीय टीम के इस स्टार पेसर के साथ सेल्फी का दौर भी खूब चला। मौका था शनिवार को सीएमएस कानपुर रोड कैंपस के तहत सात दिवसीय अंतरराष्ट्रीय स्कूल क्रिकेट लीग (आईएससीएल) के उद्घाटन के बाद का। उद्घाटन मैच में मेजबान सीएमएस स्टालियन और ओवरबर्ग हाउस (दक्षिण अफ्रीका) के बीच रोमांचक भिड़ंत देखने को मिली। आरपी सिंह से मिलने के लिए दूसरे देशों से आए बच्चे और युवा भी उनसे मिलने को बेताब दिखे। प्रतियोगिता में ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका, नेपाल और मेजबान भारत के विभिन्न राज्यों की 16 टीमें प्रतिभाग कर रही हैं।

एनपीएल सीजन-2 मैच

उतरावां, निलमथा जीते

■ NBT. न्यूज, निगोहां: निगोहां के एसएनटी ग्राउंड पर शुक्रवार से शुरू हुए निगोहां प्रीमियम लीग (एनपीएल) सीजन-2 के दूसरे दिन दो रोमांचक लीग मुकाबले खेले गए। जिनमें उतरावां और निलमथा की टीमों ने दमदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की।

मीडिया प्रीमियर लीग में इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, एलएसजेए का जीत से आगाज

■ NBT न्यूज, लखनऊ: इलेक्ट्रॉनिक मीडिया एकादश ने हिंदुस्तान टाइम्स को छह विकेट से हराकर एसबीआई कप मीडिया प्रीमियर लीग में उम्दा आगाज किया। प्लेयर ऑफ द मैच कप्तान मयूर शुक्ला (4 विकेट, 49 रन) रहे। दूसरे मैच में एलएसजेए एकादश ने मान्यता प्राप्त पत्रकार एकादश को 75 रन से हराया। केडी सिंह बाबू स्टेडियम पर शुक्रवार को दोनों मुकाबले खेले गए।

झारखंड, हैदराबाद और हिमाचल की लड़कियों का धमाकेदार आगाज

■ NBT न्यूज, लखनऊ: विमिंस अंडर-19 वनडे ट्रॉफी एलीट ग्रुप-सी के मुकाबलों में झारखंड ने जम्मू एंड कश्मीर को नौ विकेट से करारी शिकस्त दी। हिमाचल प्रदेश क्रिकेट असोसिएशन ने चंडीगढ़ को 106 रनों से और हैदराबाद ने मुंबई को छह विकेट से हराकर पूरे अंक हासिल किए। अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम के बी मैदान पर झारखंड ने जम्मू एंड कश्मीर को शिकस्त दी।

विमिंस अंडर-19 वनडे ट्रॉफी एलीट ग्रुप-सी

जीसीआरजी ग्राउंड पर हैदराबाद ने मुंबई को छह विकेट से हराया। स्पोर्ट्स गैलेक्सी क्रिकेट स्टेडियम पर हिमाचल प्रदेश क्रिकेट असोसिएशन ने चंडीगढ़ को 106 रनों से मात दी। वहीं मुंबई को हैदराबाद के गेंदबाजों ने 94 रनों के स्कोर पर रोक दिया। मुंबई की जीया ने 38 रन बनाए। हैदराबाद से जैसमिन गिल ने तीन विकेट झटके। जवाब में हैदराबाद ने चार विकेट खोकर 16वें ओवर में जीत हासिल कर ली।

'कैंसर मरीजों के साथ उनके अटेंडेंट की देखभाल भी जरूरी'

■ NBT न्यूज, लखनऊ: कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रहे मरीजों के साथ-साथ उनके अटेंडेंट या परिवारीजनों की देखभाल भी उतनी ही जरूरी है। लंबे समय तक चलने वाले इलाज में जितना मानसिक और शारीरिक तनाव मरीज को होता है, कई बार उससे कहीं अधिक दबाव उनके परिवारीजनों पर पड़ता है, लेकिन उन्हें अक्सर नजरअंदाज कर दिया जाता है। ये बातें किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (KGMU) की पेन मेडिसिन यूनिट की इंचार्ज डॉ. सरिता सिंह ने कहीं।

शनिवार को केजीएमयू में पेन मेडिसिन यूनिट ने इंडियन सोसायटी ऑफ प्रोस्थोडॉन्टिक्स, रिस्टोरेटिव डेंटिस्ट्री और पेरियोडॉन्टिक्स (ISPRP) तथा केजीएमयू के महिला सशक्तीकरण सेल के सहयोग से अपनी तरह की पहली और अनोखी वर्कशॉप का आयोजन हुआ। आयोजन अध्यक्ष डॉ. सरिता सिंह ने बताया कि लंबे समय तक मरीज की सेवा करते-करते अटेंडेंट भी मानसिक, शारीरिक और भावनात्मक रूप से टूटने लगता है, लेकिन इलाज के दौरान डॉक्टरों का फोकस अधिकतर मरीज पर ही रहता है। वर्कशॉप में तीमारदारों को बुलाकर उनकी परेशानियों को समझा गया। कार्यक्रम के दौरान पैलिएटिव केयर से जुड़े मरीजों और उनके देखभाल करने वालों की वास्तविक जीवन की चुनौतियों पर आधारित एक नाटक भी प्रस्तुत किया गया।

लखनऊ दरबार

ED ने शुरू किया फर्मों से जुड़े बैंक खातों का फरेंसिक ऑडिट

शुभम के ठिकानों से मिले 189 फर्मों के दस्तावेज

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : ED की जांच में कोडीनयुक्त कफ सिरप तस्करी के सरगना शुभम जायसवाल के ठिकानों से 189 फर्मों के दस्तावेज मिले हैं। इसी तरह शुभम के सहयोगी विष्णु अग्रवाल के ठिकाने से 140 कंपनियों के रेकॉर्ड मिले हैं। ये कंपनियां लेन-देन वैध दिखाने और दवाओं की हेराफेरी के लिए बनाई गई थीं।

ED को सहारनपुर में विशाल राणा और विभोर राणा व उनके करीबियों के यहां 125 फर्मों के इस्तेमाल के सबूत मिले। इनके बैंक खातों का उपयोग अवैध धन के लेन-देन में होता था। वहीं, अहमदाबाद और लखनऊ में आर्पिक फार्मास्युटिकल्स और इधिका लाइफ साइंसेज से भी फर्जी कंपनियों के जरिए कारोबार के सबूत मिले। इन कंपनियों से जुड़े दो मोबाइल फोन जब्त हुए हैं। ED ने सभी संदिग्ध फर्मों के बैंक खातों का फरेंसिक ऑडिट शुरू कर दिया है। साथ ही, नए आरोपितों की पृष्ठभूमि की जांच हो रही है। ED जल्द सभी को समन देकर बुलाएगी। अब तक की जांच में सामने आया है कि सैकड़ों शेल कंपनियां बनाकर वैध व्यापार का दिखावा किया गया। यह नेटवर्क पांच साल से कई राज्यों में सक्रिय था।

STF को भी मिले फर्जीवाड़े के साक्ष्य

बर्खास्त सिपाही आलोक प्रताप सिंह व अमित सिंह टाटा को रिमांड पर लेकर पूछताछ कर रही एसटीएफ की टीम को बोगस फर्मों से जुड़े कई अहम साक्ष्य मिले हैं। सूत्रों के मुताबिक आरोपितों ने पूछताछ के दौरान फर्जीवाड़े व मनी ट्रेल से जुड़ी कई अहम जानकारियां दी हैं। रविवार शाम पांच बजे आरोपितों की कस्टडी रिमांड खत्म हो रही है। ईडी के छापों के चलते एसटीएफ की टीम आरोपितों को शनिवार को कहीं ले नहीं जा पाई। देर रात या 14 दिसंबर को टीम आरोपितों को लेकर जा सकती है।

इंटीरियर में खर्च किए करोड़ों

लखनऊ स्थित आलोक का बंगला

लखनऊ में बर्खास्त सिपाही आलोक प्रताप सिंह के आलीशान बंगले पर ईडी का छापा दूसरे दिन भी जारी रहा। अफसरों के मुताबिक यह संपत्ति करीब 7,000-10,000 वर्गफुट में फैली है। जांच में पता चला कि 1.5-2 करोड़ रुपये नकद में सिर्फ इंटीरियर पर खर्च किए गए। शुभम जायसवाल, विशाल और विभोर राणा के घरों में भी इंटीरियर में करोड़ों रुपये खर्च किए गए हैं। अगर आरोपित आय का संतोषजनक स्रोत नहीं बता पाए तो ईडी इन सभी की संपत्तियों को PMLA के तहत अटैच करेगी।

शुभम के खिलाफ जारी होगा रेड कॉर्नर नोटिस!

लखनऊ : कफ सिरप तस्करी के मुख्य सरगना शुभम जायसवाल की मुश्किलें और बढ़ने वाली हैं। ईडी ने उसे पहले आठ और फिर 12 दिसंबर को पेश होने के लिए नोटिस भेजा था लेकिन वह पेश नहीं हुआ। अब ईडी ने उसे एक और आखिरी मौका देते हुए सोमवार को पेश होने के लिए कहा है। अगर वह सोमवार को पेश नहीं होता है तो ईडी उसके खिलाफ गैर जमानती वॉरंट जारी करवाकर इंटरपोल के जरिए उसके खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस जारी करवाएगा। वहीं, यूपी पुलिस भी शुभम को दुबई से प्रत्यर्पित कराने की तैयारी में है। वहीं, शनिवार को कथित रूप से सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ। बताया जा रहा है कि यह वीडियो दुबई के एक होटल का है जहां शुभम टहलता दिख रहा है। यूपी पुलिस, एसटीएफ व ईडी इस वीडियो के संबंध में पड़ताल कर रहे हैं।

एडीजी एलओ ने की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग : एडीजी एलओ अमिताभ यश ने कोडीन युक्त कफ सिरप मामलों की विवेचना को लेकर उन सभी जिलों के कप्तानों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग पर बात की जहां-जहां कफ सिरप मामलों से जुड़े 135 से ज्यादा मामले दर्ज हुए हैं। जानकारी के मुताबिक एडीजी एलओ ने अफसरों को सख्त निर्देश दिए हैं कि विवेचना में किसी भी तरह की ढिलाई न बरती जाए।

उपभोक्ता परिषद ने कहा-बिना सहमति स्मार्ट मीटर को प्रीपेड में बदलना गलत

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : राज्य में स्मार्ट मीटरों को उपभोक्ता की सहमति के बिना प्रीपेड मोड में बदलने को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। उपभोक्ता परिषद ने पावर कॉर्पोरेशन पर राष्ट्रीय कानून के उल्लंघन का गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि यह प्रक्रिया विद्युत अधिनियम 2003 की भावना के विपरीत है। परिषद का कहना है कि उपभोक्ता की अनुमति के बिना किसी भी मीटर को प्रीपेड मोड में परिवर्तित करना न केवल अवैध है, बल्कि उपभोक्ता अधिकारों का हनन भी है। इस मुद्दे को और बल तब मिला जब दो दिन पहले लोकसभा में देश के ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने लिखित जवाब में स्वीकार किया कि देश में पोस्टपेड व्यवस्था ही अब भी डिफॉल्ट मोड है। उपभोक्ता परिषद के मुताबिक केंद्रीय बिजली मंत्री ने अपने जवाब में स्पष्ट किया कि RDSS योजना के तहत पहले सरकारी कार्यालयों, वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों और बड़े उपभोक्ताओं पर प्रीपेड मीटर की सफलता का आकलन किया जाएगा। इसके बाद ही अन्य श्रेणी के उपभोक्ताओं पर इसे लागू करने पर विचार किया जाएगा।

आवास विकास में ₹7 करोड़ के घोटाले का आरोप, जांच के लिए बनी कमिटी

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : आवास एवं विकास परिषद की गाजियाबाद स्थित सिद्धार्थ विहार योजना में करीब 7 करोड़ रुपये के घोटाले का आरोप लगा है। आरोप है कि योजना के संपत्ति प्रबंधक रहे नृपेंद्र बहादुर समेत योजना के कई अधिकारियों ने मिलीभगत कर बिना आला अधिकारियों से पूछे बिल्डर को फायदा पहुंचाने के लिए मनमाने तरीके से मांगपत्र जारी कर दिया। इससे महकमे को करीब 7 करोड़ 11 लाख रुपये का नुकसान हुआ।

मामले को लेकर मेरठ जोन के जोनल आयुक्त की तरफ से कमिश्नर को पत्र भेजा गया लेकिन इसके बावजूद आरोपितों के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं हुई। इस बीच पत्र वायरल हो गया। अब गाजियाबाद से लेकर लखनऊ स्थित मुख्यालय तक बैठे आला अधिकारियों की भूमिका पर सवाल उठने लगे। पत्र में गड़बड़ियों से जुड़े तथ्यों की नए सिरे से जांच करवाने का फैसला किया गया है। लखनऊ स्थित मुख्यालय से इसके लिए एक कमिटी बना दी गई है। यह कमिटी जल्द अपनी रिपोर्ट कमिश्नर को सौंपेगी, जिसके बाद इस मामले में कार्यवाही की जाएगी। हालांकि गोपनीय पत्र लीक होने के बाद हुई किरकिरी के बाद महकमे के जोनल अधिकारी से लेकर सचिव और आयुक्त भी बिना जांच पूरी हुए कुछ भी बोलने को तैयार नहीं है।

कमिटी जल्द कमिश्नर को सौंपेगी रिपोर्ट, इसके बाद कार्यवाही की जाएगी

डिजिटल और आधुनिक तकनीक से बेहतर होगा प्रचार-प्रसार: विशाल सिंह

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : राज्य सरकार की योजनाएं और उपलब्धियां आम लोगों तक प्रभावी ढंग से पहुंचे। इसके लिए शनिवार को सूचना निदेशालय के सभागार में जनपदीय व मुख्यालय के अधिकारियों के लिए एकदिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला को संबोधित करते हुए निदेशक सूचना विशाल सिंह ने कहा कि सूचना विभाग सरकार और जनता के बीच विश्वास का सशक्त सेतु है। सरकार की नीतियों, योजनाओं और विकास कार्यों को सरल, स्पष्ट, तथ्यपरक और समयबद्ध ढंग से जनता तक पहुंचाना सूचना विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीक अपनाकर व्यापक प्रचार-प्रसार करवाया जाए।

अपर निदेशक अरविंद कुमार मिश्र ने कहा कि जनपदीय कार्यालयों को और सुव्यवस्थित एवं सुदृढ़ किया जाएगा, जिससे काम में असुविधा न हो। कार्यशाला में वरिष्ठ वित्त एवं लेखाधिकारी संजय कुमार सिंह ने विभागीय बजट एवं वित्तीय प्रावधानों एवं नियमों की जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में सहायक निदेशक चंद्र मोहन, सहायक निदेशक, अनुराग प्रसाद, सतीश चंद्र भारती, जितेंद्र प्रताप सिंह, चंद्र विजय वर्मा, अमित यादव समेत बड़ी संख्या में जनपदीय अधिकारी मौजूद थे।

निदेशक सूचना विशाल सिंह ने कार्यशाला को संबोधित किया।

HC से भानवी सिंह को राहत, केस पर अंतरिम रोक

■ NBT न्यूज, लखनऊ : इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ बेंच ने पूर्व मंत्री रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया की पत्नी भानवी सिंह को बड़ी राहत देते हुए उनके खिलाफ मानहानि और महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाने के आरोपों में चल रही आपराधिक कार्यवाही पर अंतरिम रोक लगा दी है। कोर्ट ने इस मामले में राजा भैया और भानवी सिंह की बहन साध्वी सिंह को नोटिस जारी करने का भी निर्देश दिया है। अगली सुनवाई तीन सप्ताह बाद होगी।

यह आदेश न्यायमूर्ति सौरभ लवानिया की एकल पीठ ने भानवी कुमारी सिंह की याचिका पर पारित किया। याची की ओर से अदालत को बताया गया कि राजा भैया ने परिवार न्यायालय में विवाह विच्छेद का मुकदमा दाखिल किया है, जिसमें भानवी सिंह ने लिखित जवाब प्रस्तुत किया था। इस जवाब को एक टीवी चैनल द्वारा प्रसारित किया गया, जिसके आधार पर साध्वी सिंह ने भानवी सिंह और दो अन्य व्यक्तियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई। अदालत ने टिप्पणी की कि फैमिली कोर्ट अधिनियम और हिंदू विवाह अधिनियम में स्पष्ट प्रावधान है कि परिवार न्यायालय में लंबित किसी भी मामले की कार्यवाही को प्रकाशित या प्रसारित नहीं किया जा सकता। याची के अधिवक्ता ने यह भी दलील दी कि लगाए गए आरोपों के संबंध में केवल परिवाद दाखिल किया जा सकता था, एफआईआर दर्ज नहीं की जानी चाहिए थी। कोर्ट ने यह भी कहा कि मामला दो बहनों के बीच का है, इसलिए इसमें मध्यस्थता की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। कोर्ट ने अगली सुनवाई तक मुकदमे की कार्यवाही पर रोक लगा दी।

प्रेरणा शर्मा बनीं ACEO इन्वेस्ट यूपी, 5 IAS-4 PCS अफसरों का तबादला

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : आईएएस प्रेरणा शर्मा को विशेष सचिव इंडस्ट्री और अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी इन्वेस्ट यूपी के पद पर तैनाती दी गई है। शनिवार को शासन ने पांच आईएएस और 4 पीसीएस अफसरों का तबादला कर दिया। आईएएस राजेश कुमार को अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण, देवी प्रसाद पाल को मुख्य विकास अधिकारी चित्रकूट, टीके शिबू को मौजूदा पद के साथ-साथ विशेष सचिव उद्यान एवं प्रसंस्करण विभाग का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। वहीं, देवेंद्र सिंह कुशवाहा को वर्तमान पद के साथ निदेशक रेशम का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। सौरभ कुमार पांडे को अपर जिलाधिकारी न्यायिक संभल, अजय कुमार त्रिपाठी को अपर नगर आयुक्त शाहजहांपुर, पूनम निगम को उप सचिव लोक सेवा आयोग, सुशीला को अपर आयुक्त कानपुर मंडल के पद पर तैनाती दी गई है।

मौका ही नहीं मिल रहा तो TET कैसे करें?

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : सुप्रीम कोर्ट का आदेश है कि आठवीं कक्षा तक पढ़ाने के लिए सभी शिक्षकों को TET पास करना अनिवार्य है। दो साल के अंदर ऐसा न करने पर उन्हें नौकरी से हाथ धोना पड़ सकता है। अब शिक्षकों की दिक्कत ये है कि TET करें तो कैसे? प्रदेश का हाल ये है कि तीन साल से UPTET परीक्षा ही नहीं हुई। अब CTET उम्मीद थी। वह परीक्षा होने जा रही है, लेकिन उसके लिए आवेदन में B.Ed शिक्षकों के लिए कोई विकल्प ही नहीं है।

सबके लिए अनिवार्य है TET

शिक्षा का अधिकार अधिनियम (RTE) के तहत कक्षा एक से आठ तक पढ़ाने के लिए हर शिक्षक को बीएड/बीटीसी के साथ ही TET करना अनिवार्य है। यह अधिनियम 2011 में लागू किया गया था। उससे पहले जो शिक्षक पढ़ा रहे हैं, उनके लिए उस समय TET अनिवार्य नहीं थी। इसी को आधार बनाकर शिक्षक सुप्रीम कोर्ट तक गए। शिक्षकों का तर्क था कि जब उनकी नौकरी लगी थी, उस समय TET की अनिवार्यता नहीं थी। अब उन पर TET कैसे थोपा जा सकता है? सुप्रीम कोर्ट ने एक सितंबर को आदेश दिया कि NCTE की गाइडलाइन का पालन करना जरूरी है। सभी को TET करना होगा। सुप्रीम कोर्ट ने इसमें से सिर्फ उन शिक्षकों को छूट दी है जिनको रिटायर होने में पांच साल से कम वक्त बचा है। बाकी सभी शिक्षकों को दो साल के भीतर TET करना जरूरी होगा।

परीक्षा हो तो मिले मौका

शिक्षकों का कहना है कि TET का आदेश ही अव्यावहारिक है। दूसरी बात यह कि जो शिक्षक या शिक्षक बनने के इच्छुक अन्य बेरोजगार युवा TET करना चाहते हैं, तो उसके लिए तो सरकार को व्यवस्था करनी होगी। प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षित स्नातक असोसिएशन के अध्यक्ष विनय कुमार सिंह कहते हैं कि सरकार को TET परीक्षा करवाकर उन्हें मौका देना चाहिए। नियमानुसार साल में दो बार TET परीक्षा होनी चाहिए। प्रदेश में आखिरी बार 2021 में UPTET के लिए आवेदन मांगे गए थे। उसमें भी पेपर लीक हो गया था। यह परीक्षा आखिरी बार 2022 में हुई थी। तब से अब तक UPTET नहीं हुई। प्राथमिक शिक्षक संघ लखनऊ के उपाध्यक्ष निर्भय सिंह कहते हैं कि CTET में भी B.Ed और BPEd वालों को मौका देना चाहिए। पुराने ज्यादातर शिक्षकों के पास यही डिग्रियां हैं।

आयोग नहीं करवा सका परीक्षा

पहले TET करवाने का जिम्मा परीक्षा नियामक प्राधिकारी का होता था। अब सरकार ने शिक्षा सेवा चयन आयोग गठित कर दिया गया है। वह आयोग 2023 में गठित भी हो गया, लेकिन तब से एक भी परीक्षा नहीं करा पाया है। प्रोफेसर कीर्ति पांडेय 1 सितंबर 2024 को आयोग की अध्यक्ष बनाई गई थीं। वह भी 26 सितंबर 2025 को हट गईं, लेकिन अब तक कोई परीक्षा नहीं करवा पाया है।

यूपी में तीन साल से TET परीक्षा ही नहीं हुई, CTET में B.Ed और BPed वालों के विकल्प ही नहीं

AI Image

कैसे आया नौकरी पर संकट?

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

बेसिक शिक्षा परिषद में ही ऐसे करीब डेढ़ लाख शिक्षक हैं, जिन्होंने अब तक TET नहीं किया है। वे ज्यादातर 2011 के पहले के भर्ती हैं। कई तो ऐसे हैं, जब शैक्षिक अर्हता इंटर और BTC होती थी। उनके लिए TET अनिवार्य नहीं थी? वहीं कई मृतक आश्रित हैं, जिन्होंने TET नहीं किया है। अब जो करना भी चाहते हैं, वे कहां से TET करें? तीन साल से यूपी में कोई TET परीक्षा नहीं हुई। बेसिक शिक्षा परिषद के अलावा अन्य एडेड और प्राइवेट स्कूलों में भी इन कक्षाओं को पढ़ाने के लिए TET अनिवार्य है। वे भी इंतजार कर रहे हैं। लाखों की संख्या में युवा TET के इंतजार में हैं। B.Ed डिग्री वाले भी शिक्षक हैं। अब CTET का मौका आया तो आवेदन फॉर्म में उनके लिए विकल्प ही नहीं है।

टेंट सिटी पर NGT में पूरी हुई सुनवाई, आदेश सुरक्षित

■ NBT न्यूज़, वाराणसी: काशी में गंगा किनारे दो साल पहले टेंट सिटी बसाने के मामले में राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) में सुनवाई पूरी होने के साथ ही फैसला सुरक्षित रख लिया गया है। एनजीटी की प्रधान पीठ (नई दिल्ली) के चेयरपर्सन न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव एवं विशेषज्ञ सदस्य डॉ. ए सेंथिल वेल की दो सदस्यीय पीठ में शुक्रवार को करीब एक घंटे तक चली सुनवाई में अधिवक्ताओं ने पक्ष रखे।

एनएमसीजी की अनुमति के बना टेंट सिटी बसाने से पर्यावरण को हुए नुकसान को लेकर याचिका दायर करने वाले तुषार गोस्वामी के अधिवक्ता सौरभ तिवारी ने कहा कि पर्यावरण को पहुंचे नुकसान को देखते हुए संबंधित कंपनियों पर जुर्माना लगाया जाना चाहिए। एनजीटी के निर्देश पर उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (यूपीपीसीबी) ने प्रवेग कम्युनिकेशन इंडिया लिमिटेड और लल्लूजी ऐंड संस पर पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति के रूप में 34 लाख रुपये जुर्माना लगाया है, जो अब तक जमा नहीं हुआ है। अधिवक्ता कहना था कि बोर्ड द्वारा तय जुर्माने की राशि बेहद कम है।

माघ मेले में शास्त्रीय संगीत संग गूंजेंगे भक्ति गीत

■ NBT रिपोर्ट, प्रयागराज

माघ मेले के आयोजन को लेकर शनिवार को मंडलायुक्त की अध्यक्षता में हुई बैठक में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रूपरेखा तय हुई। युवाओं को आकर्षित करने के लिए नए भक्ति कलाकारों की प्रस्तुतियों का निर्णय लिया गया है। आयोजन का जिम्मा एनसीजेडसीसी, संस्कृति विभाग और पर्यटन निगम को सौंपा गया है।

मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल के अनुसार आयोजन में भक्ति संगीत एवं नाट्य पर प्रस्तुतियों में नए कलाकारों को भी मौका दिया जाएगा। इसके लिए ऐसे कलाकारों की एक सूची तैयार करने का निर्देश मण्डलायुक्त ने दिया है। बैठक में एनसीजेडसीसी के डायरेक्टर सुदेश शर्मा, संस्कृति विभाग की सहायक निदेशक रेनू रंग भारती, उप मेलाधिकारी विवेक शुक्ला, अमित पाठक तथा क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अपराजिता सिंह समेत अन्य अधिकारी शामिल हुए।

विहिप के शिविर का भूमि पूजन विहिप काशी प्रांत के माघ मेला शिविर का भूमि पूजन महर्षि भारद्वाज वेद विद्यालय के आचार्य सुनील शर्मा एवं आचार्य दीपक अवस्थी ने करवाया। आरएसएस के प्रांत प्रचारक रमेश ने कहा कि यह पुण्य भूमि आध्यात्मिक दृष्टि से विख्यात है। शिविर में आध्यात्मिक चिंतन के अलावा धर्मांतरण और लव जिहाद जैसे मुद्दों का जनजागरण के माध्यम से निदान किया जाएगा। इस मौके पर विहिप काशी प्रांत अध्यक्ष कविंद्र प्रताप सिंह, मंत्री डॉ. राज नारायण, महानिर्वाणी अखाड़ा से यमुना पुरी महाराज, स्वामी रमन गिरी, किन्नर अखाड़ा से कौशल्या नंद गिरी, सह कार्यवाह रासबिहारी, संगठन मंत्री नितिन, मेयर गणेश केसरवानी, पूर्व मंत्री डॉ. नरेंद्र कुमार सिंह गौड़ आदि मौजूद रहे।

विश्वनाथ कॉरिडोर: चौथी वर्षगांठ पर शोभायात्रा में गूंजे भोले के जयकारे

भव्य श्रृंगार, भोर में खुले कपाट, भक्तों का सैलाब



■ NBT न्यूज़, वाराणसी

नव्य, दिव्य और भव्य स्वरूप में साकार हुए काशी विश्वनाथ धाम की शनिवार को चौथी वर्षगांठ मनाई गई। भोर में बाबा विश्वनाथ के भव्य श्रृंगार और मंगला आरती के बाद मंदिर के कपाट खोले जाते ही आस्था का सागर उमड़ पड़ा। शंख व डमरू की निनाद के साथ ही मंत्रों के पाठ से गुंजायमान धाम परिसर में देर रात तक श्रद्धालुओं की लाइन लगी रही। धाम में स्थित देव विग्रहों और नंदी का शास्त्रों में वर्णित विधि से अभिषेक किया गया। वहीं, बाबा का रुद्राभिषेक और दुग्धाभिषेक हुआ। यज्ञशाला में आहुतियां हुई तो गंगा द्वार से विश्वनाथ द्वार तक फूल-मालाओं और रंगबिरंगी लाइटों की जगमग रहा।

महाशिवरात्रि पर निकलने वाली शिव बारात जैसी लोक उत्सव शोभायात्रा में उल्लास, भक्ति और पुरातन बनारस की मस्ती बिखरी। शोभायात्रा में भारतीय महिला क्रिकेट टीम की विश्व विजेता बनने और काशी रोप-वे परियोजना पर आधारित झांकी आकर्षण का केंद्र रही। लाग-विमान, स्वांगों के साथ देव स्वरूप घोड़ों पर सवार होकर निकले। शोभायात्रा में मुंह से आग की लपटें निकालते कलाकारों ने रोमांचक करतब दिखाए तो पारंपरिक वेशभूषा में सजे कलाकार नरमुंडों की माला धारण किए नाचते-गाते चल रहे थे। इसके साथ ही शिव के औघड़ रूप और शक्ति के संतुलन को दर्शाया गया।

मैदागिन से शुरू हुई शोभायात्रा के करीब तीन किलोमीटर की दूरी तय कर चितरंजन पार्क तक पहुंचने के दौरान पूरा इलाका हर-हर महादेव से गूंजता रहा। विश्वनाथ धाम के मंदिर चौक पर सार्वकालीन सांस्कृतिक संध्या में संगीत की सुरसरि प्रवाहित हुई।

इकॉनमी को मिली बूस्टर डोज

नवनिर्मित विश्वनाथ धाम कॉरिडोर ने काशी को धार्मिक पर्यटन के मानचित्र पर नई पहचान दिलाई है। सीएम खुद औसतन हर माह एक या दो बार हाजिरी लगाने के साथ ही भक्तों की हर छोटी-बड़ी सुविधाओं का जायजा लेने के साथ ही जरूरी निर्देश देते रहते है। धार्मिक पर्यटन बढ़ने से बनारस के साथ ही उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को सवा लाख करोड़ से ज्यादा का बूस्टअप डोज मिला है।

3000 वर्ग फुट था मंदिर परिसर

05 लाख वर्ग फुट हुआ कॉरिडोर बनने के बाद

₹900 करोड़ की लागत से हुआ है निर्माण

26.23 करोड़ ने किए दर्शन

■ विकास पाठक, वाराणसी : गुलाबी आभा से दमकते आनंद कानन का अहसास करवाने वाले काशी विश्वनाथ धाम (कॉरिडोर) के आकर्षण और बाबा विश्वनाथ के दर्शन-पूजन की ललक से लगातार नए रिकॉर्ड बन रहे हैं। बाबा के भक्तों की संख्या में अभूतपूर्व वृद्धि से 13 दिसंबर 2021 को लोकार्पित दिव्य-भव्य धाम ने धार्मिक पर्यटन का नया अध्याय लिखा है। 13 दिसंबर धाम के लोकार्पण के चार साल पूरे हो जाएंगे। इस दौरान 26 करोड़ से अधिक श्रद्धालु बाबा दरबार में हाजिरी लगा चुके हैं। काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्व भूषण मिश्र ने बताया कि बीते चार सालों में 26 करोड़ 23 लाख 56 हजार से अधिक श्रद्धालु आ चुके हैं। इस दौरान चढ़ावे में भी रेकॉर्ड बढ़ोतरी हुई है। मंदिर के गर्भगृह की दीवारें 60 किलो सोने से स्वर्ण मंडित की गई हैं।

13 दिसंबर 2021 को पीएम ने किया था लोकार्पण

फटाफट खबरें

बांदा-खुरहंड रेलखंड पर संचालन शुरू

■ NBT न्यूज़, बांदा: नवदोहरीकृत बांदा-डिंगवाही-खुरहंड रेलखंड पर पहली ट्रेन के सफल संचालन के साथ ही एक महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज हुई। नए ट्रैक पर शुक्रवार रात 12535 लखनऊ-रायपुर गरीब रथ एक्सप्रेस का सफलतापूर्वक संचालन हुआ। दोहरीकरण से ट्रेनों की आवाजाही और सुगम होने के साथ समय बचेगा। वहीं, यात्री और माल परिवहन में लाभ मिलेगा।

साधु के वेश में करते थे लूट, 3 अरेस्ट

■ NBT न्यूज़, रायबरेली: साधु के वेश में लूटने के मामले में पुलिस ने तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार शुक्रवार को बछरावां में प्रयागराज हाईवे पर अर्टिगा सवार साधु के वेशधारी बदमाशों ने रायबरेली निवासी रवि भूषण कुमार को रोका और आंखों में पाउडर झोंककर अंगूठी लूट ली थी। केस दर्ज कर जांच में जुटी पुलिस ने राजामऊ मोड़ के पास पूर्वी दिल्ली के गोविंद नगर निवासी भाइयों बलवान नाथ, अरमान नाथ के साथ ही विक्रम नाथ को गिरफ्तार किया है।

डंपर ने ऑटो में मारी टक्कर, तीन की मौत

■ भाषा, उन्नाव: अजगैन थाना क्षेत्र में शनिवार सुबह हुए तेज रफ्तार डंपर की टक्कर से ऑटो सवार तीन लोगों की मौत हो गई। अजगैन-मोहान मार्ग पर मकूर गांव के पास डंपर की टक्कर से ऑटो के परखच्चे उड़ गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। पुलिस के अनुसार मृतकों के साथ ही घायलों की शिनाख्त नहीं हो सकी है। डंपर कब्जे में लेकर चालक की तलाश शुरू कर दी गई है।

ट्रक ने बाइक सवार देवर-भाभी को रौंदा

■ NBT न्यूज़, गोंडा: अंबेडकर चौराहे के पास शनिवार को तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से बाइक चला रहे युवक और पीछे बैठी भाभी की मौत हो गई। पुलिस ने ट्रक कब्जे में लेने के साथ ही चालक को हिरासत में ले लिया है। थाना मोतीगंज के ग्राम बीरेपुर निवासी विनोद तिवारी (22) बाइक से भाभी लक्ष्मी तिवारी (28) को अस्पताल दिखाने आए थे। वापसी में अम्बेडकर चौराहे के पास ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। अस्पताल पहुंचाए जाने तक दोनों की मौत हो चुकी थी।

मुठभेड़ के बाद दबोचा गया हत्यारोपित

■ NBT न्यूज़, सुलतानपुर : चांदा कोतवाली क्षेत्र में 6 दिसंबर की रात साढ़ापुर निवासी अमन यादव की अपहरण के बाद हत्या कर शव गोमती नदी में फेंक दिया गया था। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने दस के खिलाफ केस दर्ज किया था। एएसपी अखंड प्रताप सिंह के अनुसार शुक्रवार रात वारदात में शामिल पवन यादव निवासी नरैनी सफीपुर की चांदा में होने की सूचना पर घेराबंदी की गई। इस दौरान आरोपित ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पैर में गोली लगने के बाद पवन को धर दबोचा गया। हत्याकांड के पांच आरोपित पहले ही जेल भेजे जा चुके हैं।

रेप-हत्या का आरोपित 18 साल बाद गिरफ्तार

■ भाषा, महाराष्ट्र: पालघर जिले में 18 साल पहले रेप के बाद पांच वर्षीय मासूम की हत्या के आरोपित को पुलिस ने यूपी के सिद्धार्थनगर से गिरफ्तार किया है। मीरा भायंदर-वसई विरार (एमबीवीवी) पुलिस के सहायक पुलिस आयुक्त (अपराध) मदन बल्लाल ने गिरफ्तारी की पुष्टि की है। आरोपित नंदलाल उर्फ नंदू रामदास विश्वकर्मा (40 वर्ष) को सिद्धार्थनगर स्थित गांव खरदौरी से पकड़ा गया था। 31 मार्च 2007 की रात मासूम को अगवा किया और रेप के बाद हत्या कर दी थी। आरोपित नेपाल भाग गया और लौटने के बाद ईंट-भट्टे पर काम कर रहा था।

पेड़ से टकराई बाइक, दंपती की मौत

■ भाषा, कौशांबी: चरवा थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार बाइक पेड़ से टकराने से दंपती की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार शुक्रवार देर रात समसपुर गांव के पास मनौरी-भरवारी मार्ग पर प्रयागराज निवासी अजय (25) की बाइक पेड़ से टकरा गई थी। अजय चरवा के सिरसी गांव में आयोजित समारोह में शामिल होने के बाद पत्नी राधा देवी (23) को मितवापुर गांव स्थित मायके छोड़ने जा रहे थे। हादसे में दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। परिवारीजनों को सूचना देने के साथ ही शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिए गए।

फर्जी नियुक्ति में 3 शिक्षकों समेत 4 पर FIR

■ भाषा, प्रतापगढ़: महेशगंज थाना पुलिस ने फर्जी दस्तावेज से नौकरी पाने के मामले में पूर्व प्रधानाचार्य समेत तीन के खिलाफ केस दर्ज किया है। अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी बृजनंदन राय के अनुसार शांभवी संस्कृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चिंतामनपुर पटना की प्रबंधक कलावती पाण्डेय की तहरीर पर केस दर्ज किया गया है। इसमें आरोप है कि हरिश्चन्द्र शुक्ला ने प्रधानाचार्य रहते हुए 2017 में प्रबंधक का फर्जी हस्ताक्षर कर कूटरचित दस्तावेज से अपने बेटे शक्ति प्रकाश के साथ ही नंदनी देवी एवं खुशबू की सहायक अध्यापक के पद पर नियुक्ति की थी। 2021 में सेवानिवृत्त होने के बाद ने फर्जी दस्तावेज से बेटे को प्रधानाचार्य बना दिया। केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

जांच के दौरान महिला से अभद्रता, FIR

■ NBT न्यूज़, गोरखपुर: जिला महिला अस्पताल में अल्ट्रासाउंड करवाने पहुंची महिला ने कर्मचारी पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए केस दर्ज करवाया है। गुलरिहा निवासी पीड़िता के अनुसार 11 दिसंबर की सुबह अल्ट्रासाउंड करवाने गई थी। आरोप है कि अभिमन्यु गुप्ता ने जांच के लिए कपड़े उतारने को कहा। इसी बाद अश्लीलता के साथ जबरदस्ती करने लगा। केस दर्ज होने के बाद अस्पताल प्रशासन ने जांच शुरू की है।

जेवर एयरपोर्ट की जमीन पर कब्जा, FIR

■ भाषा, नोएडा: जेवर में हवाई अड्डे के दूसरे चरण के लिए चिह्नित भूमि पर अवैध कब्जा और निर्माण करने पर 28 ग्रामीणों के खिलाफ केस दर्ज करवाया गया है। मामला हुकुम सिंह गांव में अवैध निर्माण करने वालों के खिलाफ लेखपाल प्रत्युष राही पाठक की शिकायत पर केस दर्ज किया गया है। इसमें बताया गया है कि वर्ष 2022 में जारी अधिसूचना के तहत अधिग्रहण होने तक गौतम बुद्ध नगर के जिलाधिकारी की अनुमति के बिना जमीन की खरीद-फरोख्त या निर्माण पर रोक लगाई गई थी। इसके बावजूद निर्माण करवाने वालों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

फटाफट खबरें

बजरंग दल के महामंत्री पर जानलेवा हमला

■ NBT न्यूज़, बाराबंकी: फतेहपुर स्थित पटेल तिराहा के पास शुक्रवार रात बजरंग दल के जिला महामंत्री शुभम सोनी पर कुछ लोगों ने हमला कर दिया। शुभम के अनुसार बाइक से आयुष जोशी के साथ जाते समय अर्टिगा सवारों ने रोका और पीटना शुरू कर दिया। पुलिस के अनुसार केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

दो महिलाओं की संदिग्ध हालात में मौत

■ NBT न्यूज़, कोठी: मोहिउद्दीनपुर दयालपुर निवासी रजीत की पत्नी मनीशा (31) की शनिवार को संदिग्ध हालात में मौत हो गई। परिवारीजनों ने हत्या का आरोप लगाया है। सतरिख निवासी महावीर रावत के अनुसार दो साल पहले बहन मनीशा की शादी रजीत से हुई थी। आरोप है कि काफी समय से दहेज के लिए प्रताड़ित किया जाता था। वहीं, रामसनेहीघाट कोतवाली क्षेत्र के खानपुर शम्भूदयाल निवासी सुरेश चौहान की पत्नी ममता (35) का शव शनिवार सुबह संदिग्ध हालात में घर से 200 मीटर दूर पेड़ से लटका मिला। एसओ अंकित त्रिपाठी ने बताया कि सुरेश कुछ समय पहले साली को ले आया था। इसी लेकर विवाद चल रहा था।

साई पादुका का पुष्प वर्षा के बीच स्वागत

■ NBT न्यूज़, बाराबंकी: श्री साई बाबा संस्थान ट्रस्ट शिरडी की ओर से साई बाबा की 110 साल पुरानी पवित्र चरण पादुकाएं शनिवार को नगर पहुंचने पर पुष्प वर्षा से स्वागत हुआ। इस मौके पर पूर्व मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप, रवीनन खजांची, राजीव गुप्ता बब्बी, उमाशंकर महाराज, सुशील गुप्ता, अरुण गुप्ता मौजूद रहे। राजेश अरोड़ा ने बताया कि जीआईसी ऑडिटोरियम में पादुकाओं का प्रतिष्ठापन किया गया है।

CEC ने सपरिवार किए रामलला के दर्शन

■ NBT न्यूज़, अयोध्या: मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने शनिवार को परिवार के साथ अयोध्या पहुंच रामलला व हनुमानगढ़ी में दर्शन-पूजन किया। इसके साथ ही दशरथ महल और कनक भवन भी गए। मुख्य निर्वाचन आयुक्त का एयरपोर्ट पर निदेशक धीरेंद्र सिंह के साथ ही आईजी अयोध्या जोन, एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर, डीएम निखिल टीकाराम फुंडे एवं नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार ने स्वागत किया।

अयोध्या/बाराबंकी

ऑपरेशन के बाद मौत, हंगामा

मौत के बाद ऐंबुलेंस से भेज दिया था निजी मेडिकल कॉलेज, परिवार ने दी तहरीर

■ NBT न्यूज़, कोठी

अयोध्या हाइवे के चौपुला स्थित अन्नया अस्पताल में हर्निया के ऑपरेशन के बाद शनिवार सुबह कोठी निवासी सतीश कुमार (51) की मौत हो गई। परिवारीजनों का आरोप है कि मौत के बाद सफेदाबाद के हिंद मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। पत्नी नीतू ने ऑपरेशन के दौरान लापरवाही का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है।

कोठी निवासी नीतू के अनुसार पति सतीश को हर्निया व हाइड्रोसिल की दिक्कत पर नौ दिसंबर को अन्नया अस्पताल में भर्ती करवाया था। 10 दिसंबर की शाम ऑपरेशन के बाद शनिवार सुबह तबीयत बिगड़ने पर हिंद अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहां पहुंचने पर डॉक्टरों ने ऐंबुलेंस में ही मृत घोषित कर दिया। एसीएमओ डॉ. एलबी गुप्ता के अनुसार जानकारी पर आयुष्मान कार्ड धारक शिकायत निवारण प्रबंधक अभिषेक श्रीवास्तव के साथ अस्पताल पहुंचकर जांच की। इस दौरान पता चला कि ऑपरेशन डॉ. राघवेंद्र पांडेय ने किया था। आरोपों के आधार पर जांच की जा रही है।

विडियो देख ऑपरेशन करने वाले का सरेंडर

NBT फॉलोअप

■ NBT न्यूज़, बाराबंकी: पित्त की जगह गॉलब्लैडर का ऑपरेशन करने और अधिक ब्लीडिंग से कोठी निवासी मुनिशरा की मौत के मामले में कथित डॉ. ज्ञानप्रकाश मिश्र ने कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया है। पति फतेह बहादुर रावत ने कोठी थाने पर ज्ञानप्रकाश पर यूट्यूब पर विडियो देखकर नशे की हालत में ऑपरेशन करने से मौत आरोप लगाते हुए केस दर्ज करवाया था। सीओ समीर सिंह ने आरोपित के कोर्ट में आत्मसमर्पण की पुष्टि करते हुए बताया कि दूसरे आरोपित विवेक मिश्र की तलाश में छापे मारे जा रहे है।

3 शिक्षक गैरहाजिर, BSA ने रोका वेतन

■ NBT न्यूज़, बाराबंकी: जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी नवीन पाठक ने अर्द्धवार्षिक परीक्षा के दौरान शनिवार को स्कूलों का दौरा किया। इस दौरान बंकी ब्लॉक के कम्पोजिट स्कूल सुलतानपुर में सहायक अध्यापक, शिक्षामित्र व अनुदेशक ड्यूटी पर नहीं मिले। बीएसए ने तीनों का वेतन रोकने के आदेश दिए। वहीं, मसौली ब्लॉक के कम्पोजिट विद्यालय मुबारकपुर में किचेन गार्डेन विकसित करने के आदेश दिया। पीएमश्री कम्पोजिट विद्यालय करपिया का जायजा लेने के साथ ही बास्केट बॉल कोर्ट तैयार करवाने को कहा। कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में गंदगी मिलने पर नाराजगी जताई।

NLA में 1,98,058 मामलों को निपटारा

■ NBT न्यूज़, बाराबंकी: जिला सत्र न्यायालय परिसर में शनिवार को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में 1,98,058 मामलों को निपटारा किया गया। इस दौरान जुर्माने व प्रतिकर के रूप में 32,46,44,664 रुपये वसूले गए। जिला सत्र न्यायाधीश प्रतिमा श्रीवास्तव और हाई कोर्ट के प्रशासनिक न्यायमूर्ति मनीष कुमार की मौजूदगी में सुनवाई हुई। इस दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव व अपर जिला जज श्रीकृष्ण चंद्र सिंह के साथ ही सीजेएम सुधा सिंह ने मामले सुने।

मामूली विवाद में पिता की हत्या, गिरफ्तार

■ NBT न्यूज़, गोंडा: खरगुपुर क्षेत्र की ग्राम पंचायत विशा चौबे में शुक्रवार रात मामूली कहासुनी के बाद हुए विवाद में युवक ने पीटकर पिता की हत्या कर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया।

हत्यारोपित सुनील

पुलिस के अनुसार ग्राम पंचायत विशा निवासी रामशंकर प्रजापति शुक्रवार को पिसा चौबे स्थित ससुराल गया था। इसी बीच बेटा सुनील भी पहुंच गया और दोनों के बीच कहासुनी होने लगी। बताया जा रहा है कि रामशंकर नशे में था। विवाद के दौरान मारपीट होने से रामशंकर गंभीर रूप से घायल हो गया। परिवारीजन सीएचसी ले गए, लेकिन तब उसकी मौत हो चुकी थी। परिवारीजनों के अनुसार शनिवार सुबह रामशंकर के छोटे बेटे अनिल की मंगनी थी। इसे लेकर परिवार में खुशी का माहौल था और तैयारियां चल रही थीं। इस बीच मौत की जानकारी होते ही कोहराम मच गया। पत्नी कमलेश कुमारी के साथ ही बच्चे शव देखकर बदहवास हो गए। पुलिस ने शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेजने के साथ ही आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है।

तालाब मे महिला का शव, शिनाख्त नही

■ NBT न्यूज़, कानपुर: नरवल के पाली स्थित तालाब में शनिवार दोपहर महिला का शव पाया गया। चेहरे व सिर पर चोट के निशान होने से हत्या के बाद फेंके जाने की आशंका है। पुलिस के अनुसार करीब 30 वर्षीय मृतका की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं।

राम मंदिर ट्रस्ट की बैठक में तय हुआ कार्यक्रम, शामिल होंगे रक्षामंत्री और मुख्यमंत्री

31 को प्राण प्रतिष्ठा की दूसरी वर्षगांठ

■ NBT न्यूज़, अयोध्या

श्री राम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की बैठक शनिवार को मणिराम छावनी मठ में हुई। ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास की मौजूदगी में हुई बैठक में 31 दिसंबर को प्राण प्रतिष्ठा की दूसरी वर्ष गांठ पांच दिवसीय उत्सव के रूप में मनाने पर सहमति बनी। इसमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ ही सीएम योगी आदित्यनाथ शामिल होंगे। विविध धार्मिक अनुष्ठान और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच जाने-माने भजन गायक और कलाकार प्रस्तुतियां देंगे।

मंदिर ट्रस्ट के महामंत्री चंपत राय ने बताया कि 22 जनवरी 2024 को प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहली वर्षगांठ 11 जनवरी 2025 को मनाई गई थी। वहीं, हिंदू कैलेंडर के मुताबिक 31 दिसंबर को शुक्ल पक्ष की द्वादशी है। ऐसे में इसी दिन उत्सव मनाने का फैसला लिया गया है। प्राण प्रतिष्ठा द्वादशी के उत्सव अंगद टीला पर होंगे। इसके साथ ही 25 हजार जूते-चप्पल रखने की व्यवस्था करवाई जा रही है। राम कथा संग्रहालय का काम भी अंतिम चरण में है।

दिल्ली के जगदीश मित्तल के संयोजन में होने वाले कार्यक्रम में अनूप जलोटा भजन पेश करेंगे। इसके साथ ही सुरेश वाडकर, तृप्ति शाक्य के गायन संग आगरा की पूजा दिवाकर शास्त्रीय नृत्य पेश करेंगी। छत्तीसगढ़ के कलाकार भी प्रस्तुति देंगे। पांच दिवसीय समारोह में उडुपी के जगदगुरु स्वामी माध्वाचार्य पूजन करेंगे, तो जगद्गुरु रामानंदाचार्य स्वामी वासुदेवाचार्य महाराज राम चरित मानस का पाठ करेंगे।

अब अस्थायी मंदिर के निर्माण पर जोर: राम मंदिर निर्माण समिति के चेयरमैन नृपेंद्र मिश्र ने राम मंदिर परिसर के बचे कामों का जायजा लेते हुए स्मारक के तौर पर बन रहे अस्थायी मंदिर और शहीद कारसेवकों के पुण्य स्मारक का निर्माण को प्रमुखता से पूरा करने के निर्देश दिए। चेयरमैन ने बताया कि सभी काम मार्च 2026 तक पूरे करवा लिए जाएंगे।

सिडको

बोली आमंत्रण सूचना

नवी मुंबई के कुंडेवहाल में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के तहत इंटरनेशनल एजुसिटी के लिए 45 मी और 30 मी चौड़ी अप्रोच रोड का निर्माण।

महाराष्ट्र लिमिटेड का सिडको ई-निविदा की प्रक्रिया के माध्यम से उन अनुभवी संभावित बोलीदाताओं से जो अनिवार्य पात्रता मानदंड पूरा करते हो, सिडको लिमिटेड या केंद्र सरकार या महाराष्ट्र राज्य सरकार और उसके उपक्रमों के साथ उपयुक्त वर्ग और श्रेणी में पंजीकृत हो, जिन्होंने निम्नलिखित कार्य हेतु समान प्रकृति का कार्य पूरा किया हो, से **"ऑन लाइन" मद दर प्रतिशत बोलियां** आमंत्रित करता है :

1. कार्य का नाम: नवी मुंबई के कुंडेवहाल में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के तहत इंटरनेशनल एजुसिटी के लिए 45 मी और 30 मी चौड़ी अप्रोच रोड का निर्माण, 2. सी.ए. क्रमांक: 06/CIDCO/EE(CP)/2025-26, **3. बोली की लागत :** ₹ 116,53,29,797.61 (जीएसटी को छोड़कर) (₹ 116,43,85,065.01 बोली योग्य भाग + ₹ 9,44,732.60 गैर-बोली योग्य भाग) **4. ज.ध.रा.:** ₹ 1,17,00,000.00 **5. पंजीकरण श्रेणी:** वर्ग-IA (सीमा रहित)-(सिविल) **6. समापन अवधि :** 487 (चार सौ सतासी) दिन (मानसून सहित) **7. निविदा प्रसंस्करण शुल्क :** ₹ 70,800.00/- (18% जीएसटी सहित (अप्रतिदेय))

समान कार्य की परिभाषा:

बोलीदाता को एमएमआर क्षेत्र में पिछले 7 (सात) वर्षों के दौरान सड़क, एस.डब्ल्यू. ड्रेन कार्य, सीवरेज नेटवर्क, जल आपूर्ति नेटवर्क, इन्फ्रा कार्य सामूहिक रूप से या व्यक्तिगत रूप से पूरे हो चुके कार्यों का अनुभव होना चाहिए।

बोली कार्यक्रम के साथ बोली दस्तावेज 15/12/2025 को 17.01 बजे वेबसाइट **https://mahatenders.gov.in** पर उपलब्ध होंगे।

अधीक्षण अभियंता (पीएंडके)

CIN - U99999 MH 1970 SGC-014574
www.cidco.maharashtra.gov.in
सिडको/जनसंपर्क/९२४/२०२५-२६

CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 14-12-2025 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLPG10 User: cci Time: 12-13-2025 23:27 Color:

सर्दी के मौसम में सही तरीके से, सही चीजें और सही मात्रा में खा लें तो यह सिक्योर्ड इन्वेस्टमेंट शरीर को अगली सर्दी तक फायदा देता है। इस मुद्दे पर आयुर्वेद और मॉडर्न मेडिसिन के एक्सपर्ट्स भी अमूमन एक ही राय रखते हैं। असल में सर्दियों में हमारे पेट की अग्नि यानी पाचनशक्ति बेहतरीन होती है। इन दिनों मिलने वाली कुछ खास चीजें हैं जिन्हें खाएं तो एक तरफ जहां खून की मात्रा बढ़ती है, दूसरी ओर इम्यूनिटी भी पावरफुल होती है। इन दिनों कौन-सी सब्जी, कौन-सा फल खाना सबसे बढ़िया है? क्या-क्या ज़रूर खाएं? एक्सपर्ट्स से बातकर जानकारी दे रहे हैं लोकेश के. भारती

सर्दी की हेल्दी सौगात

सर्दी का मौसम डाइट से अपने शरीर को मजबूत बनाने का मौसम है। सर्दियों में मिलने वाले कुछ फल और सब्जियां तो बेहद फायदेमंद होते हैं, जानते हैं इनके बारे में:

आयुर्वेद के मौलिक सिद्धांतों के अनुसार, ठंड में शरीर की गर्मी भीतर की ओर ही सिमट जाती है, जिससे डाइजेस्टिव सिस्टम (पाचन तंत्र) ज्यादा ऐक्टिव हो जाता है और जठराग्नि (भूख लगने, भोजन पचाने और शरीर की जज्ब करने की शक्ति) बहुत तेज (प्रबल) हो जाती है। अगर यह अग्नि भोजन खाने के बाद भी संतुष्ट न हो तो यह शरीर की धातुओं जैसे रस, रक्त और मांस को पचाने लगती है, जिससे शरीर में कमजोरी और वात दोष की बढ़ोत्तरी होती है। इसलिए हेमंत ऋतुचर्या में ऐसे आहार के सेवन पर बल दिया गया है जो स्वभाव से स्निग्ध (Oily) और मधुर (Sweet) रस प्रधान हो। हेमंत ऋतु की सब्जियां इन जरूरतों को पूरा करने का कुदरती साधन है।

सर्दी की सत्ता

सर्दियों में खाने के कई विकल्प मौजूद होते हैं, लेकिन यहां सबसे खास चीजों के बारे में बताया गया है। इनका उपयोग हर दिन या फिर हफ्ते में 4 से 5 दिन करने से शरीर तंदुरुस्त रहता है।

आंवला
पाएं सेहत और स्वाद

पुरानी कहावत है कि जिस आंगन में आंवले का पेड़ हो, वहां बीमारी निवास नहीं करती यानी हर दिन आंवले के सेवन से शरीर को बहुत फायदा होता है। यह पाचन तंत्र को दुरुस्त करता है और इससे इम्यूनिटी मजबूत होती है। यह विटामिन- C का सबसे बेहतर सोर्स भी है। इससे स्किन की परेशानी दूर होती है। इसे आयुर्वेद में रसायन कहा गया है। यहां रसायन का मतलब है जो बुढ़ापे को दूर करे और जवानी बरकरार रखे। इसके अलावा और भी कई फायदे हैं। हो सके तो इसके मुरब्बे से बचना चाहिए क्योंकि उसमें चीनी होती है।

आंवला रोज 1 ही क्यों?: अगर हम हर दिन एक आंवला, एक बार में या कई बार में, कच्चा या नमक के साथ या फिर उबालकर खाएं तो हमारे शरीर की हर दिन की विटामिन-C की जरूरत पूरी हो जाती है।

- कच्चा या उबला आंवला खड़ा लगे तो उसके साथ नमक (सेंधा बेहतर है) ले सकते हैं। इससे उसका टेस्ट बढ़ जाता है। अगर बीपी की परेशानी है तो नमक न लें।
- हम आंवले का अचार या कैंडी खाते हैं तो भी हमें आंवले में मौजूद कुल विटामिन-C का 60 से 70 फीसदी तक मिल जाता है।

घी
को न करें मिस

आयुर्वेद में घी को सर्वोत्तम स्निग्ध द्रव्य कहा गया है। यह बात (इसके असंतुलन से स्किन सूखी हो जाती है, पैरों की मांसपेशियों में ऐंठन और दर्द रहता है, वजन कम होता है और नींद कम आती है) को संतुलित करने में सबसे असरदार माना जाता है। सर्दियों में वात दोष स्वाभाविक रूप से बढ़ता है, इसलिए घी शरीर को जरूरी स्निग्धता, ताप और पोषण देता है। घी जठराग्नि को संतुलित रखकर भोजन को ठीक तरह से पचाता है। स्किन, जॉइंट, ब्रेन को न्यूट्रीशन देता है। कफ को न बढ़ाते हुए शरीर में ऊर्जा और बल का संचार करता है।

- सर्दियों में रोजाना एक-दो चम्मच देसी गाय का घी भोजन में शामिल करना काफी फायदेमंद है। हर दिन 1 से 2 चम्मच शुद्ध घी का सेवन किया जा सकता है।
- मिलेट्स खाते समय या दूसरे कार्ब्स (चावल, रोटी आदि) में अगर थोड़ी मात्रा में घी मिला दें तो इनका ग्लाइसिमिक इंडेक्स बढ़ जाता है। इससे ये जल्दी एनर्जी रिलीज नहीं करते और शरीर में फैटन ही शुगर लेवल नहीं बढ़ता।

ड्राई फ्रूट्स
और सीड्स का हो मेल

ड्राई फ्रूट्स: ये कई विटामिन्स, मिनरल्स और फाइबर के बेहतरीन सोर्स हैं। ये ज्यादातर उष्ण प्रकृति के होते हैं, इसलिए सर्दियों में खाने से ज्यादा फायदा होता है। अखरोट (2 से 3), बादाम (5 से 8), काजू (2 से 4), किशमिश (आधी से एक मुट्ठी), खजूर (2 से 3) आदि, इनमें से किसी 2 का चुनाव कर लें और हर दिन बदल-बदल कर खाएं। दरअसल, ये सभी सर्दियों के लिए विशेष रूप से उपयुक्त माने जाते हैं। इनके अलावा मेवा शरीर की मांस धातु को पुष्ट करते हैं। कमजोरी, जोड़ों के दर्द और सुस्ती को कम करती हैं। इनमें कुदरती रूप से तेल और प्रोटीन होते हैं जो शरीर को ऊष्मा प्रदान करते हैं। एक और बात का ख्याल रखें कि बादाम को भिगोकर खाना या मेवे को घी के साथ मिलाकर लड्डू के रूप में लेना अच्छा है।

ये सीड्स बढ़ा देंगे इम्यूनिटी

तिल: इंग्लिश में इसे Sesame Seeds कहते हैं। तिल की अहमियत को समझते हुए ही हर साल 14 या 15 जनवरी को मकर संक्रांति या तिल संक्रांति मनाया जाता है। तिल दो तरह के होते हैं, काले और सफेद। ये शरीर में टेस्टोस्टेरोन हार्मोन के स्तर को बनाकर रखने में मदद करते हैं। यह शुगर पेशंट के लिए फायदेमंद है। वह 1 से 2 लड्डू खा सकते हैं।

फ्लैक्स सीड्स: इसे अलसी, तीसी के नाम से भी जाना जाता है। यह आयरन का अच्छा सोर्स है। वेजिटेरियन लोगों के लिए यह ओमेगा-3 फैटी एसिड्स का बेहतरीन सोर्स है। एक दिन में 1 से 2 चम्मच तक खा सकते हैं।

चिया सीड्स: चिया सीड्स को पानी में भिगोकर खाने के बहुत फायदे हैं। इसके फाइबर दूसरे सीड्स जितने सख्त नहीं होते। आधा चम्मच ले सकते हैं।

पंपकिन सीड्स: पंपकिन जो काशीफल, पेठा, सीताफल के नाम से मिलता है, इसकी सब्जी न केवल टेस्टी होती है बल्कि हेल्थ के लिए भी अच्छी होती है। एक चौथाई या आधा चम्मच ले सकते हैं।

मिलेट्स का भी लें मज़ा

रागी, जुआर, बाजरा: ये सभी अच्छे हैं, लेकिन रागी बेहतरीन है। सर्दियों में जरूर खाना चाहिए। कुछ लोग इसे गेहूं के साथ मिलाकर मिक्स्ड यानी मल्टिग्रेन के रूप में भी लेते हैं। अगर किसी को गेहूं पचाने में परेशानी है तो इसे छोड़ भी सकते हैं। ग्लूटेन प्रोटीन से कुछ लोगों को परेशानी होती है। मिलेट्स शरीर में ट्राइग्लिसराइड्स (खून में मौजूद फैट) और सी-रिऐक्टिव प्रोटीन को कम करते हैं। इस वजह से वे हार्ट से जुड़ी समस्याओं को दूर करने में भी मददगार हैं। फाइबर की मात्रा भरपूर होती है। रागी कैल्शियम का बेहतरीन सोर्स है।

- शरीर को भोजन में से पानी जज्ब करने के लिए ज्यादा वक्त मिल जाता है। मिलेट्स से ग्लूटन या नॉन-ग्लूटन एलर्जी की समस्या भी नहीं है। रागी में दूसरे मिलेट्स, चावल, गेहूं आदि की तुलना में बहुत ज्यादा कैल्शियम होता है। इसलिए इसे दूध का विकल्प भी कहा जाता है। वहीं बाजरे में आयरन की अधिकता होती है।

सीज़न के गिफ्ट

यह मौसम हेल्दी खानपान के लिए बेहतरीन है। **ताजे फल, सब्जी, आंवला, ड्राई फ्रूट्स, घी, तिल** आदि खाना बेहद फायदेमंद है।

अगर इस मौसम में सही डाइट रखें तो पूरे साल इम्यूनिटी सही रहती है और हीमोग्लोबिन भी कम नहीं होता।

हर दिन 1 से 3 फल (अमरूद, संतरा, सेब) और **1 प्लेट सलाद** (चुकंदर, गाजर, टमाटर, मूली) खाने से पाचन-पोषण सही रहता है।

हर दिन आंवला से 1 आंवला खाने से विटामिन-C की कमी नहीं होती। धनिया पत्ते के साथ चटनी बनाकर खाना भी फायदेमंद है।

साग (पालक, बथुआ, मेथी, पत्ते वाला प्याज आदि) खाने से खून की कमी नहीं होती और **'जिगर' यानी लिवर दमदार** बना रहता है।

हर दिन के भोजन में **गहरे रंग वाली सब्जी** (लाल बंद गोभी, काली या लाल गाजर, चुकंदर आदि) खाएं तो ये **लिवर, लंग्स** को बहुत भाते हैं।

शुद्ध देसी घी मिल जाए तो 1 से 2 चम्मच हर दिन सेवन करें। घी के अलावा अगर लहसुन खाते हैं तो इसे भी हर दिन शामिल करें।

शिलाजीत कुदरती है और कैल्शियम का अच्छा सोर्स भी। **इम्यूनिटी, बीपी काबू करने में** भी मददगार। इसे कम मात्रा में (1-2 ग्राम) ही लेना चाहिए।

काली मिर्च, दालचीनी, लौंग व इलायची उष्ण (गर्म) और सुगंधकारी होती है। गर्म तासीर की वजह से ये **खून की नलियों को संकुचित नहीं** होने देतीं और बीपी को काबू करने मदद करती हैं।

एक्सपर्ट पैनल

डॉ. एस. के. सरीन
डायरेक्टर,
ILBS



डॉ. महेश व्यास
डीन, ऑल इंडिया इंस्टिट्यूट ऑफ आयुर्वेद

डॉ. आर. पी. पाराशर
वरिष्ठ
आयुर्वेदाचार्य

इंशी खोसला
सीनियर
डाइटिशन

डॉ. आलोक शर्मा
वरिष्ठ
आयुर्वेदाचार्य

डॉ. आनन्द पांडेय
मुख्य चिकित्सक, गंगा आयुर्वेदिक चिकित्सालय

मूली
सस्ती भी, अच्छी भी

आजकल मूली का भाव कम ही रहता है। अमूमन 10 से 30 रुपये प्रति किलो के हिसाब से यह मिल जाती है। लेकिन इसमें गुण भरपूर हैं।

- हमारे कई अंगों और सिस्टम को मजबूत बनाते हैं। मूली में भरपूर मात्रा में वॉटर, फाइबर, विटामिन-C, फोलेट, पोटैशियम और कई तरह के ऐंटिऑक्सिडेंट होते हैं जो **शरीर को अंदर से साफ करने** और पाचन बेहतर बनाने में भूमिका निभाते हैं।
- सबसे बड़ा फायदा हमारे डाइजेस्टिव सिस्टम को होता है। मूली में मौजूद फाइबर कब्ज दूर करता है, गैस कम करता है और पेट को हल्का रखता है।
- यह लिवर और गॉलब्लैडर को भी हेल्प करती है। इसमें मौजूद एजाइम बाइल बनाने में मददगार है।
- यह शरीर को डिटॉक्स करने में भी मददगार है। किडनी को भी मूली फायदा पहुंचाती है। **यह हल्की डाइयूरेटिक (यूरिन बाहर निकालने में)** सब्जी है।
- मूली खाने से डकार की परेशानी हो तो अजवाइन, काला नमक आदि भी थोड़ी मात्रा में रख लें।
- यह दिल के लिए भी फायदेमंद है। इसमें मौजूद पोटैशियम बीपी को काबू में रखने में मददगार है। वहीं, **विटामिन-C की अच्छी मात्रा होने से मूली इम्यून सिस्टम को मजबूत** करती है। यह स्किन की जलन और एक्ने को भी कम करती है।
- **मूली को सलाद के रूप में दूसरी सब्जियों के साथ मिलाकर खाएं।** गाजर, चुकंदर और मूली व टमाटर को मिलाकर बनने वाली सलाद शानदार है। वहीं, सलाद में पत्ते वाली प्याज को भी शामिल कर सकते हैं। इससे फाइबर और ऐंटिऑक्सिडेंट ज्यादा मिलते हैं। ये सब्जियां लंबे समय तक एनर्जी देती हैं। ये फाइबर, बीटा-कैरोटीन (विटामिन A) और ऐंटिऑक्सिडेंट्स से भरपूर होती हैं। ये खून की मात्रा बढ़ाने में भी मददगार हैं। **हर दिन 1 प्लेट (300 से 400 ग्राम) सलाद खाएं या फिर जिन्हें सलाद पचाने में परेशानी हो वे इनका 1 गिलास जूस पी सकते हैं।**

पालक
बथुआ, मेथी हैं गुडलक

ताजा पालक तो अच्छा है ही, इस मौसम में बथुआ, मेथी, सोया (कुछ जगहों पर सुआ बोला जाता है), सरसों साग और इनके अलावा भी कई तरह के साग मिलते हैं। ये सभी विटामिन्स, मिनरल्स, फाइबर्स और ऐंटिऑक्सिडेंट के भंडार हैं। पालक समेत सभी साग में फोलेट नामक ऐसा तत्व पाया जाता है जो शरीर में नई कोशिकाएं बनाने के साथ कोशिकाओं में मौजूद डीएनए की मरम्मत का भी काम करता है। फाइबर, आयरन, विटामिन-C शरीर को हर तरह से स्वस्थ बनाए रखता है।

- ये आयरन, कैल्शियम, फोलेट, और विटामिन K, C, A के सोर्स हैं और खून बनाने में भी मददगार हैं। साथ ही साग इम्यूनिटी भी बढ़ाते हैं। मेथी खासतौर पर शुगर को सही रखने में मददगार है।
- मेथी और सरसों के साग स्वभाव से उष्ण और कटु रस वाले होते हैं। शरीर को आंतरिक गर्माहट देते हैं और पाचन अग्नि को उत्तेजित करते हैं।

लहसुन
की भी सुन लें

हर खाने में खाएं लहसुन। सर्दियों में रोजाना 2 से 4 कली और गर्मियों में 1 से 2 कली खाना सही है।

ऐसे ही खाएं लहसुन: लहसुन को बारीक काटकर या क्रश करके 10 मिनट के लिए छोड़ दें, ताकि लहसुन में मौजूद एलिसिन ऐक्टिव हो जाए। एलिसिन बनने में 10 मिनट का वक्त लगता है। इसी एलिसिन की वजह से लहसुन में औषधीय गुण भी आते हैं। काटकर या क्रश करके फौरन ही खा लेने या पका लेने तो एलिसिन बनने का वक्त नहीं मिलेगा या थोड़ी मात्रा में बनेगा। वहीं पुराने लहसुन की तुलना में ताजा लहसुन को खाना ज्यादा फायदेमंद है। लहसुन एक अच्छा प्रीबायोटिक (यह हमारे गुड फ्लोरा के लिए भोजन है) भी है। लहसुन की छोटी (देसी लहसुन) कली में एलिसिन (फायदेमंद कंपाउंड) की मात्रा कुछ ज्यादा होती है। ये भूख बढ़ाने वाले और भोजन पचाने वाले होते हैं।

फल
ज़रूर खाएं

इस मौसम में कई तरह के फल मिलते हैं। मसलन: **अमरूद, सेब, संतरा, कीनू, अनार** आदि। इनमें से हर दिन कोई एक फल भी खा लें तो कई परेशानियां खत्म हो जाएंगी। अमरूद और सेब तो ऐसे फल हैं जिन्हें सुबह खाली पेट भी खा सकते हैं। इनके अलावा आजकल शरीफा (कस्टर्ड ऐपल) भी काफी मिलता है।

कीनू, माल्टा और संतरे में क्या फर्क?
अक्सर लोग कीनू, माल्टा और संतरे में फर्क नहीं कर पाते। जहां तक खाने के बाद मिलने वाले पोषण की बात है तो तीनों फलों में कोई खास फर्क नहीं होता। संतरा और माल्टा जहां कुदरती फल हैं यानी इन्हें कुदरत ने खुद विकसित किया है, वहीं कीनू का विकास अमेरिका के कैलिफोर्निया में 1935 में किया गया था। इसे बिली लौफ मैहरिन और किन नामक दो फलों के मिश्रण से बनाया गया है। बाद में यह पंजाब, हरियाणा जैसे राज्यों में उगाया जाने लगा।

क्यों खाना चाहिए: ये तीनों फल विटामिन-C, ऐंटिऑक्सिडेंट और फाइबर के बेहतरीन सोर्स हैं। इम्यूनिटी की मजबूती की बात हो या फिर शरीर में हीमोग्लोबिन के उत्पादन की, ऐसे कई कामों के लिए ये बेहतरीन विकल्प हैं।

संतरा

- यह कीनू और माल्टा की तुलना में ज्यादा मीठा और सुगंधित होता है।
- छिलका माल्टा से पतला लेकिन कीनू जितना मुलायम नहीं। छिलका हल्का खुरदरा होता है। रंग हल्का पीला-नारंगी या हरा। आमतौर पर हल्का मीठा, हल्का खट्टा, फ्रेश सुगंध।
- इसकी सुगंध बहुत पसंद की जाती है।

कीनू

- इसमें रस बहुत ज्यादा होता है। रंग चमकीला नारंगी होता है।
- छिलका पतला और आसानी से छिल जाता है। ज्यादातर मीठा होता है। कुछ में हल्की खटास रह सकती है।
- बाजार में मिलने वाला ऑरेंज जूस अक्सर कीनू से ही बनता है।

माल्टा

- संतरे की तुलना में छिलका मोटा और कुछ सख्त होता है। इसको छीलना थोड़ा मुश्किल होता है। अमूमन रंग गहरा होता है। यह नारंगी-लाल हो सकता है।
- यह खट्टा और मीठा, दोनों स्वाद देता है।
- यह भी रसीला होता है लेकिन कीनू जितना नहीं।

CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 14-12-2025 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLPG11 User: cci Time: 12-14-2025 00:23 Color:

ये बहुत निराशाजनक था। हजारों फैंस स्टेडियम में मौजूद थे, क्योंकि वे मेसी से प्यार करते हैं। उम्मीद है कि इस तरह की घटनाएं भविष्य में नहीं होंगी, जिससे देश की छवि को नुकसान पहुंचता है। उम्मीद है कि इससे लोग सबक लेंगे। -बाईचुंग भूटिया, पूर्व कप्तान, भारतीय फुटबॉल टीम

कोलकाता में हुए मिस मैनेजमेंट के बाद GOAT टूर का दूसरा चरण शांति से हुआ संपन्न, आज मुंबई में होंगे लियोनेल

मेसी ने हैदराबाद को किया मंत्रमुग्ध

■ एजेंसियां, हैदराबाद: लियोनेल मेसी का हैदराबाद कार्यक्रम कोलकाता में हुई अफरा-तफरी के बिल्कुल विपरीत रहा। पूरी तैयारी, सटीक योजना और अनुशासन की बदौलत GOAT इंडिया टूर का दूसरा चरण सकारात्मक नोट पर संपन्न हुआ। निजामों के शहर हैदराबाद ने यह दिखा दिया कि इतने बड़े स्तर के आयोजन को कैसे सफलतापूर्वक अंजाम दिया जाता है, जबकि इससे पहले शनिवार को कोलकाता के सिटी ऑफ जॉय में मेसी का दौरा खराब भीड़ प्रबंधन और सुरक्षा में चूक के कारण अव्यवस्था में बदल गया था। प्रसिद्ध अर्जेंटीनी फुटबॉलर ने लगभग खचाखच भरे राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में हैदराबाद के दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया, जहां उन्होंने अपने उन कौशलों की झलक दिखाई, जिन्होंने उन्हें इस खेल के महानतम खिलाड़ियों में शुमार किया है।

कोलकाता में उनके तीन दिवसीय, चार शहरों के GOAT टूर 2025 के पहले चरण में हुई अराजकता के बाद, मेसी शाम करीब 5:40 बजे हैदराबाद पहुंचे। यहां उनका स्वागत तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने ताज फलकनुमा पैलेस में किया। अर्जेंटीनी कप्तान जैसे ही स्टेडियम में दाखिल हुए, दर्शकों का शोर गगनभेदी हो उठा। स्टेडियम में अपने एक घंटे के प्रवास के दौरान मेसी पूरी तरह सहज नजर आए।

रोड्रिगो डी पॉल | लुईस सुआरेज

हैदराबाद में कार्यक्रम के दौरान लियोनेल मेसी

रूम नंबर 730

मेसी करीब 3 बजे सुबह कोलकाता एयरपोर्ट पहुंचे। एयरपोर्ट से लेकर होटल तक सड़क के दोनों तरफ फैंस मेसी की एक झलक पाने को बेताब दिखे। मेसी के लिए हयात रीजेंसी होटल का कमरा नंबर 730 आरक्षित था। सुरक्षा के दृष्टिकोण से पूरा सातवां फ्लोर आरक्षित था।

प्रतिमा का अनावरण

मेसी ने इस अफरा-तफरी से पहले अपनी 70 फुट की प्रतिमा का वर्चुअली अनावरण किया। यह प्रतिमा कोलकाता के बिग बेन और डिएगो माराडोना की प्रतिमा के पास स्थित है। इस कार्यक्रम के दौरान बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान ने भी मेसी से मुलाकात की।

आगे का कार्यक्रम

मेसी आज मुंबई में होंगे और कई हाई-प्रोफाइल शो में हिस्सा लेंगे। उनके कार्यक्रमों में रात में एक चैरिटी फैशन शो होगा। मेसी अपने कार्यक्रम के अंतिम पड़ाव में 15 दिसंबर को दिल्ली पहुंचेंगे। अरुण जेटली स्टेडियम में आयोजित एक खास कार्यक्रम में वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलेंगे।

लियोनेल मेसी के कोलकाता के कार्यक्रम में दर्शकों ने मचाया उत्पात

कोलकाता मिस-मैनेजमेंट के बाद मुंबई में बढ़ी सुरक्षा

मुंबई: लियोनेल मेसी के रविवार को मुंबई दौरे को देखते हुए शहर की पुलिस ने कड़े सुरक्षा इंतजाम किए हैं। अधिकारियों ने बताया कि स्टेडियम के भीतर पानी की बोतलें, धातु की वस्तुएं और सिक्के ले जाने की अनुमति नहीं होगी। पुलिस ने कहा कि इनके साथ ही भीड़ पर नजर रखने के लिए 'वॉच टावर' भी लगाए जाएंगे। पुलिस ने कहा कि किसी भी तरह की भगदड़ जैसी स्थिति से बचने और कोलकाता में हुई अव्यवस्था की पुनरावृत्ति रोकने के लिए अतिरिक्त सावधानी बरती जा रही है। मेसी मुंबई में क्रिकेट क्लब ऑफ इंडिया में 'पैडल जीओएटी कप' कार्यक्रम के बाद एक सेलिब्रिटी फुटबॉल मैच में हिस्सा लेने की उम्मीद है।

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

भारतीय फुटबॉल का बुरा दौर

लियोनेल मेसी तीन दिनों के भारत दौरे पर हैं जिसकी शुरुआत कोलकाता से हुई। उनका यह दौरा ऐसे समय में हो रहा है जब भारतीय फुटबॉल अपने सबसे खराब दौर से गुजर रहा है। भारत फीफा वर्ल्ड रैंकिंग्स में 142वें स्थान पर खिसक गया है जो 2016 के बाद उसकी सबसे खराब रैंकिंग्स है। यही नहीं, मौजूदा सीजन का लगभग आधा समय बीत जाने के बाद बावजूद घरेलू फुटबॉल की शीर्ष प्रतियोगिता इंडियन सुपर लीग (ISL) के शुरू होने को लेकर कोई स्पष्टता नहीं है।

मेसी ने कहा, यहां आकर मुझे खुशी हुई

मेसी ने अनुवादक के माध्यम से दर्शकों को संबोधित करते हुए कहा, 'आप सभी द्वारा दिखाए गए प्यार और स्नेह के बीच हैदराबाद में आकर मुझे बहुत खुशी हो रही है।' मेसी ने अपने इंटर मियामी के साथी खिलाड़ियों लुईस सुआरेज और रोड्रिगो डी पॉल के साथ GOAT कप पेनल्टी शूटआउट में हिस्सा लिया। इस दौरान मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी भी फुटबॉल किट में मैदान पर नजर आए। कार्यक्रम के अंत में वरिष्ठ कांग्रेस नेता राहुल गांधी भी खिलाड़ियों की इस तिकड़ी और मुख्यमंत्री रेड्डी के साथ सम्मान समारोह में शामिल हुए। खिलाड़ियों ने बच्चों के साथ फुटबॉल क्लिनिक भी आयोजित किया, इसके बाद वे स्टेडियम से रवाना हुए।

12

विकेट लिए थे वरुण चक्रवर्ती ने भारत और साउथ अफ्रीका के बीच 2024/25 में हुई सीरीज में। यह दोनों देशों के बीच हुई एक सीरीज में किसी बॉलर द्वारा सर्वाधिक विकेट लेने का रेकॉर्ड है

स्पोर्ट्स QUIZ

इस पेज पर छपी खबरों में ही इन सवालों का जवाब है।

1. लियोनेल मेसी का 'G.O.A.T 2025' टूर किस शहर में खत्म होगा?
A) कोलकाता B) दिल्ली C) मुंबई D) हैदराबाद
2. भारत और साउथ अफ्रीका के बीच अभी तक कितने टी20I मैच खेले गए हैं?
A) 19 B) 13 C) 33 D) 35

कल के जवाब
1. D) जैकब डफी 2. C) दसवें

लकी WINNER

1. एंजेल शर्मा, पश्चिम विहार, दिल्ली
2. दिनेश शर्मा, गाजियाबाद, यूपी
3. जीतलाल गुप्ता, कोलीवाड़ा, मुंबई

आप अपने जवाब हमें **9319282367** पर अपने नाम, तस्वीर और शहर/गांव के नाम के साथ वॉट्सऐप करें। एक 'लकी विनर' का नाम और तस्वीर हम कल के अंक में छापेंगे। दो अन्य विजेताओं के नाम भी प्रकाशित होंगे।

फटाफट खबरें

मुंबई-हरियाणा की भिड़ंत

■ नई दिल्ली: सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के सुपर लीग स्टेज में आज मुंबई और हरियाणा की भिड़ंत पुणे स्थित ग्राउंड में होगी। मुंबई अपना पहला मैच हार चुकी है जबकि हरियाणा ने इस स्टेज की शुरुआत जीत के साथ की है। अन्य मैचों में आंध्र प्रदेश की टीम पंजाब का सामना करेगी। हैदराबाद और राजस्थान एक दूसरे से भिड़ेंगे।

मैं फिट हूं: ख्वाजा

■ एडिलेड: ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा ने एशेज के तीसरे टेस्ट से पहले खुद को पूरी तरह फिट बताया, लेकिन प्लेइंग इलेवन में जगह को चयनकर्ताओं का फैसला करार दिया। ख्वाजा ने कहा कि वह एडिलेड टेस्ट खेलने के लिए 100 प्रतिशत तैयार हैं। ब्रिसबेन टेस्ट में चोट के कारण बाहर रहे ख्वाजा को अगर मौका मिला तो उन्हें मध्यक्रम में उतरना पड़ सकता है।

फिटनेस पर है ध्यान

■ नई दिल्ली: ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड ने कहा है कि चोट के बावजूद उनका शरीर अब भी पहले जैसा मजबूत है। हैमस्ट्रिंग इंजरी के कारण एशेज से बाहर हुए हेजलवुड जल्द वापसी को लेकर आशावादी हैं। उन्होंने कहा कि वह तीनों फॉर्मेट खेलने के लिए प्रतिबद्ध हैं और फिटनेस पर पूरा ध्यान दे रहे हैं।

एंजर्स ने जीता मैच

■ पैरिस: फ्रेंच लीग में एंजर्स ने नांतेस को 4-1 से हराकर शानदार जीत दर्ज की और अंक तालिका में टॉप-10 में जगह बनाई। एब्डेली ने पेनल्टी से खाता खोला, जबकि चेरिफ ने दूसरा गोल दागा।

सीरीज के तीसरे मुकाबले में होंगी शुभमान पर निगाहें

भारत vs साउथ अफ्रीका
टी20I सीरीज, धर्मशाला

आज चढ़ेगा धर्मशाला का पारा

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: उत्तरी भारत में तापमान हर दिन नीचे की ओर जा रहा है, लेकिन रविवार को धर्मशाला का पारा चढ़ जाएगा जब भारत और साउथ अफ्रीका की टीमें सीरीज के तीसरे टी20I मुकाबले के लिए हिमाचल प्रदेश क्रिकेट असोसिएशन के खूबसूरत मैदान पर आमने-सामने होंगी। सीरीज अभी 1-1 की बराबरी पर है, लेकिन तीसरे मुकाबले में दबाव भारत पर होगा क्योंकि टीम के कप्तान और उप-कप्तान पूरी तरह आउट ऑफ फॉर्म नजर आ रहे हैं।

इस मुकाबले में सबसे ज्यादा निगाहें शुभमान गिल की बल्लेबाजी पर होंगी। संजू सैमसन जैसे स्थापित सलामी बल्लेबाज की जगह टीम में शामिल किए गए गिल अब तक टी20 प्रारूप में अपने चयन को सही साबित नहीं कर पाए हैं। टी20 वर्ल्ड कप में अब सिर्फ छह हफ्ते का समय बचा है और ऐसे में गिल के लिए यह मुकाबला बेहद अहम माना जा रहा है। गिल को सीरीज के बाकी तीन मैचों में लगातार मौके मिलने की संभावना है, लेकिन यह भरोसा प्रदर्शन से जुड़ा है।

कप्तान की फॉर्म भी खराब: धर्मशाला में 10 डिग्री से नीचे रहने वाले तापमान और धौलाधार की ठंडी हवाओं के बीच भारतीय ड्रेसिंग रूम का माहौल गर्म रहना तय है। कप्तान सूर्यकुमार यादव की लंबे समय से खराब फॉर्म भी टीम प्रबंधन के लिए चिंता का विषय बनी हुई है, जबकि उपकप्तान गिल से भी अपेक्षित योगदान नहीं मिल पाया है। सूर्य पिछली 20 पारियों में एक भी अर्धशतक जमाने में विफल रहे हैं, जबकि उपकप्तान के लिए यह सिलसिला 17 पारियों का हो चुका है।

मजबूत है विपक्षी टीम: साउथ अफ्रीका की तेज गेंदबाजी इकाई पहले ही दिखा चुकी है कि वह भारतीय हालात में असरदार साबित हो सकती है। साउथ अफ्रीका की टीम मौजूदा दौर में उपमहाद्वीप में खिताब जीतने की सबसे मजबूत दावेदारों में गिनी जा रही है। क्विंटन डीकॉक की वापसी के साथ एडेन मार्करम, डेवाल्ड ब्रेविस, डोनोवन फरेरा, डेविड मिलर और ऑलराउंडर मार्को यानसेन ने उनकी बल्लेबाजी को खतरनाक गहराई दी है।

1 विकेट दूर हैं वरुण चक्रवर्ती टी20 इंटरनैशनल में 50 विकेट के आंकड़े से। वो ऐसा करने वाले 12वें भारतीय बोलर बनेंगे

वाइड बॉल चैलेंज

प्रैक्टिस करते शुभमान गिल

आमने-सामने



पिच एवं मौसम

पिच बैटिंग के लिए मददगार होगी। धर्मशाला में अभी तक कुल 10 इंटरनैशनल टी20 मुकाबले खेले गए हैं। यहां टीम का ऐवरेज स्कोर 155 रहा है। इस मैदान पर साउथ अफ्रीका टीम भारत के खिलाफ 200 रन भी चेज कर चुकी है। धर्मशाला का मौसम शाम के मुकाबले के लिए ठंडा साबित होगा, जिसकी वजह से पेसर्स को सहायता मिलेगी।

टेलिकास्ट: शाम 7 बजे से स्टार स्पोर्ट्स और जियोहॉटस्टार पर

संभावित प्लेइंग XI

भारत: अभिषेक शर्मा, शुभमान गिल, सूर्यकुमार यादव (कप्तान), तिलक वर्मा, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, अर्शदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती, जसप्रीत बुमराह

साउथ अफ्रीका: क्विंटन डीकॉक (विकेटकीपर), एडेन मार्करम (कप्तान), ट्रिस्टान स्टब्स, डेवाल्ड ब्रेविस, डेविड मिलर, डोनोवन फरेरा, मार्को यानसेन, जॉर्ज लिंडे, लुंगी एनगिडी, ओटनील बार्टमैन, एनरिख नॉर्त्जे

पाक के खिलाफ मैच, सूर्यवंशी पर निगाहें

भारत Vs पाकिस्तान
अंडर-19 वनडे एशिया कप

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: भारतीय अंडर-19 टीम के सामने आज दुबई में एशिया कप के मुकाबले में पाकिस्तान की चुनौती होगी। इस मुकाबले में सबकी निगाहें वैभव सूर्यवंशी और समीर मिन्हास पर होंगी। सूर्यवंशी ने भारत के लिए पहले मुकाबले में ही 171 रन की लाजवाब पारी खेली थी। इस पारी की बदौलत भारतीय टीम ने टूर्नामेंट में अपने अभियान की शुरुआत जीत के साथ की थी। भारत ने यूएई को अपने पहले मैच में 234 रन के बड़े अंतर से हराया था। वहीं, पाकिस्तान ने समीर की नाबाद 177 रन की पारी की बदौलत मलेशिया के खिलाफ अपने पहले मैच में जीत हासिल की थी।

पहले मैच में वैभव ने 171 रन बनाए थे

पाकिस्तान का पलड़ा भारी: भारत की मौजूदा अंडर-19 टीम पाकिस्तान के खिलाफ स्कोर बराबर करने के इरादे से भी उतरेगी। दोनों एशियन टीमों के बीच पिछले तीन मुकाबले लगातार पाकिस्तान ने जीते हैं। भारत को पाकिस्तान अंडर-19 टीम के खिलाफ यूथ वनडे एशिया कप में आखिरी जीत 2020 में मिली थी। उसके बाद साल 2021, 2023 और 2024 में हुई मुकाबले पाकिस्तान की टीम ने अपने नाम किए। ऐसे में भारतीय अंडर-19 टीम पाकिस्तान के खिलाफ एक बार फिर अपना दबदबा स्थापित करना चाहेगी।

'नो-हैंडशेक' पॉलिसी यहां भी रहेगी जारी?

नजरें इस बात पर होंगी कि क्या भारतीय अंडर-19 टीम 'नो हैंडशेक' नीति जारी रखती है या नहीं। सीनियर मेंस और विमिंस टीम ने अपने-अपने टूर्नामेंट में पाकिस्तान के खिलाफ हाथ मिलाने से इनकार किया था। लेकिन जूनियर क्रिकेट के मामले में ICC राजनीति से दूरी बनाए रखना चाहता है। पीटीआई की रिपोर्ट के मुताबिक अंतिम फैसला भारतीय क्रिकेट बोर्ड BCCI को लेना है।

प्लेयर्स किसी भी क्रम पर बैटिंग को तैयार: तिलक

■ धर्मशाला: भारतीय बल्लेबाज तिलक वर्मा ने बल्लेबाजी क्रम में लचीलापन रखने की टीम प्रबंधन की सोच का समर्थन करते हुए कहा कि मौजूदा भारतीय टीम के अधिकांश खिलाड़ी मैच की जरूरत के हिसाब से किसी भी क्रम पर उतरने के लिए तैयार हैं। मैच से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में तिलक ने कहा कि इस फॉर्मेट में हालात के मुताबिक खुद को ढालना सबसे अहम है। उन्होंने कहा, 'ओपनर्स को छोड़कर सभी किसी भी क्रम पर खेल सकते हैं। मैं तीसरे से छठे नंबर तक कहीं भी खेल सकता हूं, जहां टीम को मेरी जरूरत हो। हर टीम को लगता है कि कोई फैसला रणनीति की दृष्टि से जरूरी है तो सभी उसके साथ होते हैं।' उन्होंने स्पष्ट किया कि एक-दो मैचों के नतीजों से किसी खिलाड़ी का आकलन नहीं किया जाना चाहिए।

प्रेस कॉन्फ्रेंस से

भारतीय बैटर तिलक वर्मा

टी20 वर्ल्ड कप पोस्टर देख PCB हुआ नाराज़

■ एजेंसियां, कराची: अगले साल होने वाले टी20 वर्ल्ड कप के टिकट बिक्री अभियान को लेकर पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (PCB) ने ICC के सामने नाराजगी जताई है। PCB की नाराजगी का कारण प्रचार पोस्टर में पाकिस्तानी कप्तान सलमान अली आगा की तस्वीर शामिल नहीं की जाना है। PCB के सूत्र के मुताबिक इस मुद्दे को ICC के समक्ष औपचारिक रूप से उठाया गया है। पोस्टर में भारत के सूर्यकुमार यादव, साउथ अफ्रीका के एडेन मार्करम, ऑस्ट्रेलिया के मिचेल मार्श, श्रीलंका के दासुन शनाका और इंग्लैंड के हैरी ब्रूक हैं।

क्रिकेट कनेक्ट

पहली बार जीते हरिकेंस

होबार्ट: होबार्ट हरिकेंस ने विमिंस बिग बैश लीग (WBBL) 2025 का खिताब जीतकर इतिहास रच दिया। फाइनल में टीम ने पर्थ स्कॉर्चर्स को आठ विकेट से हराकर पहली बार ट्रॉफी अपने नाम की।

उन्नति और ईशा के बीच होगी खिताबी जंग

■ कटक: शीर्ष वरीय उन्नति हुड्डा और हमवतन ईशारानी बरुआ ने शनिवार को यहां ओडिशा मास्टर्स सुपर 100 बैडमिंटन टूर्नामेंट में अपने सेमीफाइनल मैच जीतकर विमिंस सिंगल्स फाइनल में जगह बना ली। अठारह वर्षीय हुड्डा टूर्नामेंट के 2022 चरण और 2023 अबूधाबी मास्टर्स की विजेता रह चुकी हैं। हुड्डा ने सेमीफाइनल में तसनीम मीर पर 18-21, 21-16, 21-16 से जीत दर्ज की। दूसरे सेमीफाइनल में असम की ईशारानी ने तन्वी हेमंत को 18-21, 21-7, 21-7 से हराया। मेंस सिंगल्स में भारत के किरण जॉर्ज और इंडोनेशिया के मोहम्मद युसुफ के बीच फाइनल होगा।

ओडिशा मास्टर्स बैडमिंटन

उन्नति हुड्डा

रेज़ा ने 2 गोल्ड मेडल पर लगाया निशाना

■ एजेंसियां, नई दिल्ली: पैरिस ओलिंपियन रेजा ढिल्लों ने नैशनल शूटिंग चैंपियनशिप में दो गोल्ड मेडल अपने नाम किए। उन्होंने विमिंस सीनियर और जूनियर दोनों वर्गों में स्कीट में गोल्ड मेडल झटका। इक्कीस वर्ष की इस भारतीय शूटर ने विमिंस सीनियर के फाइनल में 56 स्कोर करके यशस्वी राठौड़ को हराया। यशस्वी ने 55 अंक के साथ सिल्वर से संतोष किया। ओलिंपियन गनीमत सेखों को ब्रॉन्ज मेडल मिला।

नैशनल शूटिंग चैंपियनशिप

रेजा ढिल्लों

विक्टर के दो गोल से जिरोना ने दर्ज की जीत

■ एजेंसियां, मैड्रिड: यूक्रेन के स्ट्राइकर विक्टर त्सिगानकोव के आखिरी 15 मिनट में दो गोल की मदद से जिरोना ने स्पेन की शीर्ष घरेलू फुटबॉल लीग में रियाल सोसिएदाद पर 2-1 से जीत हासिल की। यह 'ला लीगा' के मौजूदा सीजन में प्रतिद्वंद्वी टीम के मैदान पर जिरोना की पहली जीत है।

लिपजिग शीर्ष की रेस में पिछड़ा: यूनियन बर्लिन के खिलाफ शनिवार को 3-1 से मिली हार के बाद आरबी लिपजिग जर्मनी की फुटबॉल लीग बुंडेसलीगा में टॉप पोजिशन की रेस में पिछड़ गया है। दूसरे स्थान पर कायम लिपजिग के 29 अंक हैं, जबकि बायर्न म्यूनिख 12 जीत और 37 अंक के साथ शीर्ष पर मौजूद है।

फुटबॉल कॉर्नर



त्सिगानकोव

सुप्रीम कोर्ट का आदेश, सभी हाई कोर्ट पेंडिंग UAPA केसों की जांच करें

Rajesh.Choudhary
@timesofindia.com

■ नई दिल्ली: सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को सभी हाई कोर्ट्स को निर्देश दिया है कि वे अनलॉफुल एक्टिविटी (प्रिवेंशन) एक्ट यानी UAPA जैसे कानूनों के तहत लंबित मामलों की विस्तृत हालात की जांच करें। अदालत ने कहा कि ऐसे मामलों में, जहां खुद को निर्दोष साबित करने का भार आरोपी पर होता है, हाई कोर्ट्स को पेंडिंग ट्रायल्स का आकलन करना होगा।

5 साल से अधिक पुराने मामलों में रोजाना सुनवाई का निर्देश

सुप्रीम कोर्ट ने हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीशों से यह भी कहा कि वे यह सुनिश्चित करें कि इन मामलों की सुनवाई के लिए कितनी विशेष अदालतें बनी हैं और सरकारी वकीलों की नियुक्ति की स्थिति क्या है। अदालत ने स्पष्ट निर्देश दिया कि पांच साल से अधिक समय से लंबित मामलों की प्राथमिकता के आधार पर हर दिन सुनवाई कराई जाए। ये निर्देश उस समय दिए गए जब सुप्रीम कोर्ट 2010 के ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस ट्रेन हादसे में कोलकाता हाई कोर्ट द्वारा आरोपियों को दी गई जमानत के खिलाफ सीबीआई की याचिकाओं पर फैसला सुना रहा था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हाई कोर्ट ने जमानत देने में गलती की थी लेकिन घटना को लंबा समय बीत जाने और आरोपियों द्वारा जमानत शर्तों का दुरुपयोग न करने को देखते हुए इस चरण पर उनकी जमानत रद्द नहीं की जा सकती।

BMW केस में SC बोला- ऐसे लड़कों को सबक जरूरी

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: सुप्रीम कोर्ट ने 2024 के चर्चित मुंबई BMW हिट-एंड-रन मामले में आरोपित मिहिर शाह की जमानत याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया। अदालत ने कहा कि इनको कुछ समय तक अंदर रहना चाहिए, ऐसे लड़कों को सबक सिखाने की जरूरत है। जस्टिस दीपांकर दत्ता की अगुवाई वाली बेंच ने कहा कि आरोपित एक संपन्न परिवार से है और उसके पिता उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले शिवसेना धड़े से जुड़े रहे हैं। अदालत ने कहा कि यह अपनी मर्सिडीज शेड में खड़ा करता है, BMW निकालता है, टक्कर मारता है और फरार हो जाता है। अब कुछ समय अंदर ही रहने दें।

स्कूल में बच्चों का बोझ कम करने के लिए संसद में हुई चर्चा

Bhupender.Sharma
@timesofindia.com

■ नई दिल्ली: राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में साफ कहा गया है कि स्कूल बैग के वजन को कम करने के लिए ठोस प्रयास करने होंगे। इसके बाद सीबीएसई, एनसीईआरटी, केंद्रीय विद्यालय संगठन, नवोदय विद्यालय संगठन की विशेषज्ञ कमिटी ने स्कूल बैग नीति भी बनाई और हर क्लास के स्कूल बैग के वजन की अधिकतम सीमा भी तय की गई।

संसद में इस बारे में एक सवाल भी पूछा गया था, जिसके लिखित जवाब में स्कूल बैग के वजन को कम करने और देश के सभी स्कूलों के वार्षिक कैलेंडर में 10 बैगलेस (Bagless Days) के नियम को अनिवार्य रूप से शामिल करने की बात कही गई है।

शिक्षा मंत्रालय ने सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी के एक सवाल के जवाब में लोकसभा में बताया है कि NBP 2020 के अनुसार प्री-प्राइमरी स्टूडेंट्स को स्कूल बैग नहीं ले जाना चाहिए।

'प्राइवेट स्कूलों पर रखनी होगी नजर'

सांसद ने कहा, स्कूलों में बैगलेस डेज भी शुरू हुए हैं। यह एक अच्छी शुरुआत है और उम्मीद की जानी चाहिए कि इससे स्कूल बैग का वजन कम होगा। सरकार को स्कूल बैग के वजन पर नजर भी रखनी होगी क्योंकि चंद प्राइवेट स्कूल पैसे कमाने के चक्कर में जिस प्रकार प्रकाशकों के साथ हाथ मिला लेते हैं, उसका दंड बच्चों को भारी बैग उठाकर भोगना पड़ता है।

आईएमए देहरादून से पास महिला अफसर पहली बार सेना में शामिल

■ NBT रिपोर्ट, देहरादून: देश की प्रतिष्ठित सैन्य प्रशिक्षण संस्था भारतीय सैन्य अकादमी (आईएमए) देहरादून से पहली बार किसी महिला अधिकारी ने प्रशिक्षण पूरा कर सेना में कमीशन पाया है। महाराष्ट्र के कोल्हापुर की रहने वाली सई जाधव ने भारतीय सैन्य अकादमी से पास आउट होकर आईएमए देहरादून के 93 वर्षों के गौरवशाली इतिहास में एक नया कीर्तिमान बनाया है।

वे आईएमए से पास आउट होने वाली पहली महिला सैन्य अधिकारी बन गई हैं। साल 1932 में स्थापित भारतीय सैन्य अकादमी अब तक करीब 67 हजार ऑफिसर्स कैडेट्स को प्रशिक्षण दे चुकी है। लेकिन इतने लंबे इतिहास में यह पहला अवसर है जब अकादमी से कोई महिला अधिकारी सैन्य प्रशिक्षण पूरा कर सेना का हिस्सा बनी है। अब से हालांकि आगामी जून में होने वाली पासिंग आउट परेड में पहली बार महिला ऑफिसर्स कैडेट्स परेड करते हुए नजर आएंगी और यह अकादमी का पहला महिला अधिकारियों का बैच होगा। लेकिन उससे पहले ही सई जाधव ने अकेले पास आउट होकर यह ऐतिहासिक उपलब्धि अपने नाम कर ली है। अकेली महिला ऑफिसर कैडेट के रूप में पास आउट हुई सई जाधव औपचारिक पासिंग आउट परेड का हिस्सा नहीं बनीं। पीपिंग सेरेमनी के दौरान उनके परिजनों ने उनके कंधों पर सितारे लगाए।

सेरेमनी के दौरान सई जाधव के परिवारीजनों ने उनके कंधों पर सितारे लगाए।

युवा अफसरों के साथ थल सेनाध्यक्ष ने लगाए पुश-अप्स

आईएमए से पास आउट हुए नए युवा अधिकारियों के साथ पुश-अप्स लगाकर जश्न मनाने की परंपरा इस बार और खास बन गई, क्योंकि खुद थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी भी इसमें शामिल हुए। उन्होंने युवा ऑफिसर्स के साथ 12 सेकंड में 18 पुश-अप्स लगाए।

CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 14-12-2025 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLBP User: cci Time: 12-14-2025 00:25 Color:

NBT AI टाइम मशीन

जब साउथ पोल पर पड़े थे इंसानी कदम

आज ही के दिन नॉर्वे के एक्सप्लोरर रोआल्ड अमुंडसेन साउथ पोल पर पहुंचने वाले पहले व्यक्ति बने थे। इस रेस में उनकी टक्कर ब्रिटेन के रॉबर्ट फाल्कन स्कॉट की टीम से थी। अमुंडसेन ने ये रेस जीत ली। उन्होंने डॉग स्लेड्स (कुत्तों द्वारा खींची जाने वाली गाड़ियां) का इस्तेमाल किया, जो बर्फीले रास्तों के लिए बहुत कारगर थी। अमुंडसेन पहले ऐसे व्यक्ति भी थे जो उत्तरी ध्रुव और दक्षिणी ध्रुव दोनों पर पहुंचे थे।

NBT

Front Page-2

भविष्य में पर्यटन संभव लेकिन लिमिट में

ChatGPT के अनुसार, अंटार्कटिका का भविष्य दो मुख्य आधारों पर टिका है- गहन वैज्ञानिक रिसर्च और पर्यावरण संरक्षण। यह महाद्वीप ग्लोबल वॉर्मिंग और समुद्र के स्तर पर बर्फ पिघलने के असर को समझने के लिए दुनियाभर के वैज्ञानिकों का केंद्र बना रहेगा। कुछ दशकों में साउथ पोल पर पर्यटन तेजी से बढ़ा है, जिससे प्रदूषण और वन्यजीवों की अशांति का खतरा बढ़ गया है। भविष्य में पर्यटन गतिविधियों को नियंत्रित करने के लिए कड़े नियम लागू किए जाएंगे।



AI Image

DGCA ने वे 4 अफसर हटाए, जो 'टीम' में थे ही नहीं

एक इंस्पेक्टर कैंसर से पीड़ित, कुछ दिन पहले कर चुके थे रिज़ाइन

Maneesh.Aggarwal
@timesofindia.com

■ केवल सब्जेक्ट मैटर एक्सपर्ट (SME) के तौर पर DGCA में काम कर रहे थे चारों

■ नई दिल्ली: इंडिगो संकट के बीच DGCA द्वारा 11 दिसंबर को फ्लाइट ऑपरेशंस से जुड़े चार सीनियर इंस्पेक्टरों को हटाए जाने के मामले में कई चौंकाने वाली बातें सामने आई हैं। सूत्रों के मुताबिक जिन अधिकारियों को हटाया गया, उनमें से एक साउथ दिल्ली में रहने वाले फ्लाइट ऑपरेशंस इंस्पेक्टर (FOI) कैप्टन अनिल कुमार पोखरियाल कैंसर से जूझ रहे हैं और पिछले डेढ़ महीने से बार-बार अस्पताल में भर्ती हो रहे हैं। स्वास्थ्य खराब होने की वजह से उन्होंने कुछ समय पहले ही खुद रिजाइन दे दिया था और वे इंडिगो से जुड़े किसी भी काम को नहीं देख रहे थे।

इसके बावजूद DGCA ने बिना उचित जांच किए, उनका नाम भी हटाए गए अधिकारियों की लिस्ट में डाल दिया। इस बारे में जब DGCA के एक सीनियर अधिकारी से बात की गई तो उन्होंने कहा कि इस बारे में पता किया जाएगा। सूत्रों के मुताबिक कैप्टन ऋषिराज चटर्जी, कैप्टन सीमा झामनानी, कैप्टन अनिल कुमार पोखरियाल और कैप्टन प्रियम कौशिक उस विंग का हिस्सा ही नहीं थे जो इंडिगो के लिए लागू FDTL (फ्लाइट ड्यूटी टाइम लिमिटेशंस) नियमों की मॉनिटरिंग कर रही थी। वह चारों तो केवल सब्जेक्ट मैटर एक्सपर्ट (SME) के तौर पर DGCA में काम कर रहे थे।

जानकारों ने बताया कि FDTL नियमों की निगरानी के लिए DGCA में एक अलग टीम बनाई गई थी। इसमें तीन अधिकारी तैनात थे लेकिन न तो उनका नाम सामने आया और न ही उन पर कोई कार्रवाई हुई। इसके उलट जिन चार FOI को हटाया गया, उनकी भूमिका रोजमर्रा के ऑपरेशन से जुड़ी सूचनाएं इंडिगो से लेकर DGCA तक पहुंचाने और DGCA के आदेश इंडिगो को बताने तक सीमित थी। उन्हें कभी भी पायलटों की संख्या या FDTL अनुपालन की मॉनिटरिंग की जिम्मेदारी नहीं दी गई थी।



File

24 घंटे में नोटिस के बाद हुई थी बर्खास्तगी

सूत्रों ने बताया कि इंडिगो से जुड़ा मामला 2 दिसंबर को सामने आया लेकिन 10 दिसंबर की शाम 7 बजे तक DGCA चीफ फैज अहमद किदवई या किसी सीनियर अधिकारी ने इन चारों FOI से कोई बातचीत नहीं की। अचानक 10 दिसंबर शाम 7 बजे कारण बताओ नोटिस दिए गए और बिना उनका पक्ष सुने 11 दिसंबर की शाम 7 बजे उन्हें DGCA से रिलीव कर मूल एयरलाइंस में वापस भेजने का आदेश दे दिया गया। उन्हें सफाई देने का भी मौका नहीं मिला। चारों FOI कॉन्ट्रैक्ट पर DGCA में थे और अन्य एयरलाइंस/कंपनियों से आए थे। सूत्रों का कहना है कि यह पूरा कदम DGCA के कुछ सीनियर अधिकारियों की लापरवाही छिपाने के लिए उठाया गया ताकि नीचे के अधिकारियों पर कार्रवाई कर मामला शांत किया जा सके।

इंडिगो लीडरशिप पर होगा ऐक्शन!

इंडिगो संकट मामले में डीजीसीए की कार्रवाई के बाद अब एयरलाइन की टॉप लीडरशिप पर भी ऐक्शन की संभावना बढ़ गई है। सूत्रों के मुताबिक डीजीसीए को कई गंभीर खामियां मिली हैं, जिनसे साफ होता है कि संकट की जड़ें अंदर ही अंदर गहराती रहीं और मैनेजमेंट समय रहते इन्हें समझ नहीं पाया। इसलिए इंडिगो के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर (COO) इसिड्रे पोर्केरस ओरिया को हटाया जा सकता है। नवंबर 2024 में जिम्मेदारी संभालने के बाद पायलटों के साथ पहली डायरेक्ट मीटिंग में उन्होंने साफ कहा था कि वो यहां दोस्त बनाने नहीं, बिजनेस करने आए हैं। उनके आने के बाद कई बड़े बदलाव हुए, जो सिस्टम के खिलाफ साबित हुए। पायलटों और क्रू की हेल्प टीम से डायरेक्ट बात कर समस्याओं का समाधान करने की प्रक्रिया खत्म कर दी गई और इसकी जगह चैटबॉट ने ले ली। इसके बाद रोस्टर सिस्टम बदला गया, जिससे नाइट स्टे और ड्यूटी बढ़ने लगी।

दिल्ली-NCR में प्रदूषण बढ़ा, लागू हुई GRAP-4 की पाबंदी



■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : दिल्ली-एनसीआर में शनिवार को प्रदूषण इतनी तेजी से बढ़ा की कमिशन फॉर एयर क्वॉलिटी मैनेजमेंट (CAQM) ने सुबह GRAP-3 लागू किया। शाम होते-होते GRAP-4 लागू करना पड़ा। CAQM ने बताया कि शाम 4 बजे AQI 431 था। शाम 6 बजे यह बढ़कर 441 हो गया। इस साल पहली बार GRAP-4 लागू किया गया है। इसके तहत सरकारी स्कूलों-दफ्तरों में 50% कर्मियों को वर्क फ्रॉम होम करना होगा। पहली से छठी और 11वीं क्लास हाइब्रिड मोड पर चलेंगी। जरूरी सामान छोड़कर बाकी ट्रकों की दिल्ली में एंट्री बैन की गई।

अब फोटो छपवाने का मौका भी

खबरों का ज्ञान

रोज की खबरों पर कितनी पैनी नजर है, आजमाएं

1 किस वीजा पर फीस के विरोध में अमेरिका के 19 राज्यों ने राष्ट्रपति ट्रंप पर केस किया है?
A. H-1B वीजा B. गोल्डन वीजा C. B-1H वीजा

2 UP BJP अध्यक्ष के लिए एक ही उम्मीदवार ने पर्चा भरा है, उनका नाम?
A. पवन चौधरी B. पंकज चौधरी C. पवन गुप्ता

3 इनमें से किस स्टेडियम में फुटबॉलर लियोनेल मैसी के कोलकाता कार्यक्रम के दौरान अफरातफरी मची?
A. सॉल्ट लेक स्टेडियम B. श्री कांतीरवा स्टेडियम C. JLN स्टेडियम

4 तिरुवनंतपुरम नगर निकाय चुनाव में किस पार्टी ने जीत दर्ज की? A. कांग्रेस B. LDF C. BJP

5 ईरान में पूर्व नोबेल शांति पुरस्कार विजेता को गिरफ्तार किया गया है, उनका नाम?
A. मारिया कोरिना मचाडो B. नरगिस मोहम्मदी C. निहोन हिदानक्यो

कल के जवाब

A1 A. थाइलैंड A2 A. अमन जैन A3 C.पूज्य बापू ग्रामीण रोजगार योजना A4 C. अर्जेंटीना A5 C. रणवीर सिंह

लकी विनर्स

1. मुकुंद लाल, नई दिल्ली
2. मनोज कुमार, नई दिल्ली
3. प्रवीण कुमार झा, नोएडा

ऐसे भेजें अपने जवाब

अपने नाम, शहर के साथ जवाब भेजें nbtreader@timesofindia.com पर, साथ में फोटो भी भेजें। सब्जेक्ट में KKG लिखें। हर दिन सभी सही जवाब देने वाले तीन चुनिंदा रीडर्स में से एक का फोटो और दो के नाम छापे जाएंगे। जवाब आज के पेपर की खबरों में ही छिपे हैं।

H-1B वीज़ा की फीस पर ट्रंप के खिलाफ अदालत में केस

AI Image



■ अमेरिका के 19 राज्यों ने बताया गैरकानूनी, अदालत पहुंचे

■ कहा, स्वास्थ्य, शिक्षा के क्षेत्र में श्रमिकों की कमी बढ़ जाएगी

■ फीस को प्रवासियों को निशाना बनाने वाली क्रूरता बताया

■ भाषा, न्यू यॉर्क

अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप H-1B वीजा आवेदनों पर 1 लाख डॉलर की फीस लगाने के फैसले को लेकर फिर घिर गए हैं। इस बार, अमेरिका के ही 19 राज्यों ने ट्रंप प्रशासन के इस फैसले को गैरकानूनी बताया है और ट्रंप के खिलाफ मुकदमा दायर किया है। राज्यों ने चेताया है कि इस कदम से स्वास्थ्य, शिक्षा और टेक्नॉलजी जैसे जरूरी क्षेत्रों में श्रमिकों की कमी और भी बढ़ जाएगी।

न्यू यॉर्क की अटॉर्नी जनरल लेटिशिया जेम्स ने 18 अन्य अटॉर्नी जनरल के साथ मैसाचुसेट्स के डिस्ट्रिक्ट कोर्ट में केस दायर किया। उन्होंने कानूनी अधिकार या उचित प्रक्रिया के बिना H-1B फीस में भारी बढ़ोतरी किए जाने को चुनौती दी है। तर्क दिया है कि नई फीस उन सरकारी और गैर-लाभकारी नियोक्ताओं के लिए मुश्किलें खड़ी कर देगा जो जरूरी सेवाओं के लिए H-1B वीजा धारकों पर निर्भर हैं।

जेम्स ने कहा, शासन की इस अवैध कोशिश से न्यू यॉर्क वासियों के लिए स्वास्थ्य सेवाएं हासिल करना मुश्किल हो जाएगा, बच्चों की शिक्षा बाधित होगी और इकॉनमी को नुकसान होगा। उन्होंने ट्रंप की घोषित की गई इस फीस को प्रवासी समुदायों को निशाना बनाने वाली अव्यवस्था और क्रूरता बताया है।

भारत पर 50% टैरिफ खत्म हो, प्रस्ताव पेश



अमेरिका के तीन नामी सांसदों ने ट्रंप की ओर से भारतीय वस्तुओं पर लगाए गए 50% टैरिफ को खत्म करने के लिए अमेरिकी संसद में प्रस्ताव पेश किया है। उन्होंने कहा है कि भारत के प्रति इस गैर-जिम्मेदाराना शुल्क रणनीति के प्रतिकूल परिणाम होंगे, जिससे यह भारत-यूएस की अहम साझेदारी कमजोर पड़ेगी। नॉर्थ कैरोलाइना की प्रतिनिधि डेबोरा रॉस, टेक्सास के प्रतिनिधि मार्क वेसी और इलिनॉय के प्रतिनिधि राजा कृष्णमूर्ति ने शुक्रवार को संसद में एक प्रस्ताव पेश किया, जिसमें भारत से आयात की जाने वाली वस्तुओं पर 50 फीसदी तक शुल्क लगाने के ट्रंप के फैसले को रद्द करने का अनुरोध किया गया है।

ट्रंप ने भारतीय वस्तुओं पर 50% का टैरिफ लगाया है, जो दुनिया में सबसे अधिक है। इलिनॉय के प्रतिनिधि कृष्णमूर्ति ने कहा, अमेरिकी हितों या सुरक्षा को बढ़ावा देने के बजाय ये टैरिफ सप्लाई चेन को बाधित करते हैं। अमेरिकी वर्कर्स को नुकसान पहुंचाते हैं और उपभोक्ताओं के लिए लागत बढ़ाते हैं। अमेरिका इन हानिकारक टैरिफ को खत्म करके भारत के साथ हमारी साझा आर्थिक और सुरक्षा आवश्यकताओं को आगे बढ़ाने में सक्षम होगा। वहीं, नॉर्थ कैरोलाइना की प्रतिनिधि रॉस ने कहा, 'व्यापार, निवेश और विविधतापूर्ण भारतीय-अमेरिकी समुदाय के जरिए नॉर्थ कैरोलाइना की इकॉनमी भारत से गहराई से जुड़ी हुई है।'

द.अफ्रीका में मंदिर गिरने से दो की मौत



■ भाषा, जोहानिसबर्ग: दक्षिण अफ्रीका में डरबन के उत्तर में स्थित भारतीय कस्बे रेडक्लिफ में शुक्रवार दोपहर चार मंजिल मंदिर के ढह जाने से जुड़ी घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गई। इमारत पर कंक्रीट डालते समय पूरा ढांचा ढह गया जिससे एक मजदूर की मौत हो गई और कई अन्य लोग उसके नीचे दब गए। वहीं, मंदिर परिसर में 54 वर्षीय एक श्रद्धालु की इस घटना की खबर सुनने के बाद मौत हो गई।

थाइलैंड-कंबोडिया की लड़ाई जारी



■ एपी, सुरिन: थाइलैंड और कंबोडिया की सीमा पर शनिवार सुबह भी लड़ाई जारी रही। हालांकि, अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने घोषणा की थी कि उन्होंने दोनों देशों से युद्धविराम की सहमति ले ली है। थाइलैंड के अधिकारियों ने कहा है कि वे युद्धविराम के लिए सहमत नहीं हैं, और कंबोडिया ने ट्रंप के दावे पर कोई टिप्पणी नहीं की है।

नोबेल विजेता नरगिस मोहम्मदी ईरान में अरेस्ट

नोबेल कमिटी ने ईरान से पूछा, कहां हैं नरगिस

■ एपी, तेहरान

नरगिस मोहम्मदी।

ईरान में नोबेल शांति पुरस्कार विजेता और मानवाधिकार कार्यकर्ता नरगिस मोहम्मदी को गिरफ्तार कर लिया गया है। यह जानकारी उनके नाम से बनी नरगिस फाउंडेशन ने दी है। फाउंडेशन के अनुसार, नरगिस (53) को ईरान की राजधानी तेहरान से लगभग 680 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में स्थित मशहद शहर में हिरासत में लिया गया।

समर्थकों का दावा है कि वह खोसरो अलीकोर्दी की शोक सभा में शामिल होने गई थीं। अलीकोर्दी पिछले हफ्ते अपने दफ्तर में मृत पाए गए थे। उनकी मौत के हालात स्पष्ट नहीं हैं। दावा है कि नरगिस के साथ कई और कार्यकर्ताओं को भी गिरफ्तार किया गया है। नोबेल कमिटी ने इस गिरफ्तारी पर कहा है कि वह नरगिस की क्रूर गिरफ्तारी से बेहद चिंतित है। कमिटी ने ईरानी अधिकारियों से मांग की है कि वे तुरंत यह साफ करें कि मोहम्मदी कहां हैं। उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करें और उन्हें बिना किसी शर्त के रिहा करें। इस मामले पर ईरान सरकार की ओर से अभी कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है।

कमिटी ने नरगिस की गिरफ्तारी पर चिंता जताई

नोबेल कमिटी के बयान में कहा गया, नरगिस को दी गई धमकियां साफ संकेत देती हैं कि उनकी सुरक्षा खतरे में है। नरगिस मोहम्मदी को ईरान में महिलाओं पर हो रहे अत्याचारों के खिलाफ संघर्ष के लिए 2023 का नोबेल शांति पुरस्कार दिया गया था। वह महसा अमीनी की मौत के बाद हुए देशव्यापी प्रदर्शनों की खुलकर समर्थक रही हैं। 2021 से तेहरान की एविन जेल में बंद थीं और उन्हें जल्द ही वापस जेल जाना था, जहां वह कई मामलों में दी गई सजाओं को काट रही हैं। दिसंबर 2024 में उन्हें स्वास्थ्य कारणों से तीन हफ्तों के लिए अस्थायी तौर पर जेल से रिहा किया गया था। मोहम्मदी की गिरफ्तारी ऐसे समय हुई है जब ईरान प्रतिबंधों, कमजोर अर्थव्यवस्था और इजराइल के साथ नए सिरे से युद्ध की आशंका से जूझ रहा है और बुद्धिजीवियों एवं अन्य लोगों पर कड़ी कार्रवाई कर रहा है।

फटाफट खबरें

ड्रोन हमले में रूस में दो लोगों की मौत

■ एपी, मॉस्को: रूस के दक्षिण-पश्चिमी सारातोव क्षेत्र में ड्रोन हमले में कम से कम दो लोगों की मौत हो गई, जबकि यूक्रेन में बिजली प्रतिष्ठानों को निशाना बनाए जाने से कई इलाके अंधेरे में डूब गए। ये हमले ऐसे समय में हुए, जब रूस और यूक्रेन युद्ध समाप्त कराने के लिए अमेरिका के नेतृत्व में शांति वार्ता जारी है।

ग्रैमी विनर ने लगाया चोरी का आरोप

■ भाषा, बेंगलुरु: ग्रैमी अवॉर्ड विजेता संगीतकार रिकी केज ने आरोप लगाया है कि ऑनलाइन फूड डिलिवरी कंपनी के एक प्रतिनिधि ने उनके घर में घुसकर सीवेज टैंक का ढक्कन चुरा लिया। रिकी केज ने घटना का सीसीटीवी फुटेज, आरोपी की तस्वीर और उसकी गाड़ी का विवरण भी x पर साझा किया। उन्होंने जोमैटो और बेंगलुरु सिटी पुलिस को टैग करते हुए आरोपी की पहचान में मदद मांगी।

गोवा में दो बड़े नाइट क्लब सील

■ भाषा, पणजी : गोवा में 6 दिसंबर को 'बर्च बाय रोमियो लेन' नाइट क्लब में लगी भीषण आग में 25 लोगों की मौत के बाद प्रशासन ने वागातोर इलाके में दो प्रमुख नाइट क्लबों को नियमों के उल्लंघन के आरोप में सील कर दिया गया है। अरब सागर के किनारे स्थित 'कैफे सीओ-2 गोवा' को शनिवार को सील किया गया। इससे दो दिन पहले 'गोवा क्लब' को भी बंद किया जा चुका था।

पांच नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया

■ भाषा, गरियाबंद/गोंदिया: छत्तीसगढ़ के गरियाबंद में 10 लाख के दो इनामी नक्सलियों संतोष और मंजू उर्फ नंदे ने आत्मसमर्पण कर दिया। वहीं पूर्वी महाराष्ट्र के गोंदिया जिले में शनिवार को तीन नक्सलियों रोशन (35), सुभाष (26) और रतन (25) ने आत्मसमर्पण कर दिया, जिन पर कुल मिलाकर 20 लाख रुपये का इनाम था।

जासूसी के आरोप मे दो गिरफ्तार

■ एजेंसियां, डिब्रूगढ़/तेजपुर: अरुणाचल प्रदेश के पश्चिमी सियांग जिले के आलो से जम्मू-कश्मीर के एक युवक को पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। यह गिरफ्तारी पिछले एक सप्ताह में जासूसी के आरोप में हुई तीसरी गिरफ्तारी है। गिरफ्तार युवक की पहचान जम्मू-कश्मीर के हिलाल अहमद (26) के रूप में हुई है।

वहीं असम के सोनितपुर जिले में पाकिस्तानी जासूसों से कथित संपर्क के आरोप में भारतीय वायु सेना के एक रिटायर्ड जवान को गिरफ्तार किया गया है। आरोपित भारतीय वायुसेना में जूनियर वारंट ऑफिसर था और 2002 में तेजपुर के सलोनीबारी बेस से सेवानिवृत्त हुआ था।

पुणे में बना 'सबसे अधिक पोस्टर प्रदर्शित करने' का विश्व रेकॉर्ड

■ भाषा, पुणे: पुणे में 'सबसे अधिक पोस्टर प्रदर्शित करने' की श्रेणी में एक विश्व रेकॉर्ड बनाया गया है। गिनीज वर्ल्ड रेकॉर्ड्स के निर्णायक स्वप्निल डांगरीकर ने कहा, 'भारत ने अमेरिका को पीछे छोड़ते हुए पोस्टर को सबसे अधिक लंबाई में प्रदर्शित करने का रेकॉर्ड अपने नाम कर लिया है।'

1,678 पोस्टर प्रदर्शित किए जो अमेरिका के रेकॉर्ड से 313 अधिक थे

फर्ग्यूसन कॉलेज में आयोजित एक पुस्तक महोत्सव के दौरान जनजातीय शब्दों को दर्शाते हुए 1,678 पोस्टर प्रदर्शित कर यह रेकॉर्ड बनाया गया। इसके साथ ही फरवरी 2025 में अमेरिका में बना 1,365 पोस्टर का पिछला रेकॉर्ड टूट गया। प्रमाणपत्र में उल्लेख किया गया कि सबसे अधिक पोस्टर प्रदर्शित करने का विश्व रेकॉर्ड पुणे में 12 दिसंबर को पुस्तक महोत्सव, पशवंतराव चव्हाण महाराष्ट्र मुक्त विद्यापीठ और आरआईएमई फाउंडेशन द्वारा बनाया गया। आयोजकों ने कहा कि यह रेकॉर्ड आदिवासी नेता एवं स्वतंत्रता सेनानी भगवान बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि है, जिनके जीवन और कार्यों पर महोत्सव में एक विशेष मंडप के माध्यम से प्रकाश डाला जा रहा है।

SBI: लोन और FD पर घटाईं ब्याज दरें

■ आईएएनएस, नई दिल्ली: देश के सबसे बड़े सरकारी बैंक स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (SBI) ने लोन से लेकर फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) तक सभी पर ब्याज दरें घटा दी हैं। नई दरें अगले हफ्ते सोमवार से लागू होंगी। यह कदम उस समय उठाया गया है, जब आरबीआई ने रेपो रेट घटाकर 5.5% से 5.25% कर दिया था। फिक्स्ड डिपॉजिट की ब्याज दरों में भी कमी की गई है। बैंक ने अपनी खास 444 दिनों की 'अमृत वृष्टि' एफडी स्कीम पर भी ब्याज दर घटाकर 6.60% से 6.45 % कर दी है। नई दरें लागू होने से ग्राहकों को लोन सस्ता मिलेगा, जबकि एफडी पर मिलने वाला रिटर्न थोड़ा घट जाएगा।

संसद हमले की 24वीं बरसी, शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

PTI

■ भाषा, नई दिल्ली: उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन के नेतृत्व में सांसदों ने शनिवार को 2001 में संसद भवन पर आतंकवादियों के हमले के दौरान मारे गए लोगों को पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, विपक्ष के नेता राहुल गांधी समेत अन्य सांसदों ने शहीदों को याद किया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संसद की रक्षा करते हुए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले साहसी नायकों को श्रद्धांजलि दी।

'ऐक्टर दिलीप पर आरोप साबित करने में अभियोजन विफल'

■ पीटीआई, कोच्चि: कोच्चि की एक स्थानीय अदालत ने मलयालम अभिनेता दिलीप के खिलाफ पर्याप्त सबूतों की कमी का हवाला देते हुए कहा है कि अभियोजन पक्ष ऐक्ट्रेस के यौन उत्पीड़न के 2017 के मामले में दिलीप के खिलाफ साजिश के आरोप को साबित करने में 'बुरी तरह' विफल रहा है।

कोच्चि की एक अदालत ने सबूतों के अभाव का हवाला देते हुए की टिप्पणी

एर्नाकुलम जिला एवं प्रधान सत्र अदालत की जस्टिस हनी एम वर्गीस का पूरा फैसला शुक्रवार देर रात जारी किया गया। इस मामले पर 8 दिसंबर को फैसला सुनाते हुए अदालत ने दिलीप और तीन अन्य को बरी कर दिया था। बाद में, अदालत ने मुख्य दोषी सुनी समेत छह अन्य को 20 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई थी। अदालत ने अभियोजन पक्ष के इस दावे को भी खारिज कर दिया कि आरोपी 2013 से दिलीप के निर्देशों पर हमले की साजिश रच रहा था और यह आरोप विश्वसनीय सबूतों से समर्थित नहीं था।

अदालत में अभियोजन पक्ष के इस आरोप की विस्तार से समीक्षा की गई कि दिलीप ने पीड़िता का यौन उत्पीड़न करने और उसकी पहचान स्थापित करने के लिए, अभिनेत्री द्वारा पहनी सोने की अंगूठी के क्लोज-अप फुटेज सहित दृश्य रिकॉर्ड करने के लिए मुख्य आरोपित को काम पर रखा था।

कोर्ट ने गवाहों के बयानों की समीक्षा भी की

अदालत ने गवाहों के बयानों की भी समीक्षा की। एक गवाह ने मजिस्ट्रेट को बताया कि दिलीप ने पल्सर सुनी को पीड़िता की शादी की अंगूठी रिकॉर्ड करने का निर्देश दिया था। अदालत ने पाया कि उस समय पीड़िता के पास शादी की ऐसी कोई अंगूठी नहीं थी। अदालत ने कहा कि मुकदमे की सुनवाई के दौरान गवाह ने अपना बयान बदल दिया। न्यायाधीश ने गौर किया कि दूसरे गवाह ने तो यहां तक दावा किया कि दिलीप ने अपराध को अंजाम देने का निर्देश दिया था और पीड़िता की सगाई टूट चुकी थी।

राजनीति

जहां से थरूर कांग्रेस के सांसद, वहां निकाय चुनाव में बीजेपी जीती

केरल में BJP और कांग्रेस दोनों की उम्मीदें बढ़ीं

Hemwati.Rajaura1
@timesofindia.com

■ नई दिल्ली: केरल में लोकल बॉडी चुनावों के नतीजों को 2026 के विधानसभा चुनाव से पहले का सेमीफाइनल माना जा रहा है। इन नतीजों में कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (यूडीएफ) की जीत ने न सिर्फ राज्य इकाई में नया आत्मविश्वास भरा है बल्कि 2026 विधानसभा की रणनीति को भी मजबूती दी है। राष्ट्रीय स्तर पर लगातार चुनौतियों से जूझ रही कांग्रेस के लिए केरल से आए सकारात्मक संकेत सियासी राहत देने वाले हैं। स्थानीय निकाय चुनावों में बेहतर प्रदर्शन का सीधा असर पार्टी कैडर पर पड़ता है। यही कारण है कि इन नतीजों को कांग्रेस नेतृत्व 2026 की नींव के तौर पर देख रहा है।

कांग्रेस में गुटबाजी अब भी एक बड़ी चुनौती: हालांकि, पार्टी के सामने गुटबाजी की पुरानी समस्या अब भी एक बड़ी चुनौती बनी हुई है। राज्य की राजनीति में लंबे समय से संभावनाओं के केंद्र में रहे शशि थरूर जैसे नेताओं की भूमिका और आगे का रुख भी चर्चा में है। थरूर ने यूडीएफ को जीत पर बधाई दी, लेकिन साथ ही तिरुवनंतपुरम कॉर्पोरेशन में बीजेपी की ऐतिहासिक जीत को भी स्वीकार करते हुए एनडीए को शुभकामनाएं दीं। यह उनके क्षेत्र में एनडीए की जीत थी।

PTI

45 साल बाद तिरुवनंतपुरम में जीत के बाद बीजेपी के कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया।

निकाय चुनावों का होता रहा है विधानसभा पर असर : इन नतीजों ने सत्तारूढ़ वाम मोर्चा (एलडीएफ) की लगातार तीसरी बार सत्ता में वापसी की उम्मीदों को झटका दिया है। केरल की राजनीति में बीते तीन दशकों का चुनावी पैटर्न बताता है कि स्थानीय निकाय चुनाव ही अक्सर विधानसभा चुनाव की दिशा तय कर देते हैं। आंकड़े इस पैटर्न की पुष्टि करते हैं। 2020 के निकाय चुनावों में एलडीएफ ने 14 में से 11 जिला पंचायतें जीतकर दबदबा दिखाया था और यूडीएफ महज मलप्पुरम व एर्नाकुलम तक सीमित रह गया था। 2021 के विधानसभा चुनाव में एलडीएफ ने ऐतिहासिक रूप से लगातार दूसरी बार सत्ता हासिल की। 2015 के निकाय चुनावों में एलडीएफ की बढ़त के बाद 2016 में उसकी सत्ता में वापसी हुई, जबकि 2010 के निकाय चुनावों में यूडीएफ के बेहतर प्रदर्शन के बाद 2011 में वही सत्ता में आया।

शहरी इलाकों से BJP को उम्मीदें: यूडीएफ ने 157 जिला पंचायत पर जीत हासिल की है वहीं लेफ्ट फ्रंट 95 जिला पंचायत में आगे रहा। यूडीएफ की ग्राम पंचायत, ब्लॉक पंचायत और जिला पंचायत की बढ़त जहां कांग्रेस के लिए संजीवनी साबित हो सकती है, वहीं एलडीएफ के लिए यह चेतावनी है। वहीं, तिरुवनंतपुरम कॉर्पोरेशन में एनडीए की जीत भी BJP का मनोबल बढ़ाने वाली है और यह संकेत देती है कि कई शहरी इलाकों में पार्टी अपनी जमीन मजबूत करने की कोशिश में है।

2026 की तस्वीर अब ज्यादा साफ

कुल मिलाकर, केरल के लोकल बॉडी चुनावों ने 2026 की तस्वीर को धुंधली नहीं, बल्कि काफी हद तक साफ कर दिया है। यूडीएफ के लिए यह मौका है कि वह संगठनात्मक एकजुटता और गुटबाजी पर काबू पाकर इस बढ़त को विधानसभा चुनाव तक बनाए रखे। वहीं, एलडीएफ के लिए यह समय आत्ममंथन और रणनीति में बदलाव का संकेत देता है।

ये लोकतंत्र की खूबसूरती: थरूर

कांग्रेस नेता शशि थरूर ने यूडीएफ की जीत की सराहना करते हुए, अपने तिरुवनंतपुरम निर्वाचन क्षेत्र में बीजेपी के ऐतिहासिक प्रदर्शन पर बधाई दी। उन्होंने इसे लोकतंत्र की खूबसूरती बताया। X पर एक पोस्ट में कहा कि जनता के फैसले का सम्मान किया जाना चाहिए, चाहे वह यूडीएफ के लिए हो या उनके निर्वाचन क्षेत्र में बीजेपी के लिए।

नतीजे सांप्रदायिकता की भेंट चढ़े: विजयन

केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने कहा कि विस्तारपूर्वक जांच की जाएगी और जरूरी सुधार करने के बाद हम आगे बढ़ेंगे। चुनाव परिणाम एक चेतावनी के रूप में सामने आया है कि लोगों को सांप्रदायिक ताकतों द्वारा फैलाई जा रही गलत सूचनाओं से बचाने के लिए अधिक सतर्कता बरतने की आवश्यकता है।

CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 14-12-2025 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLJKT2 User: vivek.kumar4 Time: 12-13-2025 22:05 Color:

SHALIMAR

Project RERA Registration No.: UPRERAPRJ225264/12/2025
Promoter RERA Registration No.: UPRERAPRM10813
U.P. RERA Website Address - www.up-rera.in
Bank account No.: 44624011814
Branch Address: Commercial Branch, Lucknow
Bank Name: State Bank Of India | IFSC Code:SBIN0004166
Cheque to be issued in favor of :
SLPL COL A/C VALENCIA COUNTY EAST PHASE-II
Launch Date: 13-12-2025

SHALIMAR ONEWORLD VALENCIA COUNTY EAST PHASE-II

Brings You Beautifully Crafted Spanish-themed Grand Villas. A Rare Blend Of Design, Comfort, And Serenity Awaits.

GOMTI NAGAR EXTENSION, LUCKNOW | 4 BHK PREMIUM VILLAS

- Vastu Compliant Spaces
- Spanish Themed Architecture
- Outdoor Sitting Area Landscaped Terrace
- Landscaped Garden
- Secured Garage
- Family Lounge
- Provision for Lift
- Utility Space
- Walk - in Wardrobe
- Opulent Washroom
- Powder Toilet
- Servant Room & Toilet

COMMON AMENITIES - SHALIMAR ONEWORLD

- OneWorld Club with swimming pool, kids pool, home theatre, indoor games, kids play room, entertainment area, banquet, lounge, gymnasium, lush green entrance, restaurants, card room, vibe lounge , yoga space, bar, BBQ area, fire place & Patisserie
- Musical Fountain with F&B Retail and Green Spaces
- Mini golf course
- Cluster of tennis courts.
- Open gym, Indoor Badminton Hall, Squash Court, simulated golf, Cricket Pitches (Practice arena), Pickleball Courts, Futsal Court (small football arena), Skating Ring, Basketball Courts
- Premium green development around 45 mtr road with multiple amenities control.
- Secured access control to the common green area & command centre with centralized CCTV & security control.
- EV charging station

Live the grand life the Spanish way—before the chance fades.

www.shalimarcorp.com | Shalimar OneWorld, Shaheed Path, Gomti Nagar Extension, Lucknow | 95133 15867

The views shown in the brochure may vary in aaordance with the final approved map and daes not guarantee the same. All intending purchaser/s are bound to inspect all plans and approvals and visit project sites and apprise themselves of all plans and approvals and other relevant information and nothing in this brochure is to substitute to the intending purchaser the actual plans and approvals obtained from time to time. The relationship between the Developer and the actual customers will be strictly by the agreements to be executed from time to time and not on the terms of this Brochure. All designs are indicative only. This brochure is merely (»ceptual and is not a legal document. It cannot be treated as a part of the Annexure of final agreement/s that may executed from time to time. The Developer reserves the right to change, amend, modify the contents of the brochure and architectural specifications daring development stages. Finishing material might vary in project due to availability of material during the perlcd of construction but sgnifications would remain same. Allot tee(s) has to accept such variation(s). The holds no responsibility for its and shall not be liable to any intending purchaser or anyone for the changes/ alterations/ improvements so made.
This contains artistic impressions and no warranty is expressly or impliedly given that the completed development will in any degree with such artist's Impression as depicted. The landscape, water details of lobbies. features & facilities of the cmmnon club/community center/any other area, furniture. accessories. paintings. items. electronic goods. fitings/fixtures, decorative items. false ceiling including finishing materials. shades. sizes etc. shown in the pictures are only indicative in nature and for Illustrative pu(X)se only and does not form a part of the standard specification. Recipients are advised to apprise themselves of necessary and relevant information of the project/offer prior to making any purchase decisions. The sale is subject to terms Of application form and agreement for sale. All specifications Of the unit shall be as per the final agreement between the in the project "VALENCIA COUNTY EAST PHASE -II", comprises of Gram Samaj land in Khasra No 143 Kha, 145,146,249 and 250 measuring 764.73 sq.mtrs land, has been given by Lucknow Development Authority by way of Lease Deed in favour of M/s ANS Developers Pvt. Ltd. duly registered in Book No-1, Volume No-18966, Page No 379-404, S. No.3652 on 24.06.2015 before the Sub-Registrar-II, Lucknow, for a period of 90 years to be renewed after every 30 years period twice upto the total lease period shall be of 90 years. M/s ANS Developers Pvt. Ltd undertakes to renew the period of the lease after every 30 years and so on as per the provision laid down in para No.7 of the lease deed dated 24.06.2015 and no villa/unit is constructed on the lease land which has been left in the open area of this project.

कानपुर (कानपुर व लखनऊ में एक साथ प्रकाशित) > रविवार, 14 दिसंबर 2025 > मार्गशीर्ष 23, शक संवत 1947, पौष कृष्ण दशमी, विक्रम संवत 2082 WATCH GOD WATCHDOG पेज 20*> मूल्य सिर्फ ₹6.00 facebook.com/nbtlucknow twitter.com/nbtlucknow Vol.7 no.337

NBT नवभारत टाइम्स





कार्यक्रम के आयोजक गिरफ्तार, CM ममता बनर्जी ने दिया जांच का आदेश

Photos: PTI

मेसी के सम्मान में कोलकाता में उनकी 70 फुट ऊंची प्रतिमा बनाई गई। प्रशंसक शुक्रवार आधी रात से उनकी एक झलक पाने और स्वागत के लिए जगह-जगह मौजूद थे।

साल्ट लेक स्टेडियम से मेसी के समय से पहले निकलने की खबर फैलते ही दर्शकों का गुस्सा फूट पड़ा। उन्होंने प्रायोजक बैनर और होर्डिंग भी फाड़ दिए।

बड़ी संख्या में स्टेडियम में नाराज लोगों ने सीटें तोड़ दीं। उन्होंने बैरिकेड्स तोड़ने की भी कोशिश की। कुछ मिनट बाद ही सैकड़ों नाराज दर्शक मैदान में उतर आए।

कोलकाता में MESSI

मेसी शनिवार को कोलकाता पहुंचे। प्रशंसक उन्हें ठीक से देख नहीं पाए। इससे अफरातफरी मच गई।

कोलकाता के बाद मेसी हैदराबाद पहुंचे। उन्होंने फुटबॉल खेलने के साथ ही लोकसभा के विपक्ष के नेता राहुल गांधी से मुलाकात की। मेसी ने राहुल को अर्जेंटीना फुटबॉल टीम की जर्सी भी दी।

■ पीटीआई, कोलकाता

फुटबॉल खिलाड़ी लियोनेल मेसी के कोलकाता कार्यक्रम के दौरान साल्ट लेक स्टेडियम में अफरातफरी मच गई। इस वजह से अर्जेंटीना के वर्ल्ड कप विजेता कैप्टन को मैदान छोड़कर समय से पहले ही लौटना पड़ा। शनिवार को कार्यक्रम के मुख्य आयोजक शताद्रु दत्ता को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने हाई लेवल जांच के आदेश दिए। साथ ही फुटबॉल के दिग्गज खिलाड़ी को देखने से चूक गए प्रशंसकों से माफी मांगी।

मेसी की झलक पाने के लिए 50 हजार दर्शक मौजूद थे

कोलकाता में फुटबॉल के दीवानों के लिए जो जीवन का सबसे सुखद पल हो सकता था, वह एक तरह से बुरी याद में बदल गया। बड़ी रकम खर्च कर टिकट खरीदने के बावजूद हजारों प्रशंसकों को अर्जेंटीना के दिग्गज खिलाड़ी की एक साफ झलक नहीं मिल पाई। इससे निराश होकर उन्होंने साल्ट लेक स्टेडियम के अंदर विरोध प्रदर्शन किया। स्टेडियम में लगभग 50,000 दर्शक मौजूद थे। मैदान पर मेसी के कदम रखते ही वह आयोजकों, मशहूर हस्तियों और सुरक्षा कर्मियों की भीड़ में घिर गए। इससे गैलरी में बैठे दर्शक एक झलक पाने के लिए तरसते रह गए। ▸▸पेज 11

14 दिसंबर तक नैशनल हैंडीक्राफ्ट वीक मनाया जा रहा है। हम रोज यहां एक देसी आर्ट पेश कर रहे हैं।

ढोकरा आर्ट

छत्तीसगढ़ की पारंपरिक लोकधातु कला है, जिसमें मोम तकनीक से आदिवासी आकृतियां और सजावटी वस्तुएं बनाई जाती हैं।

बैड डॉक्टर/गुड डॉक्टर

Q जब डेंगू का टेस्ट करवाने और पुष्टि के बाद बुखार की वजह से मरीज डॉक्टर के पास जाता है तो...

बैड डॉक्टर: हर दिन टेस्ट कराकर देखना है कि प्लेटलेट्स नीचे तो नहीं जा रहे। 4-5 ऐंटिबायोटिक्स दे रहा हूं। इन्हें जरूर लेना है। मुमकिन है प्लेटलेट्स चढ़ाने की नौबत भी जल्द ही आ जाए। इसलिए अपनी तैयारी करके रखें।

गुड डॉक्टर: ज्यादातर डेंगू के मरीज खुद ही ठीक हो जाते हैं। 1000 में 1 को ही गंभीर परेशानी होती है। हर दिन टेस्ट की जरूरत नहीं। गंभीर होने पर ही दोबारा टेस्ट जरूरी है। पानी पीते रहें और सिर्फ पैरासिटामॉल लें।

डॉ. संजय राय, प्रफेसर, कम्युनिटी मेडिसिन, AIIMS

पंकज चौधरी होंगे BJP प्रदेश अध्यक्ष

अकेले दावेदार, निर्विरोध चुनाव तय, आधिकारिक ऐलान आज

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ

पंकज चौधरी भाजपा के नए प्रदेश अध्यक्ष होंगे। वह महाराजगंज से सात बार के सांसद रहे हैं और केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री हैं। उन्होंने शनिवार को राष्ट्रीय महामंत्री विनोद तावड़े और प्रदेश के प्रमुख नेताओं की मौजूदगी में नामांकन दाखिल किया। अकेले नामांकन के कारण उनका निर्विरोध चुनाव तय है। इसका आधिकारिक ऐलान रविवार को होगा। वहीं, राष्ट्रीय परिषद के 85 सदस्यों के लिए भी नामांकन हुए। नए सदस्य भी रविवार को घोषित होंगे।

भाजपा प्रदेश संगठन के चुनाव की प्रक्रिया पिछले साल अक्टूबर में शुरू हुई थी। तब से ही नए प्रदेश अध्यक्ष के नाम पर कयास लगाए जा रहे थे। इसके लिए चुनाव अधिकारी डॉ. महेंद्र नाथ पांडेय ने शुक्रवार को चुनाव कार्यक्रम और प्रांतीय परिषद के सदस्यों की सूची जारी की थी। इसके मुताबिक नामांकन के लिए दोपहर दो से तीन बजे का समय तय था। इससे पहले ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, दोनों डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक समेत कई प्रमुख पदाधिकारी और नेता भाजपा कार्यालय पहुंचे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित 10 प्रस्तावकों ने पंकज चौधरी के नाम का प्रस्ताव रखा। नामांकन के लिए एक घंटे का समय दिया गया था, लेकिन किसी और ने पर्चा नहीं भरा। इससे साफ हो गया कि पंकज चौधरी ही भाजपा के नए प्रदेश अध्यक्ष होंगे। उनके समर्थक पहले से ही भाजपा दफ्तर में जुटे थे। सभी ने नारेबाजी कर उनका स्वागत किया। अब रविवार को डॉ. राम मनोहर लोहिया विधि विवि में केंद्रीय चुनाव अधिकारी पीयूष गोयल नए प्रदेश अध्यक्ष का आधिकारिक ऐलान करेंगे। इस मौके पर प्रदेश पदाधिकारी, जिला और मंडल अध्यक्ष समेत करीब 3500 कार्यकर्ता जुटेंगे। ▸▸पेज 2

बीजेपी प्रदेश कार्यालय में सीएम योगी आदित्यनाथ समेत 10 प्रस्तावकों की मौजूदगी में पंकज चौधरी ने अध्यक्ष पद के लिए नामांकन दाखिल किया।

केरल निकाय में कांग्रेस की जीत, BJP ने चौंकाया

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** केरल के निकाय चुनाव में कांग्रेस के नेतृत्व वाला विपक्षी गठबंधन UDF सत्ता में काबिज CPM के नेतृत्व वाले LDF को पछाड़कर निर्णायक जीत की ओर बढ़ता दिख रहा है। वहीं, BJP की अगुआई में NDA ने केरल की राजधानी तिरुअनंतपुरम नगर निकाय में जीत दर्ज कर 45 वर्षों से जारी लेफ्ट के शासन का अंत कर दिया। इस पर पीएम नरेंद्र मोदी ने कार्यकर्ताओं को बधाई दी। ▸▸पेज 12

बच्ची को उठा ले गया भेड़िया, शूटरों ने मार गिराया

■ **NBT न्यूज, बहराइच:** कैसरगंज में गोडहिया नंबर चार के मजरा नरूआ-2 में शनिवार तड़के रामकुमार की एक साल की बेटी आरवी को भेड़िया उठा ले गया। वह मां के बगल में सो रही थी। वन विभाग के शूटरों ने दोपहर बाद गोली मारकर भेड़िये को ढेर कर दिया।

आरवी

इंडिगो के COO पर कार्रवाई के संकेत

सरकार और DGCA की जांच में टॉप लीडरशिप भी सवालों के घेरे में

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

रनवे से टकराया विमान का पिछला हिस्सा रांची एयरपोर्ट पर शुक्रवार शाम लैंडिंग के वक्त भुवनेश्वर से आए इंडिगो के विमान का पिछला हिस्सा रनवे से टकरा गया। विमान में करीब 70 यात्री थे, हालांकि इनमें किसी को चोट नहीं आई।

हालिया फ्लाइट संकट के बाद DGCA अब इंडिगो की टॉप लीडरशिप की भूमिका की जांच कर रहा है। सूत्रों के मुताबिक, CEO पीटर एल्बर्स पर कार्रवाई की संभावना कम है, लेकिन COO इसिड्रो पोर्केरस ओरिया पर गाज गिर सकती है।

बताया जा रहा है कि लंबे समय से प्रबंधन की अनदेखी से स्थिति बिगड़ी। छुट्टियों में कटौती, रोस्टर सिस्टम में बदलाव, पैंट्री व्यवस्था और क्रू की दिक्कतों का समय पर समाधान न होने से असंतोष बढ़ा। सरकार और DGCA जिम्मेदारों की चिह्नित करने पर मंथन कर रहे हैं।

रिजाइन कर चुके अफसर पर भी कार्रवाई : इंडिगो संकट पर DGCA ने चार फ्लाइट ऑपरेशंस इंस्पेक्टरों को हटाया है। इनमें कैप्टन अनिल पोखरियाल भी हैं, जो कैंसर से जूझ रहे हैं। उन्होंने कई दिनों पहले रिजाइन कर दिया था। DGCA के एक अधिकारी ने कहा कि मामले में सारी जानकारी ली जाएगी। ▸▸पेज 12

जब किसी को अपना बनाने से
पहले आप उसके हो जाओ
समझो आपको मिल गया अपना प्लैटिनम डे ऑफ़ लव
ख़ुशी के इस पल को यादगार बनाएं प्लैटिनम लव बैंड्स के साथ, जो 95% शुद्ध प्लैटिनम से बने हैं.
इस पर लगा Pt950 मार्क उच्चतम शुद्धता का प्रतीक है यही ख़ूबियां इसको बनाये नायाब.
बिल्कुल आपके प्यार की तरह.
आपका प्यार है नायाब. बिल्कुल प्लैटिनम जैसा.
नई कलेक्शन प्रति बैंड ₹50,000 से शुरू।
अब स्टोर्स में उपलब्ध।
PLATINUM LOVE BANDS
Look for Pt950 - a mark of purity and an assurance of 95% pure platinum. For an assured buyback, ask for a platinum purity assurance card with your platinum jewellery purchase. /PlatinumDaysOfLove | To find your nearest store, visit www.platinumdaysoflove.com
PGI Authorised Retailers: Lucknow: Alambagh: Senco Gold & Diamonds 4041369 | ORRA 7400082316 | Reliance Jewels 2322883 | ORRA 9119800772 | Senco Gold & Diamonds 4017614 | Phoenix Palassio Mall: ORRA 9136989276 | Malabar Gold & Diamonds 7994435394 | Senco Gold & Diamonds 6789167 | Hazratganj: Jugal Kishore Jewellers 2621836 | Kalyan Jewellers 26673618 | ORRA 9307428233 | Senco Gold & Diamonds 7605087464 | Malabar Gold & Diamonds 7994435394 | Indira Nagar: Jugal Kishore Jewellers 4006681 | Mahanagar: Mohan Shyam Kalyan Das Jewellers 7275039946

कफ सिरप तस्करी रैकेट में 265 और बोगस फर्मों का खुलासा

25 ठिकानों पर दूसरे दिन भी जारी रही ED की जांच

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ

कोडीनयुक्त कफ सिरप की तस्करी में मनी लॉन्ड्रिंग की जांच कर रही ED ने शनिवार को यूपी, झारखंड और गुजरात में 25 ठिकानों पर छापेमारी जारी रखी। इस दौरान 265 और बोगस फर्मों की जानकारी मिली है। इस तरह कफ सिरप तस्करी में अब तक कुल 454 फर्जी फर्मों के नेटवर्क का पता चला है।



AI Image

ED के अधिकारियों के मुताबिक, शुरुआती जांच में कफ सिरप तस्करी में 67 आरोपियों के नाम सामने आए थे। 265 नई बोगस फर्मों का पता चलने के बाद अब यह संख्या कई गुना बढ़ने की आशंका है। इससे जुड़ी जानकारियां जुटाई रही हैं। ▸▸पेज 8

मगध एक्सप्रेस में धमाका, यात्री कूदे, कई घायल

■ **NBT न्यूज, वाराणसी:** झिंगुरा और पहाड़ा स्टेशनों के बीच शनिवार सुबह मगध एक्सप्रेस (20802) की एक जनरल बोगी में फायर एक्सटिंग्विशर का ढक्कन फटने से तेज धमाका हुआ और धुआं फैल गया। यात्रियों ने चेन खींचकर ट्रेन रोकी, लेकिन कई यात्री पहले ही कूदने से घायल हो गए। ट्रेन के चुनार पहुंचने पर इनका इलाज हुआ और दीदीयू जंक्शन पहुंचने पर एक बेहोश यात्री को अस्पताल में भर्ती करवाया गया।

भदोही में ₹1 करोड़ की MDMA जब्त

ANTF ने भदोही के सुरियावां में विजय दुबे को दबोचा। उसके कब्जे से 1.010 किलो MDMA मिली। इसकी कीमत करीब एक करोड़ रुपये है। पूछताछ में उसने बताया कि वह अपनी फर्म के जरिए उन्नाव की PV Kurma International से केमिकल मंगवाकर MDMA बनाकर बेचता था।

1 जनवरी से बंथरा में होंगे DL के टेस्ट

लखनऊ में 1 जनवरी से ड्राइविंग लाइसेंस (DL) के टेस्ट बंथरा में बने निजी ड्राइविंग ट्रेनिंग सेंटर में होंगे। RTO से सिर्फ डीएल का अप्रूवल होगा। ▸▸पेज 3

पहल जनवरी में सीएम लॉन्च करेंगे देश की पहली स्वच्छ वायु प्रबंधन परियोजना

साफ हवा पर खर्च होंगे ₹2,760 करोड़

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ

सीएम योगी आदित्यनाथ अगले महीने उप्र स्वच्छ वायु प्रबंधन परियोजना (UPCAMP) लॉन्च करेंगे। इसकी कुल लागत करीब 304.66 मिलियन डॉलर यानी करीब 2,760 करोड़ रुपये है। इसमें 299.66 मिलियन डॉलर का कर्ज और 5 मिलियन डॉलर का अनुदान शामिल है। यह देश की पहली ऐसी परियोजना है, जिसके तहत वायु प्रदूषण रोकने के लिए जमीनी स्तर पर काम किए जाएंगे।

परियोजना के शासी निकाय की अध्यक्षता मुख्य सचिव करेंगे। प्रमुख सचिव और अपर मुख्य सचिव इसके सदस्य होंगे। यह परियोजना विश्व बैंक के सहयोग से चलाई जाएगी। 10 दिसंबर को विश्व बैंक के निदेशक मंडल ने इसकी औपचारिक मंजूरी दे दी है। इस परियोजना में IIT कानपुर, IIT दिल्ली और नॉर्वेजियन इंस्टिट्यूट फॉर एयर रिसर्च (NILU) के विशेषज्ञ भी सहयोग करेंगे।

File

ऐसे होगा सुधार

- पब्लिक ट्रांसपोर्ट वाहन EV में कन्वर्ट किए जाएंगे।
- लखनऊ, कानपुर, वाराणसी व गोरखपुर में 15,000 EV थ्री-वीलर, 500 ई-बसें चलेंगी।
- प्रदूषण फैलाने वाले 13,500 भारी वाहन बदलने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।

CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 14-12-2025 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLPG2 User: cci Time: 12-14-2025 00:14 Color:

पंकज चौधरी पर दांव, BJP की क्या है रणनीति?

दिल्ली–लखनऊ की बैठकों के बाद अचानक सामने आया नाम

Deep.singh@timesofindia.com

लखनऊ : भाजपा संगठन चुनाव पिछले साल अक्टूबर में शुरू हुए थे। एक साल से भी ज्यादा वक्त से प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए कयास लगाए जा रहे थे। कई दावेदार सामने थे। तब से उनके नाम की कोई चर्चा नहीं थी। दिल्ली और लखनऊ में दो दिन चले बैठकों के दौर के बाद अचानक पंकज चौधरी का नाम तेजी से उछला। केंद्रीय नेतृत्व ने गहन मंथन के बाद उनके नाम पर मुहर लगाई। अब चर्चा है कि अचानक पंकज चौधरी का नाम कैसे आया? उनको ही प्रदेश अध्यक्ष के लिए क्यों चुना गया? आखिर पार्टी पंकज को प्रदेश अध्यक्ष बनाकर कौन से समीकरण साधना चाहती है?

गैर यादव ओबीसी हैं टारगेट

दरअसल, भाजपा का अगला टारगेट 2027 का विधानसभा चुनाव है। सबसे बड़ी आबादी ओबीसी वोटरों की है। इसमें सबसे मजबूत यादव सपा का कोर वोटर माना जाता है। ऐसे में भाजपा की कोशिश गैर यादव ओबीसी को अपने पक्ष में करने की रही है। यादव के बाद सबसे बड़ा और प्रभावशाली वर्ग कुर्मी ही है। इनकी आबादी लगभग 7-8% है। खासकर अवध, बुंदेलखंड और पूर्वांचल में कई सीटों को कुर्मी प्रभावित करते हैं। भाजपा ने पंकज चौधरी को प्रदेश अध्यक्ष बनाकर कुर्मी वोटर साधने की कोशिश की है। भाजपा इससे पहले भी कुर्मी चेहरों पर दांव लगाती रही है। इससे पहले ओम प्रकाश सिंह, विनय कटियार और स्वतंत्र देव सिंह कुर्मी जाति से ही प्रदेश अध्यक्ष रह चुके हैं। इस वर्ग से पंकज चौधरी चौथे प्रदेश अध्यक्ष बने हैं।

OBC का साथ तो मिली बढ़त

भाजपा को एहसास है कि जब भी ओबीसी उसके साथ आया है तो उसे बढ़त मिली है। कल्याण सिंह को चेहरा बनाकर ही पार्टी सत्ता में आई थी। उसके बाद 14 साल तक सत्ता से बाहर रही। पार्टी में शुरुआत से ही ओबीसी में खासतौर से कुर्मी और लोध चेहरे पर ही मंथन चल रहा था। ये दोनों ओबीसी वोटरों में सबसे ज्यादा और प्रभावशाली वर्ग हैं।

PDA की काट

सपा पिछले लोकसभा चुनाव से लगातार पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक (PDA) का दांव खेल रही है। पिछले लोकसभा चुनाव में उसे इसका फायदा भी मिला था। सपा को अकेले 37 सीटें हासिल हुई थीं और भाजपा 33 सीटों पर सिमट गई थी। यह बात भी आई थी कि कुर्मी वोटर भाजपा से छिटक कर सपा के साथ चला गया था।

अपना चेहरा

यूं तो अपना दल की अनुप्रिया पटेल और आशीष पटेल भी NDA गठबंधन में भाजपा संग हैं। वे सरकार का भी हिस्सा हैं लेकिन भाजपा की कोशिश है कि इस वर्ग से अपना चेहरा तैयार किया जाए। प्रदेश अध्यक्ष बनाकर पंकज चौधरी को कुर्मी चेहरे के तौर पर भी पेश किया जाएगा।

भाजपा प्रदेश कार्यालय में सीएम योगी, दोनों डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक, प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, पूर्व मंत्री स्मृति ईरानी सहित कई बड़े नेता मौजूद रहे।

सस्पेंस, कौतुहल और फिर समर्थकों की खुशी का इजहार

NBT रिपोर्ट, लखनऊ : नामांकन वाले दिन भाजपा दफ्तर के बाहर गाड़ियों का काफिला था। दफ्तर के अंदर भी मुख्य पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं का हुजूम था। सबकी निगाह विधानसभा के सामने वाले गेट पर थी कि कौन-कौन अंदर जा रहा है। पार्टी ने आखिरी तक सस्पेंस बनाकर रखा था कि कौन नामांकन करेगा। सब यही जानना चाह रहे थे कि नामांकन कौन करता है? एक ही नामांकन होता है कि कोई और भी नामांकन होगा? आधिकारिक तौर पर भाजपा रविवार को ऐलान करेगी लेकिन नेताओं के बयानों और अंदर के सूत्रों से यह बात सामने आ गई कि पंकज चौधरी के अलावा कोई दूसरा नामांकन नहीं हुआ।

विनोद तावड़े के साथ पहुंचे पंकज

भाजपा प्रदेश कार्यालय में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, दोनों डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक, प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, पूर्व मंत्री स्मृति ईरानी सहित कई बड़े नेता एक-एक करके भाजपा दफ्तर पहुंचे। पंकज चौधरी राष्ट्रीय महामंत्री विनोद तावड़े के साथ पार्टी कार्यालय पहुंचे। उनके साथ पूर्व एमएलए विनोद सोनकर भी थे।

संगठन-सरकार का समन्वय

जिन 10 लोगों को प्रस्तावक बनाया गया उनमें खुद योगी आदित्यनाथ, डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक स्मृति ईरानी, मंत्री सूर्य प्रताप शाही, स्वतंत्र देव सिंह, दारा सिंह चौहान, एके शर्मा, कमलेश पासवान और असीम अरुण शामिल थे। इसके जरिए यह संदेश देने की कोशिश की गई कि सरकार संगठन से अलग नहीं है। दोनों मिलकर साथ चलेंगे।

कौन है पंकज चौधरी?

NBT न्यूज, गोरखपुर : गोरखपुर के हालसीगंज के पास शेखपुर में हरबंश गली में रहने वाले पंकज चौधरी कारोबारी परिवार से आते हैं। मशहूर तेल राहत रूह कंपनी के मालिक पंकज चौधरी दो भाई हैं। बड़े भाई प्रदीप चौधरी का देहांत हो चुका है। प्रदीप चौधरी भी महाराजगंज के पहले जिला पंचायत अध्यक्ष रह चुके थे। पंकज चौधरी की माता उज्ज्वला चौधरी भी दो बार महाराजगंज की जिला पंचायत अध्यक्ष रह चुकी हैं। पंकज की बहन साधना सिद्धार्थनगर जनपद की जिला पंचायत अध्यक्ष रह चुकी हैं। परिवार में यह भी पद पंकज चौधरी की रणनीतिक कौशल से ही हासिल हुआ था हालांकि उन्हें राजनीति में आगे लाने वाले उनके बड़े भाई प्रदीप चौधरी ही थे।

पंकज चौधरी के राजनीतिक सफर की शुरुआत गोरखपुर से हुई। पहली बार पार्षद का चुनाव जीतकर गोरखपुर के डिप्टी मेयर बने थे। 20 नवंबर, 1964 को गोरखपुर में ही जन्मे पंकज ने गोरखपुर विश्वविद्यालय से ग्रैजुएशन किया है। 1991 में पंकज वहां से सांसद निर्वाचित हुए। महाराजगंज से वह सात बार सांसद का चुनाव जीत चुके हैं। मोदी सरकार में वह पहले 2022 और फिर 2024 में केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री बनाए गए।

गोरखपुर से तीसरे अध्यक्ष बने

पंकज गोरखपुर महल के तीसरे शख्स होंगे जिन्हें यह अहम जिम्मेदारी मिलेगी। इससे पहले 2007 से मई 2010 तक देवरिया के सासंद रह चुके रमापति राम त्रिपाठी अध्यक्ष रहे हैं। प्रदेश में कैबिनेट मंत्री सूर्य प्रताप शाही भी मई 2010 से अप्रैल 2012 तक अध्यक्ष पद पर रहे हैं।

समर्पण संग निभाऊंगा जिम्मेदारीः पंकज

कार्यकर्ताओं के स्वागत, स्नेह और सम्मान से अभिभूत हूं। नामांकन दाखिल किया है। नामांकन प्रपत्रों की जांच हो चुकी है। जब रविवार को कोई घोषणा होगी तब ही कुछ कह सकता हूं। कोई भी पद बड़ा या छोटा नहीं होता। जो भी जिम्मेदारी दी जाएगी, पार्टी का सिपाही होने के नाते हम उसे पूरे समर्पण के साथ निभाऊंगा और उसका प्लान सबके साथ साझा करूंगा।

-पंकज चौधरी, केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री

परिवार में खुशी का माहौल

पंकज चौधरी के प्रदेश अध्यक्ष के नामांकन की सूचना मिलने के बाद परिवार में खुशी छा गई। परिवार के लोगों व रिश्तेदारों, पड़ोसियों ने मिठाइयां बांटकर खुशी बांटी। मां उज्ज्वला चौधरी भावुक हो गईं। पंकज तब सुर्खियों में आ गए थे जब 7 जुलाई 2023 को गीता प्रेस के शताब्दी समारोह में शिरकत करने आए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बिना किसी कार्यक्रम के संकरी गलियों से पैदल चलते हुए पंकज के घर उनकी माता उज्ज्वला चौधरी से मुलाकात करने पहुंच गए थे।

सरकार लाएगी अनुपूरक बजट, कई विभागों में 50% भी खर्च नहीं

AI Image

NBT रिपोर्ट, लखनऊ : राज्य सरकार शीतकालीन सत्र में अनुपूरक बजट लाने की तैयारी कर रही है। इसके लिए वित्त विभाग ने कवायद शुरू कर दी है। मौजूदा वर्ष के लगभग 9 महीने बीत चुके हैं, यह वित्तीय वर्ष समाप्त होने को करीब तीन महीने बचे हैं। बावजूद इसके कई विभाग ऐसे हैं, जो अब तक बजट का कुल 40% ही खर्च कर सके हैं। दो-तिहाई से ज्यादा विभाग ऐसे हैं, जिनका बजट के सापेक्ष खर्च अभी 50% भी नहीं पहुंचा है। ऐसे में सवाल उठने लगे हैं कि क्या इस बार भी कई विभाग ऐसे होंगे, जो विभागीय बजट सरेंडर करेंगे या फिर अंतिम समय में बजट खर्च करेंगे।

> 60% बजट खर्च के लिए अब सिर्फ साढ़े तीन महीने ही बचे

8 लाख करोड़ रुपये से अधिक का था राज्य सरकार का बजट : वर्ष 2025-26 के लिए सरकार ने 8 लाख आठ हजार करोड़ रुपये का आम बजट पेश किया था। इसमें से अब तक 3 लाख 31 हजार करोड़ रुपये ही खर्च किए जा सके हैं। यह इस वित्तीय वर्ष के आठ महीने का हिसाब-किताब है। आंकड़ों पर गौर करें तो आने वाले साढ़े तीन महीने में बची हुई 60 प्रतिशत रकम का पूरा खर्च मुश्किल दिख रहा है। जानकारों के मुताबिक इस सुस्ती का असर योजनाओं पर पड़ सकता है। कुल बजट में से अब तक 4 लाख 47 हजार करोड़ रुपये की ही बजट स्वीकृति हुई है जबकि विभागों के लिए स्वीकृत रकम में से 3 लाख 95 हजार करोड़ रुपये ही आवंटित हुए हैं।

ये विभाग पीछे : बजट खर्च करने के मामले में कई विभाग ऐसे हैं, जो 9 महीने बीत जाने के बाद भी अभी तक 30 प्रतिशत से भी कम बजट खर्च कर पाए हैं। मत्स्य विभाग ने आवंटित बजट का 11.45 प्रतिशत ही खर्च किया है। वहीं खेल विभाग ने करीब 20 प्रतिशत बजट खर्च किया है। वहीं नियोजन ने 12 प्रतिशत बजट की अभी तक खर्च कर पाया है।

फटाफट खबरें

कंप्यूटर ऑपरेटर ग्रेड-ए टाइपिंग परीक्षा 21 से

NBT रिपोर्ट, लखनऊ : उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने कंप्यूटर ऑपरेटर ग्रेड-ए के पदों पर सीधी भर्ती-2023 की लिखित परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों की कंप्यूटर टाइपिंग परीक्षा 21 दिसंबर से होगी। लखनऊ और गौतमबुद्धनगर में होगी। बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि परीक्षा प्रक्रिया का विस्तृत विवरण और प्रवेश पत्र जल्द आधिकारिक वेबसाइट https://uppbpb.gov.in पर उपलब्ध करवाया जाएगा। अभ्यर्थियों को सलाह दी गई है कि वे वेबसाइट पर नियमित रूप से अपडेट देखते रहें, क्योंकि परीक्षा से जुड़ी सभी सूचनाएं वहीं प्रकाशित होंगी।

वक्फ संपत्ति रजिस्ट्रेशन में यूपी अव्वल

भाषा, लखनऊ : 'उम्मीद पोर्टल' पर वक्फ संपत्तियों के पंजीकरण के मामले में उत्तर प्रदेश अब तक देश में पहला स्थान पर है। प्रदेश में 92 हजार से ज्यादा वक्फ संपत्तियों का पंजीकरण पूरा कर लिया गया है। अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय द्वारा छह जून को शुरू किए गए 'उम्मीद पोर्टल' पर पांच दिसंबर तक सभी वक्फ संपत्तियों के पंजीकरण का आदेश जारी किया गया था। उत्तर प्रदेश में पांच दिसंबर तक कुल 92 हजार 832 वक्फ संपत्तियों का ऑनलाइन पंजीकरण पूरा कर लिया गया है। इसमें 86 हजार 347 सुन्नी और 6,485 शिया वक्फ संपत्तियां शामिल हैं। हालांकि केंद्र सरकार ने वक्फ संपत्तियों के रजिस्ट्रेशन की तिथि को छह माह के लिए बढ़ा दिया है।

पंचायत चुनाव में भी नोटा की मांग

NBT न्यूज, लखनऊ : इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ बेंच में दाखिल एक जनहित याचिका में पंचायत चुनावों में भी मतदाताओं को 'नोटा' का विकल्प देने और हर चुनाव चिह्न के सामने उम्मीदवार का नाम अनिवार्य रूप से लिखने की मांग की गई है। मामले की सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति राजन राय और न्यायमूर्ति इंद्रजीत शुक्ला की खंडपीठ ने राज्य सरकार और राज्य चुनाव आयोग से चार सप्ताह में जवाबी हलफनामा दाखिल करने को कहा है। याची सुनील कुमार मौर्य ने दलील दी कि शहरी चुनावों में नोटा का विकल्प दिया जाता है, लेकिन पंचायत चुनावों में यह सुविधा नहीं है। कोर्ट ने याची को दो सप्ताह में प्रत्युत्तर दाखिल करने की अनुमति दी है।

Chandan
CHANDAN HOSPITAL, LUCKNOW
- A 400+ Bedded Multi-Superspeciality Hospital
लखनऊ का सर्वश्रेष्ठ किडनी एवं कैंसर संस्थान
भारत का सबसे सस्ता P.E.T. स्कैन मात्र ₹ 12,999
चन्दन इंस्टिट्यूट ऑफ किडनी ट्रांसप्लांट | चन्दन कैंसर इंस्टिट्यूट
Advanced Laser Endourology and Lithotripsy, Laparoscopic Urology, Uro-Oncology, Reconstructive Urology - एडवांस्ड लेज़र एंडोरोलॉजी एवं लिथोट्रिप्सी, लेप्रोस्कोपिक यूरोलॉजी, यूरो ऑन्कोलॉजी एवं रिकंस्ट्रक्टिव यूरोलॉजी
Urogynecology, Pediatric Urology, Male Sexual Health Problems and Infertility- यूरोगाइनेकोलॉजी, पीडियाट्रिक यूरोलॉजी, पुरुष सेक्शुअल हेल्थ प्रॉब्लम्स एवं इनफ़र्टिलिटी
Advanced Diagnostics, Saline TURP/HOLEP, RIRS/ECRIS- एडवांस्ड डायग्नोस्टिक्स, सेलाइन टी.यू.आर.पी./होलेप /आर.आई.आर.एस./ई.सी.आर.आई.एस.
Urinary incontinence, kidney transplant and AV fistula surgery - यूरिनरी इनकॉन्टिनेंस, किडनी ट्रांसप्लांट एवं AV फिस्टुला सर्जरी

Nuclear Medicine – PET-CT Scan and Gamma Camera- न्यूक्लियर मेडिसिन – पी.ई.टी.-सी.टी.स्कैन एवं गामा कैमरा
Radiation Oncology – LINAC and Brachytherapy- रेडिएशन ऑन्कोलॉजी – लाइनैक एवं ब्रेकीथेरेपी
Medical Oncology – Chemotherapy and Immunotherapy- मेडिकल ऑन्कोलॉजी – कीमोथेरेपी एवं इम्यूनोथेरेपी
Surgical Oncology – Robotic Cancer Surgery- सर्जिकल ऑन्कोलॉजी – रोबोटिक कैंसर सर्जरी
"Siemens Varian Radiotherapy" उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड की सर्वश्रेष्ठ रेडियोथेरेपी मशीन
0522-6666666, 080693 66666
@ChandanCares
Visit us on: www.chandanhospital.in
Download now Chandan 24x7 App
H-2021-0764
अयोध्या रोड, विजयंत खंड, गोमती नगर, लखनऊ-226010
Emergency Helpline (24×7): 0522-6666669
NonStop Care

CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 14-12-2025 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLPG3 User: pratik.awasthi Time: 12-14-2025 00:25 Color:

हमारे ख्वाब बहुत ऊंचे होने चाहिए। मैं कहती हूं कि हमारे सपने ऐसे नहीं होने चाहिए कि हम सिर्फ मूंगफली बेचते रह जाएं, बल्कि ऐसे होने चाहिए कि हम तारों तक पहुंच सकें। -p7

69वीं राष्ट्रीय स्कूली ऐथलेटिक्स प्रतियोगिता के पहले दिन तमिलनाडु और असम के खिलाड़ियों ने छह स्वर्ण जीते। उत्तराखंड ने रजत और दिल्ली व केरल ने कांस्य पदक जीता। -p6

230 रहा लखनऊ का AQI शनिवार को, जो खराब रहा।

1950 पर फोन कर SIR से जुड़ी किसी भी समस्या का समाधान पाया जा सकता है

चौथे दिन भी शहर की हवा खराब

हवा की रफ्तार में कमी और बादलों की आवाजाही का असर, तालकटोरा में AQI 338

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : शहर में बीते चार दिनों से शहर की हवा प्रदूषित चल रही है। बदले मौसम के कारण शहर का एक्यूआई लगातार खराब श्रेणी में चल रहा है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के एक्यूआई बुलेटिन के मुताबिक शहर का एक्यूआई शनिवार को 230 (खराब) दर्ज किया, जो शुक्रवार को 232 (खराब) था। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि शहर में हवा की रफ्तार में कमी और बादलों की आवाजाही के कारण एक्यूआई पर असर पड़ा है। शहर में इलाकेवार एक्यूआई का हाल बीबीएयू 203 (खराब), गोमतीनगर 201 (खराब), अलीगंज 279 (खराब), कुकरैल 111 (मॉडरेट), लालबाग 223 (खराब) और तालकटोरा 338 (बहुत खराब) रहा।



AI Image

मौसम विज्ञानियों का कहना है कि पश्चिमी हिमालयीय क्षेत्रों में संभावित आगामी पश्चिमी विक्षोभ और प्रदेश में संभावित पुरवा हवाओं व आंशिक बादलों के कारण आगामी 4 दिनों के दौरान न्यूनतम तापमान में 2-3 डिग्री की बढ़त हो रही है। हालांकि इस दौरान निम्न क्षोभमंडलीय स्थिरता के कारण कोहरे का दौर बना हुआ है। सुबह के समय धुन्ध के साथ पड़ रहे हल्के से मध्यम कोहरे के जारी रहने और हवा की रफ्तार कम होने से प्रदूषण का स्तर भी बढ़ रहा है। अगले तीन दिन बाद मौसम बदलने से प्रदूषण के स्तर में भी गिरावट आ सकती है।

315 ट्रेनें ऐंटी फॉग डिवाइस से लैस

AI Image

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल की 315 ट्रेनों को ऐंटी फॉग डिवाइस से लैस कर दिया गया है। कोहरे में ऐंटी फॉग डिवाइस ट्रेनों के सुरक्षित संचालन में मददगार साबित होती है। यही वजह है कि अब फॉग सिग्नल मैन भेज कर डेटोनेटर (पटाखा) लगाने की आवश्यकता भी खत्म हो गई है। पूर्वोत्तर रेलवे के सीपीआरओ पंकज कुमार सिंह ने बताया कि कोहरे में सुरक्षित संचालन के लिए पूर्वोत्तर रेलवे की कुल 980 ट्रेनों को एंटी फॉग डिवाइस से लैस किया जा चुका है, जिसमें लखनऊ मंडल में 315, इज्जतनगर मंडल में 250 और वाराणसी मंडल में 415 फॉग सेफ डिवाइस उपलब्ध करवाए गए हैं। साथ ही सभी प्रकार के सिग्नल पोस्टों पर ल्यूमिनस स्ट्रिप लगाई गई है। सिग्नल साइटिंग बोर्ड पर लाइन मार्किंग करवा दिया गया है। क्रॉसिंग पर लगे बैरियर पर भी ल्यूमिनस स्ट्रिप लगाई गई है। पंकज कुमार सिंह ने बताया कि कोहरे के दौरान सुरक्षित, संरक्षित और अपेक्षाकृत तेज ट्रेन संचालन में जीपीएस आधारित फॉग सेफ डिवाइस का अहम है। इस डिवाइस के पहले कोहरे के दौरान अधिकतम गति 60 किमी प्रति घंटा मान्य थी। जबकि फॉग सेफ डिवाइस लग जाने के बाद अधिकतम गति 75 किमी प्रति घंटा हो गई है। इस फॉग सेफ डिवाइस से आने वाले सिग्नल की जानकारी मिलने से लोको पायलटों का भरोसा बढ़ा है। सीपीआरओ ने बताया कि कोहरे के दौरान पूर्ण ब्लॉक पद्धति और ऑटोमेटिक ब्लॉक पद्धति में गाड़ियों के संचालन के संबंध में बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में सभी लोको पायलटों व सहायक लोको पायलटों की काउंसलिंग की गई है। पूर्वोत्तर रेलवे के तीनों मंडलों में सभी रेल रूटों पर सभी यात्रियों और मालगाड़ियों में फॉग सेफ डिवाइस का उपयोग किया जा रहा है।

खत्म हुई डेटोनेटर लगाने की जरूरत

शताब्दी, लखनऊ मेल समेत कई ट्रेनें कोहरे में अटकी

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: कोहरे की वजह से कई ट्रेनें शनिवार को देरी का शिकार हुई। आलम ये था कि शताब्दी एक्सप्रेस शनिवार को अपने तय समय से नई दिल्ली से सुबह 6:10 बजे रवाना हुई। अलीगढ़ पहुंचने तक ट्रेन 1:15 घंटे लेट हो गई। इसके अलावा 12230 लखनऊ मेल 1:15 घंटे, 12430 एसी एक्सप्रेस 1:05 घंटे, 12232 चंडीगढ़ सुपरफास्ट 3 घंटे, 12238 चंडीगढ़ सुपरफास्ट 1:40 घंटे, 13010 दून एक्सप्रेस 1:15 घंटे, 14307 प्रयागराज संगम बरेली एक्सप्रेस 1:40 घंटे, 14242 नौचंदी एक्सप्रेस 1:15 घंटे 13238 कोटा पटना एक्सप्रेस 2:08 और 15009 गोरखपुर इज्जतनगर एक्सप्रेस 1:15 घंटे लेट हुई।

1 जनवरी से बंथरा में होंगे DL के टेस्ट

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : राजधानी में नए साल के साथ ही एक जनवरी से ड्राइविंग लाइसेंस (डीएल) की व्यवस्था बदल जाएगी। अब बंथरा में बनकर तैयार प्राइवेट ड्राइविंग ट्रेनिंग सेंटर पर जाकर डीएल का टेस्ट देना होगा, इसमें आरटीओ का हस्तक्षेप काफी हद तक कम हो जाएगा। अब सिर्फ डीएल के अप्रूवल का काम उनके अधीन होगा। हाल ही में गाड़ियों की फिटनेस भी प्राइवेट हाथों में चले जाने के बाद आरटीओ का दखल पूरी तरह समाप्त हो चुका है। अब डीएल की बारी है।

परिवहन विभाग में एक और व्यवस्था में होगा बदलाव

प्राइवेट सेंटर पर जाकर देना होगा डीएल का टेस्ट

AI Image

परमानेंट ड्राइविंग लाइसेंस में गाड़ी चलाने की जरूरत पड़ती है। इसके लिए ऑनलाइन आवेदन के बाद आवेदक को आरटीओ ऑफिस में जाकर फॉर्म की स्क्रूटनी और फोटो व साइन कराना पड़ता है। इसके बाद आवेदक को वहां बने ट्रैक पर गाड़ी चलाने की जरूरत पड़ती है। आवेदन के बाद टेस्ट की इस प्रक्रिया के लिए आरटीओ की ओर से संभागीय निरीक्षकों की तैनाती की जाती है। साथ ही इनकी वीडियो भी बनती है। अब नई व्यवस्था के तहत प्राइवेट ट्रेनिंग सेंटर बनकर तैयार हुआ है। आवेदक को वहां जाने के बाद टेस्ट देना होगा। टेस्ट में पास या फेल की रिपोर्ट आने के बाद आरटीओ के लेवल से अप्रूवल दिया जाएगा। जिसके बाद आवेदक को उसका लाइसेंस बनेगा। नई व्यवस्था में भी प्राइवेट संचालक को पूरे मामले की वीडियो बनानी होगी।

काम की खबरें

कानपुर के एलिवेटेड रूट का अधूरा काम पूरा करने की कवायद तेज

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेस-वे के एलिवेटेड रूट का अधूरा काम पूरा करवाने की कवायद तेज हो गई है। निर्माण में रोड़ा बन रहे तीसरे पोल को भी मंगवाकर टेस्टिंग के लिए भेज दिया गया है। NHAI के अफसरों की देखरेख में कार्यदायी फर्म 18 दिसंबर से एलिवेटेड पैच को जोड़ने का काम शुरू करेगी।

तीसरा पोल भी टेस्टिंग के लिए भेजा गया, 18 से शुरू होना है काम

सरोजनीनगर में स्कूटर इंडिया के पास बिजली के पोल शिफ्ट न होने से एलिवेटेड रूट के एक पैच को अभी तक जोड़ा नहीं जा सका है इसीलिए एक्सप्रेस-वे पर ट्रैफिक का संचालन शुरू नहीं किया जा सका है। NHAI के अधिकारियों ने शनिवार को भी मौके का जायजा लिया।

घैला पुल की सफाई, हटेगा अतिक्रमण

■ NBT न्यूज, लखनऊ: नगर आयुक्त ने शनिवार को पीएम के आगमन को लेकर कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर अटल प्रेरणा स्थल का जायजा लिया। नगर आयुक्त गौरव कुमार ने अटल बिहारी प्रेरणा स्थल एवं उसके आसपास स्थित संपर्क मार्गों का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों से बंधा रोड से लगे प्लाटों की सफाई करवाने के लिए कहा। साथ ही घैला पुल की साफ-सफाई के साथ-साथ अंजनी बाई चौराहा एवं जॉगर्स पार्क के दोनों ओर के अतिक्रमण को हटवाने के निर्देश दिए।

12 विभागों के लिए खरीद प्रक्रिया पूरी

KGMU



HRF पर नहीं मिल रहीं सभी दवाएं, तीमारदार परेशान

13 दिसंबर को प्रकाशित हुई थी खबर,तीन दिन में जारी होगा टेंडर

■ NBT न्यूज, लखनऊ : KGMU में अब तक की सबसे बड़ी टेंडर प्रक्रिया जल्द शुरू होने जा रही है। हॉस्पिटल रिवॉल्विंग फंड (HRF) के चेयरमैन प्रो. कुमार शंतनु ने बताया कि तीन से चार दिनों में मेगा टेंडर जारी कर दिया जाएगा। कुलपति की अनुमति मिल चुकी है और सभी विभागों से दवाओं व सामग्री की मांग सूची प्राप्त कर ली गई है। 12 प्रमुख विभागों के लिए खरीद प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। प्रो. शंतनु के अनुसार 2025 में HRF के तहत 12 बड़े टेंडर पूरे किए गए। इनमें ऑर्थोपेडिक्स, ऑफ्थैल्मोलॉजी, डेंटल, न्यूरोसर्जरी, स्पाइन सर्जरी (इम्प्लांट्स), सीटीवीएस, ईएनटी, स्यूचर्स और रेडियोलॉजी जैसे विभाग शामिल हैं। कुलपति के स्पष्ट दिशा-निर्देश से 60 से 70% तक की छूट मिली है। इनमें लगभग 10,000 उत्पाद शामिल हैं। इनमें 6,500 दवाएं और 3,500 सर्जिकल आइटम हैं। वर्तमान में HRF के माध्यम से करीब 5,000 दवाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं। केवल बड़ी प्रतिष्ठित कंपनियां पात्र होंगी, जो 80% तक की छूट पर उच्च गुणवत्ता की सामग्री देंगी। इस मेगा टेंडर में देश और विदेश की शीर्ष मल्टीनेशनल कंपनियों की भागीदारी की संभावना है।

22 आउटलेट्स, 75-90% दवाएं उपलब्ध : फिलहाल HRF के 22 आउटलेट संचालित हैं, जहां 75 से 90% तक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। शेष दवाएं भर्ती मरीजों को एलपी टेंडर के माध्यम से औसतन 45% छूट पर उपलब्ध करवाई जा रही हैं। सभी आउटलेट्स सीसीटीवी निगरानी में हैं। UPI, BHIM, Paytm और PhonePe जैसे डिजिटल माध्यमों से लगभग 30 प्रतिशत भुगतान हो रहे हैं। गांधी वॉर्ड के पास 24×7 आउटलेट, रेडियोथेरेपी विभाग के पास, लारी कार्डियोलॉजी और शताब्दी फेज-2 में नए आउटलेट्स प्रस्तावित हैं। असाध्य रोग योजना, आयुष्मान भारत योजना और CM/PM राहत कोष के मरीजों को HRF के माध्यम से दवाएं मिल रही हैं।

NBT फॉलोअप

डाक बांटने में लापरवाही पर पोस्टमैन निलंबित

■ NBT न्यूज, लखनऊ : मानकनगर में डाक बांटने में लापरवाही और अनियमितता करने के आरोपित पोस्टमैन बातीलाल को अनुशासनात्मक कार्रवाई के तहत निलंबित कर दिया गया है। उपभोक्ताओं की शिकायत के बाद प्रथम दृष्टया आरोप सही पाने के बाद ये कार्रवाई की गई।

11 दिसंबर को प्रकाशित किया था मामला, जांच में आरोप सही मिले

मानक नगर डाकघर में पोस्टमैन बातीलाल पर उपभोक्ताओं से अभद्रता करने और बिना डाक बांटे लोगों के फर्जी हस्ताक्षर कर डाक वितरण दिखा देने का आरोप था। उपभोक्ताओं ने इस बात की डाकघर में लिखित शिकायत की थी। उपभोक्ताओं की शिकायत पर एनबीटी ने 11 दिसंबर के अंक में प्रमुखता से खबर प्रकाशित की थी, जिसका प्रवर अधीक्षक कार्यालय लखनऊ मंडल ने संज्ञान लिया था। मामले में प्रवर अधीक्षक ने शिकायतों की जांच कर कार्रवाई करने के आदेश दिए थे, जिसके बाद कंप्लेंट इंस्पेक्टर को मामले की जांच सौंपी गई थी और जिसमें आरोप सही मिले। इसके बाद उच्चाधिकारियों ने पोस्टमैन को निलंबित कर दिया।

शहर में आज

- जनसंस्कृति मंच का 10वां राज्यस्तरीय सम्मेलन, नेहरू युवा केंद्र हुसैनाबाद, सुबह 10 बजे।
- फेमिना मिस इंडिया का ऑडिशन, बीबीडी यूनिवर्सिटी, अयोध्या रोड, सुबह 10 बजे।
- युवा साहित्य चेतना मंच की ओर से कवि सम्मेलन, एसआर ग्लोबल स्कूल, बीकेटी, सुबह 10:30 बजे।
- ब्लड डोनेशन कार्निवॉल, ब्रीनवुड अपार्टमेंट, एबीके ब्लॉक, गोमती नगर विस्तार, सुबह 10:30 बजे।
- मेटाफार लखनऊ लिट फेस्ट, ली प्रेस नवल किशोर रोड, सुबह 11 बजे।
- एसजीपीजीआईएमएस का स्थापना दिवस समारोह, संस्थान श्रुति प्रेक्षागृह, सुबह 11: 30 बजे।

सराफा

सोना स्टैंडर्ड (99.5 शुद्धता) प्रति 10 ग्राम
लखनऊ ₹1,35, 900
चांदी .999 टंच प्रति किलो
लखनऊ ₹1,98,000

मौसम

अधि.तापमान 25.2 डिग्री
न्यून.तापमान 10.5 डिग्री
सूर्यास्त रविवार 5:15 बजे
सूर्योदय सोमवार 6:47 बजे

पुरनपुर प्राथमिक विद्यालय का मर्जर आदेश निरस्त

■ NBT न्यूज, मोहनलालगंज : मोहनलालगंज विकासखंड क्षेत्र के पुरनपुर प्राथमिक विद्यालय के मर्जर (विलय) का आदेश आधिकारिक रद्द कर दिया गया है। आदेश निरस्त होने की सूचना मिलते ही स्कूल के छात्रों, अभिभावकों और ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ गई। बताया जा रहा है कि मर्जर आदेश के बाद बच्चों की पढ़ाई, आवागमन और सुविधाओं को लेकर अभिभावक चिंतित थे। लगातार जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों और अभिभावकों द्वारा उठाई गई मांगों के बाद विभाग ने मामले पर पुनर्विचार करते हुए मर्जर आदेश को रद्द कर दिया। स्कूल दोबारा संचालित होने से बच्चों को अब अपने ही गांव में शिक्षा प्राप्त करने की सुविधा मिलेगी। ग्रामीणों ने इस निर्णय को बच्चों के हित में बताते हुए प्रशासन का आभार व्यक्त किया है। विद्यालय परिसर में बच्चों के चेहरों पर खुशी साफ नजर आई और शिक्षकों ने भी इसे सकारात्मक निर्णय बताया।

छात्रों, अभिभावकों और ग्रामीणों ने जताई खुशी

3 किमी दूर कंपोजिट स्कूल में किया था विलय : ग्रामीणों ने बताया बीएसए ने पहली जुलाई को पुरनपुर प्राथमिक विद्यालय का विलय 2.8 किमी दूर स्थित कंपोजिट स्कूल शिवढ़ा में कर दिया था। स्कूल की दूरी ज्यादा होने और बीच में रिंग रोड पार कर जाने की वजह से स्कूल के 90% बच्चों ने पढ़ाई छोड़ दी थी। अभिभावक स्कूल की अधिक दूरी और हादसे के डर से बच्चों को स्कूल नहीं भेज रहे थे।

'रिसॉर्ट ब्याज के साथ लौटाए बुकिंग के 4 लाख रुपये'

■ आयुष तिवारी, लखनऊ : फाइव स्टार समसकारा रिसॉर्ट एंड स्पा को राज्य उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग से झटका लगा है। आयोग के अध्यक्ष जस्टिस अजय कुमार श्रीवास्तव ने रिसॉर्ट को बुकिंग के दौरान जमा की गई 4 लाख रुपये की अग्रिम धनराशि 6% वार्षिक ब्याज सहित वापस करने का आदेश दिया है। आयोग ने जिला उपभोक्ता आयोग के फैसले को सही मानते हुए उसमें आंशिक संशोधन किया है। आयोग ने जहां ब्याज दर को 12 प्रतिशत से घटाकर 6 प्रतिशत किया, वहीं वादी को मुकदमे का खर्च स्वयं वहन करने का निर्देश दिया। मामला आगरा निवासी पूसी शर्मा से जुड़ा है। उन्होंने दिसंबर 2020 को बेटी की शादी के लिए समसकारा रिसॉर्ट बुक किया था। इसके लिए कुल बुकिंग राशि का 25% (4 लाख रुपये) अग्रिम के तौर पर जमा किए गए थे। इसी बीच कोरोना के चलते लॉकडाउन लागू हो गया। इस दौरान दूल्हे के पिता का संक्रमण से निधन हो गया, जिससे कार्यक्रम रद्द करना पड़ा। इन परिस्थितियों में पूसी शर्मा ने रिसॉर्ट से बुकिंग कैंसल कर कटौती के बाद जमा राशि वापस करने का अनुरोध किया, लेकिन रिसॉर्ट ने धनवापसी से इनकार कर दिया। इसके बाद पूसी शर्मा ने जिला उपभोक्ता आयोग, आगरा में रिसॉर्ट के खिलाफ मामला दायर किया था। जिला आयोग ने वादी के पक्ष में फैसला सुनाते हुए रिसॉर्ट को अग्रिम राशि लौटाने के साथ ही मानसिक कष्ट और मुकदमे के खर्च के रूप में 50 हजार रुपये दो महीने के भीतर देने का आदेश दिया था।

राज्य उपभोक्ता आयोग ने वादी के पक्ष में सुनाया फैसला

500 बीघा जमीन करवाई अतिक्रमण मुक्त

■ NBT न्यूज, लखनऊ: एलडीए की टीम ने शनिवार को काकोरी में 11 घंटे कार्रवाई कर 500 बीघा से अधिक जमीन को खाली करवाया। जोनल अधिकारी देवांश त्रिवेदी ने बताया कि 25 जेसीबी व 2 पोकलैंड मशीन की मदद से लगातार 11 घंटे तक चली कार्रवाई में सभी अवैध निर्माण ध्वस्त कर दिए गए। इससे पहले कुकरैल नदी के किनारे अवैध रूप से बसे अकबर नगर को ढहाया गया था, जो कि अवैध निर्माण के खिलाफ प्रदेश का सबसे बड़ा अभियान था। एलडीए की ओर से आगरा एक्सप्रेस-वे पर 6,580 एकड़ में वरुण विहार योजना विकसित की जा रही है। जिसके लिए काकोरी के 12 गांवों की भूमि किसानों से जुटाई जा रही है।

ऊर्जा संरक्षण दिवस आज | एक गीगावॉट सोलर रूफटॉप का लक्ष्य पूरा, प्रतिदिन बन रही 40 लाख यूनिट बिजली

हर साल 13 लाख टन कार्बन उत्सर्जन में आएगी कमी

AI Image

लखनऊ में सोलर एनर्जी उत्पादन

शहर	इंस्टाल सोलर पैनल	प्रतिदिन उत्पादित यूनिट बिजली
लखनऊ	60,911	9,59,348.25
बनारस	25,584	4,02,948.00
कानपुर	18,130	2,85,547.50
बरेली	12,543	1,97,552.25
आगरा	10,782	1,69,816.50

■ NBT न्यूज, लखनऊ : प्रदेश में एक लाख गीगावॉट रूफटॉप सोलर पैनल से लग चुके हैं, जिससे प्रतिदिन 40-45 लाख यूनिट बिजली बन रही है। इससे प्रदेश में सालाना 13 लाख टन कार्बन उत्सर्जन में कमी आएगी। लखनऊ शहर 60,911 घरों में सोलर पैनल लगाकर प्रतिदिन 9.59 लाख बिजली यूनिट पैदा करने के साथ प्रदेश में अव्वल है।

नेडा के अधिकारियों के मुताबिक ऊर्जा संरक्षण को लेकर विभिन्न स्तर पर काम चल रहा है। इनमें फाइव स्टार रेटिंग वाले विद्युत उपकरणों को बढ़ावा देने के साथ ही लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इस क्रम में यूपी बिल्डिंग रूल्स-2025 में आवास बंधु मानक के तहत एनर्जी कंजर्वेशन बिल्डिंग कोड लागू किया गया है, जिसके तहत भवनों की खास तरीके से डिजाइनिंग जरूरी है, ताकि भवन परिसरों में पर्याप्त रोशनी और तापमान रहे और बिजली की बचत हो सके। साथ ही संबंधित भवनों में ग्रीनिंग, वॉटर रिचार्ज, फाइव स्टार रेटिंग वाले विद्युत उपकरण, सोलर पैनल आदि की अनिवार्यता को शामिल किया है। लखनऊ में ईसीबीसी के मानकों के अनुरूप फिलहाल डेमो बिल्डिंग, हजरतगंज स्थित सूचना निदेशालय, गोमती नगर के विभूतिखंड में जीएसटी भवन प्रमुख रूप शामिल हैं। नेडा की रिपोर्ट के मुताबिक पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत 30 अक्टूबर 2025 तक शहर के 60,911 घर सोलर पैनल से लैस चुके हैं, यह पैनल प्रतिदिन 9.59 लाख बिजली यूनिट बना रहे हैं, वह भी बिना किसी तरह का पर्यावरण को नुकसान पहुंचाए। इसके साथ ही योजना के 8 हजार से ज्यादा सोलर पैनल पैनल के लिए आवेदन प्रक्रिया में हैं।

कैसे कर सकते हैं अप्लाई : नेडा के जिला परियोजना अधिकारी कमलेश सिंह के अनुसार पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत ऑन ग्रिड तकनीकी पर संचालित सोलर पैनल लगवाने के लिए बिजली कनेक्शन जरूरी है। विद्युत कनेक्शन का जितने किलोवॉट (स्वीकृत लोड) का होगा, उससे अधिक लोड का सोलर पैनल नहीं लग सकता। आवेदन की प्रक्रिया ऑनलाइन है, नेशनल पोर्टल पर। बिजली कनेक्शन के अकाउंट नंबर की मदद से सोलर पैनल के लिए पंजीकरण करा सकते हैं। आगे की प्रक्रिया बिजली कंपनियों के स्तर से शुरू होती है। आवेदन स्वीकृत होने पर संबंधित डिस्कॉम (मध्यांचल विद्युत वितरण निगम) से पंजीकृत वेंडर्स आवेदक से संपर्क करेंगे। पैनल की प्लेट और मीटर आदि के लिए वेंडर आवेदक के परिसर का मुआयना कर जगह चिह्नित करने के साथ अपना काम शुरू कर देगा। पैनल लगने के बाद नेट मीटर की फीटिंग के लिए संबंधित क्षेत्र के विद्युत उपकेंद्र से रिपोर्ट लगने के बाद नेडा के जिला कार्यालय से फिजिबिलिटी रिपोर्ट लगेगी। रिपोर्ट के बाद अधिकतम एक महीने में आवेदक के बैंक खाते में सब्सिडी की रकम आ जाएगी

SHRI RAMSWAROOP MEMORIAL UNIVERSITY
Lucknow-Deva Road, Uttar Pradesh

ADMISSIONS OPEN
Ph.D. PROGRAMME
2025-26 (EVEN SEMESTER)

1100+ Research Papers Published
400+ Books & Book Chapters Published
200+ Ph.D. Awarded
22 Research & Consultancy Projects (Total Funding: 2.90+ Crores Approx.)
150+ Patents Granted/ Published

SUBJECT AREA
• Physics • Chemistry • Mathematics • English • Psychology • Sociology • Political Science • Social Work • Public Health • Legal Studies • Management • Commerce • Civil Engineering • Mechanical Engineering • Electrical & Electronics Engineering • Computer Science • Bio-Sciences • Biotechnology • Media Studies • Horticulture (Fruit Science) • Agronomy • Education

Apply online : https://phdadmission.srmu.ac.in/

Please visit University website www.srmu.ac.in for the latest updates
Research Aptitude Test (RAT) dates will be intimated subsequently.
Applicants having NET/JRF/M.Phil degree will be called directly for the interview.

For Ph.D. enquiry & further details: +91-7784940188 www.srmu.ac.in
For enquiry about other courses 1800-102-6004

जीवन साथी

दिल का रिश्ता

वधू चाहिए

जाति आधारित

अग्रवाल-बिसा

SM4 H'some IITD, IIMC, jain agarwal boy sept 96 born 6' from well edu. B'ness family from Gzb, wkg as Sr consultant with big 4 co. W App 8882404228

UP bsd Agwl boy Dec.84/5'8" B.Tech MBA, I'less Div Wrkg MNC Gurgaon 28 LPA Stld In Delhi Seeks bride # 9871032142 E: agarwaldelhi07@gmail.com

SM4 Gupta/ Aggrwal (Tayal Gotra) 31/5'5" /B.Tech- CS, MBA, M.Tech Wrkg in IT Co. 32 LPA, Noida bsd fmly, Seeks PQ Wrkg girl # 9810243671

ब्राह्मण

SANADYA BRAHMIN boy 29/6'3" B.Tech(CS) working in Gurugram Salary 50+LPA Father Retd Class 1 officer Ph 8130111534

S Delhi bsd High Status Br. family Sr Bureaucrats invite match for never married only son, h'some, 5'11"/ early forties, B.Tech/ MBA, Premier Institutes, wkg Ggn, Sr position, US bsd MNC. # 9810705641

चाहिए सुंदर सुशील वधू बिना दहेज गौड़ ब्राह्मण कौशिक दिल्ली वाले वर के लिए, 34 / 5'8" / इंजीनियर / लिमिटेड कंपनी में नौकरी 4 लाख सालाना # 9481539601

SM4 Gaur Brahmin (Vashisth) Boy, Manglik /28.01.1994 /07:10 am/Delhi/5'10"/Grad./Self Employed/Own office. Delhi Based 9891110773

दिल्ली निवासी चतुर्वेदी (माध्यंदिन) ब्राह्मण, 29 वर्षीय, MBA, 12.40 LPA, 5'7" लड़के के लिए वधू चाहिए सभी ब्राह्मण मान्य। # 8127178158, 9870416324

PQM for Brahmin boy, Jan 88, 5'11", TT, B.E., MBA Officer, Central Govt. PSU, Seeks B.ful Qlfd Girl # Call & W'App - 9810032218, 9626264847

30, 5'8", Bhargav, Brahmin, MBA, Mumbai based professional, seeks a w'edu, cultured & graceful bride. All Brahmin welcome 9826097284

SM4 Brahmin 27/5'11 B.Tech Fmly Exprt buss. Seeks well edu. girl. All upper caste accepted. Pref. Jdhpr, Jpr, udpr. 8769221579, 7014841523

H'SOME 44/5'11" knkj B.Tech(C.S),M.B.A (London), properties Delhi NCR, Lko worked MNC, now self company Glint India technologies 108 noida 40LPA, never married, 9415142535

SPB Sept.'1994, 5'8" Gautam Gotra, Aadi Naadi, UP based, MS (Optha) seeks Medico Bride (pref. MS Optha). Contact 8176940724

चिनहट के मल्हौर इलाके में पीड़ित युवती परिवारीजनों के साथ रहती है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि उसकी स्कूल टाइम की सहेली रूपा राय ने इंस्टाग्राम आईडी पर मेसेज भेजा। पीड़िता ने उस मेसेज का जवाब दे दिया। दोनों के बीच बातचीत शुरू हो गई। इसके बाद रूपा राय की इंस्टाग्राम आईडी से पीड़िता के पास अश्लील मेसेज और विडियो आना शुरू हो गए। पीड़िता के मुताबिक विरोध करने पर उनकी फोटो डाउनलोड करके एआई की मदद से अश्लील विडियो और फोटो बनाकर भेजना शुरू कर दिया गया। यही नहीं पीड़िता की अश्लील फोटो विडियो बनाकर सोशल मीडिया पर पब्लिक भी कर दी गई। पीड़ित ने रूपा के नंबर पर कॉल की। उस समय कॉल रिसीव नहीं हुई। दो दिन बाद पीड़िता के मोबाइल नंबर पर कॉल आई। उससे बात करने पर कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया। दावा किया कि उसके नाम से किसी ने आईडी बना ली है। पीड़िता ने पुलिस से शिकायत करने की बात कही तो रूपा टालमटोल करने लगी। पीड़िता के मुताबिक अब उक्त आईडी से मेसेज आने पर जैसे ही वो देखती है, मेसेज डिलीट कर दिए जाते हैं।

बदनाम करने की दे रहे धमकी

पीड़िता के मुताबिक उसे लगातार बदनाम करने की धमकी दी जा रही है। अश्लील और विडियो वायरल करने की धमकी दी जा रही है। पीड़िता ने इस संबंध में पूर्व में पुलिस से शिकायत की थी। पर, पुलिस ने उस समय कार्रवाई नहीं की थी। पीड़िता ने मदद के लिए गुहार लगाई थी। कोर्ट के आदेश पर पीड़िता ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस का कहना है कि मामले की पड़ताल की जा रही है।

लोगों के जेवर और कैश लेकर सर्राफ पिता और पुत्र फरार

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : गुडंबा इलाके में पिता-पुत्र ने जूलरी शॉप खोलकर 15 लोगों से लाखों रुपये का फ्रॉड किया है। पीड़ितों का दावा है कि किसी के गिरवी रखे गए गहने तो किसी की जूलरी तैयार करने के एडवांस में लिए गए रुपये लेकर आरोपित पिता-पुत्र फरार हो गए हैं। पीड़ितों के मुताबिक आरोपितों से सम्पर्क कर रुपये और जूलरी वापस मांगी तो उन्होंने गाली गलौच की। पीड़ितों के आरोपों के आधार पर गुडंबा पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

पीड़ितों की शिकायत पर गुडंबा पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

गुडंबा के मिश्रपुर इलाके में सुधी उपाध्याय रहती है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि इलाके में बाराबंकी के टिकैतगंज निवासी आरोपित राहुल सोनी और गिरीश चन्द्र सोनी ने जूलरी शॉप खोली थी। पीड़िता ने बताया कि उनके 3.5 लाख रुपये, मुन्नूनूर के 3 लाख रुपये, मुन्नी गौतम के 3 लाख रुपये, वंदना गौतम के 1 लाख रुपये के जेवरात, मंजू गौतम के 30 हजार रुपये, गुलशन के 80 हजार रुपये, ज्योति के 1 लाख रुपये, सुनीता के 1 लाख रुपये, संदीप के 10 हजार रुपये के जेवरात, विनय यादव के 80 हजार रुपये, निशान सिंह के 4 लाख रुपये, रुकइया के 10 हजार रुपये, रेनू कुमार के 4 लाख रुपये, तबस्सुम के 80 हजार रुपये, मोहसीना के 50 हजार रुपये, शीला गुप्ता के 3,00,000 रुपये, शुभी के 2,00,000 रुपये, आकाश रावत के 1,50,000 रुपये आरोपित राहुल और उसके पिता गिरीश चन्द्र सोनी ने हड़प लिए। आरोपितों ने पीड़ितों को बिल भी दिए थे। पीड़ितों ने पुलिस को बताया कि आरोपित दीपावली के बाद से फरार हैं। पीड़ितों ने आरोपितों से बात करने की कोशिश की थी तो उन्होंने गाली गलौच किया। पीड़ितों को झूठे मामले में फंसाने की धमकी दी गई।

चोरों ने कैश और लाखों के जेवर उड़ाए

■ टीम NBT, लखनऊ : थाना माल क्षेत्र में गुरुवार रात अलग-अलग स्थानों पर हुई दो चोरियों में लाखों रुपये के जेवर और नकदी पर हाथ साफ कर दिया गया।

अटारी पंचायत निवासी लल्लू यादव के घर पीछे की दीवार में सेंध लगाकर चोर करीब एक लाख रुपये के सोने-चांदी के जेवर और 35 हजार रुपये नकद चोरी कर ले गए। वहीं पड़ोसी रामदुलारे के घर में सेंध लगाने का प्रयास किया गया, लेकिन किसी कारणवश चोर सफल नहीं हो सके। दूसरी घटना माल कस्बे की है, जहां विनोद के घर चोर छत के रास्ते दाखिल हुए और लगभग दो लाख रुपये के जेवर तथा 40 हजार रुपये लेकर फरार हो गए।

इसी तरह बिजनौर इलाके में एक बंद मकान को चोरों ने निशाना बनाया। रहीमाबाद निवासी जानकी देवी के घर का ताला तोड़कर चोरों ने करीब एक लाख रुपये के गहने और 20 हजार रुपये नकद चोरी कर लिए। जानकी देवी घर बंद कर मायके गई थीं। शनिवार सुबह चोरी की जानकारी होने पर पुलिस को सूचना दी गई। उधर, अलीगंज में एलआईसी के प्रशासनिक अधिकारी संजय कुमार के घर जाली काटकर चोर 8 लाख रुपये के गहने और 40 हजार रुपये नकद ले गए। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

शराब की दुकान में चोरी का खुलासा, आठ गिरफ्तार

■ NBT न्यूज, आलमबाग : कृष्णानगर पुलिस ने वीआईपी रोड स्थित शराब दुकान में हुई चोरी के आरोप में आठ चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपितों के पास से चोरी में प्रयुक्त औजार, दो पेटी अंग्रेजी शराब और 30,500 रुपये बरामद किए हैं।

कोतवाली प्रभारी पीके सिंह के अनुसार बीते बुधवार रात शराब दुकान का ताला तोड़कर चोरी की गई थी। पूछताछ में गिरफ्तार आरोपितों ने अपने नाम आशीष यादव, शुभम तिवारी, ओमप्रकाश, अमर सिंह उर्फ समर, पिंटू, असरफ उर्फ मिथुन, शिवम वर्मा और विनय सिंह बताए। आरोपितों पर राजधानी के अन्य थानों में भी आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने सभी को जेल भेज दिया है।

बिना FRRO को सूचना दिए विदेशी नदवा में रुका, FIR

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ

■ फिलीपींस का नागरिक टूरिस्ट वीजा पर आया था भारत
■ प्रिंसिपल मौलाना अब्दुल अजीज नदवी, सब-रजिस्ट्रार हारून रशीद, हॉस्टल वार्डन मो. कैसर नदवी और मुख्य गेट पर तैनात सुरक्षाकर्मी व कॉलेज के अन्य पदाधिकारियों को नामजद किया गया

टूरिस्ट वीजा पर भारत आए एक विदेशी नागरिक के नदवा कॉलेज परिसर में एफआरआरओ को सूचना दिए बिना ठहराने पर हसनगंज पुलिस स्टेशन में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। इस मामले में कॉलेज के प्रधानाचार्य समेत कॉलेज के अन्य पदाधिकारियों को आरोपित बनाया गया है। पुलिस का कहना है कि मामले की पड़ताल की जा रही है।

इंस्पेक्टर हसनगंज चितवन कुमार ने बताया कि फॉरिनर्स रीजनल रजिस्ट्रेशन ऑफिस (FRRO) से सूचना दी गई थी कि फिलिपींस का नागरिक मोहम्मद एरॉन सलिप टूरिस्ट वीजा पर दिल्ली आया था। दिल्ली पहुंचने के बाद वह 30 नवंबर से 2 दिसंबर तक दारुल उलूम नदवतुल उलमा परिसर में रुका था। नियमों के अनुसार विदेशी नागरिक या फिर कॉलेज प्रबंधन को इस संबंध में फार्म सी के जरिए एफआरआरओ को सूचना देनी चाहिए थी। पर, किसी ने भी सूचना नहीं दी।

नियमों के अनुसार टूरिस्ट वीजा पर भारत आने वाले विदेशी नागरिकों को किसी भी तरह की धार्मिक प्रचार-प्रसार से जुड़ी गतिविधियों में शामिल होने की अनुमति नहीं होती। इंस्पेक्टर के मुताबिक शक जताया गया था कि विदेशी नागरिक धार्मिक प्रचार के सिलसिले में आया था। हालांकि कॉलेज प्रबंधन का कहना है कि विदेशी नागरिक अपने दोस्त से मिलने हास्टल आया था।

कॉलेज प्रशासन पर गंभीर आरोप

इंस्पेक्टर के मुताबिक दारुल उलूम नदवतुल उलमा के प्रिंसिपल मौलाना अब्दुल अजीज नदवी, सब-रजिस्ट्रार हारून रशीद, हॉस्टल वार्डन मोहम्मद कैसर नदवी और मुख्य गेट पर तैनात सुरक्षाकर्मी ने जानबूझकर विदेशी नागरिक के कॉलेज परिसर में आने और ठहरने की जानकारी स्थानीय पुलिस स्टेशन और एफआरआरओ को नहीं दी। जांच के बाद जब तथ्यों की पुष्टि हुई तो विदेशी पंजीकरण कानूनों के उल्लंघन के आरोप में संबंधित अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई।

साइबर ठगों ने खाते से उड़ाए ₹66 हजार

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ

विकासनगर इलाके में साइबर ठगी का एक और मामला सामने आया है। साइबर जालसाजों ने एक व्यक्ति के बैंक खाते से 66,961 रुपये निकाल लिए। पीड़ित की शिकायत पर विकासनगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पीड़ित ने विकासनगर पुलिस स्टेशन में दर्ज कराई रिपोर्ट

विकासनगर के कमला नेहरू नगर निवासी केशव सिंह ने पुलिस को बताया कि वह अपने एक परिचित को ऑनलाइन रुपये भेज रहे थे। इसी दौरान गलती से 10 हजार रुपये किसी अन्य व्यक्ति के खाते में ट्रांसफर हो गए। रुपये वापस पाने के लिए उन्होंने संबंधित खाताधारक से संपर्क किया। उसने खाते में रुपये न होने की बात कहकर रुपये वापस करने से मना कर दिया। इसके बाद केशव सिंह ने गूगल पर फोन-पे कस्टमर केयर का नंबर तलाश और उस पर कॉल की। कॉल रिसीव नहीं हुई। इसी दौरान एक अज्ञात व्यक्ति ने व्हॉट्सऐप पर विडियो कॉल कर खुद को कस्टमर केयर प्रतिनिधि बताया। जालसाज ने समस्या के समाधान का झांसा देकर पीड़ित से जरूरी जानकारियां हासिल कर लीं। कुछ ही देर में केशव सिंह के खाते से 56,961 रुपये और निकल गए। ठगी होने का एहसास होने पर पीड़ित ने विकासनगर पुलिस स्टेशन में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

कार्रवाई | तीन शिफ्टों में की गई चेकिंग, काटे गए रेकॉर्ड तोड़ चालान, पब्लिक प्लेस पर शराब पीने पर भी सख्ती

पुलिस ने उतारा 'रंगबाजी' और 'नशेबाजी' का 'सुरूर'

■ NBT न्यूज, लखनऊ : सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने और यातायात नियमों के उल्लंघन पर लगाम कसने के लिए पुलिस ने शनिवार को शहरभर में सख्त अभियान चलाया। इसके तहत प्रमुख चौराहों, बाजारों और व्यस्त मार्गों पर एक साथ चेकिंग की गई। अभियान के दौरान पब्लिक प्लेस पर शराब पीते मिले लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई, वहीं दोपहिया वाहन चालकों की व्यापक जांच में नियम तोड़ने वालों पर जमकर चालान काटे गए।

पुलिस के अनुसार, शनिवार को कुल 7,563 दोपहिया वाहनों के चालान किए गए। इससे पहले बुधवार को भी 7,568 दोपहिया वाहनों के चालान काटे जा चुके हैं, बावजूद इसके चालकों की लापरवाही कम नहीं हुई। कैसरबाग, हुसैनगंज, नक्खास, अटल चौक, तेलीबाग, 1090 चौराहा, आईटी चौराहा, निशातगंज और अवध चौराहा समेत कई स्थानों पर पुलिस ने वाहन चेकिंग की। जेसीपी लॉ एंड ऑर्डर बबलू कुमार ने बताया कि अधिकांश चालान हेलमेट न पहनने के कारण किए गए। इसके अलावा कई वाहनों पर नंबर प्लेट नहीं पाई गई, जबकि कुछ चालक वाहन के कागजात प्रस्तुत नहीं कर सके। ऐसे मामलों में पुलिस ने वाहनों को सीज भी किया। सबसे अधिक कार्रवाई पुराने लखनऊ के पश्चिम जोन में दर्ज की गई। पुलिस अधिकारियों ने साफ किया कि सड़क सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा और नियम तोड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

जोन	चालान	सीज
पश्चिम	684	21
मध्य	476	10
उत्तरी	227	39
पूर्वी	60	25
दक्षिण	429	8

शादी का झांसा देकर दुष्कर्म, गिरफ्तार

■ NBT न्यूज, लखनऊ : ठाकुरगंज पुलिस ने शादी का झांसा देकर महिला से दुराचार करने वाले आरोपित को शनिवार सुबह गिरफ्तार कर लिया है।

थाना प्रभारी ओमवीर सिंह ने बताया कि आरोपित गऊघाट अहमदगंज निवासी मोहम्मद अनस को गिरफ्तार किया गया है। आरोपित और पीड़ित महिला की मुलाकात घंटाघर के पास हुई थी। कुछ दिनों में दोनों के बीच नजदीकियां हो गईं। आरोपित ने शादी का झांसा देकर महिला के साथ दुराचार किया। प्रग्नेंट होने पर उसका गर्भपात कराया। जिसके बाद शादी से इनकार कर दिया। दबाव बनाने पर आरोपित ने पीट दिया। पीड़िता ने आरोपित के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 14-12-2025 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLP6 User: amit.jaiswal1 Time: 12-13-2025 23:52 Color:

LU वीसी के लिए कुलपतियों ने दिए इंटरव्यू

■NBT रिपोर्ट, लखनऊ: लखनऊ विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर की तैनाती का काउंटडाउन शुरू हो गया है। राजभवन में शनिवार को एलयू वीसी की तैनाती के लिए साक्षात्कार आयोजित किया गया। कुल 24 लोगों को बुलाया गया था इसमें ज्यादातर विश्वविद्यालयों के सिटिंग वीसी शामिल रहे। इसमें लखनऊ के दो विश्वविद्यालयों के पूर्व व वर्तमान वीसी भी शामिल हुए। इसके अलावा यूपी के तीन से चार जिलों के विश्वविद्यालयों के वीसी के साथ ही बिहार व राजस्थान के विश्वविद्यालयों के कुलपतियों ने इंटरव्यू दिए हैं। इसके अलावा लखनऊ विश्वविद्यालय के दो सीनियर प्रोफेसर भी इस रेस में शामिल हैं।

एलयू के दो सीनियर प्रोफेसर भी रेस में

आईआईटी व आईआईएम के शिक्षक भी शामिल रहे। कुल 13 दावेदारों ने राजभवन में आकर इंटरव्यू दिये हैं जबकि कुछ के इंटरव्यू ऑनलाइन हुए हैं। एलयू के ही पूर्व कुलपति व वर्तमान कुलपति इस रेस में शामिल हैं। इंटरव्यू के बाद सर्च कमिटी की ओर से पांच नाम पर मुहर लगाई जाएगी। इसके बाद उन पांच से किसी एक का चयन राज्यपाल की ओर से किया जाएगा। उम्मीद है कि दिसंबर में ही वीसी के नाम पर मुहर लगाई जा सकती है।

REMEMBRANCE
SHARING MEMORIES

First Death Anniversary
Late Sushila Sinha
(14-12-24)
Missing you mummy. You were one for the world but the world for us. Deeply remembered: Poonam (Daughter in law), Saket and Neelkamal (Son and daughter in law), Malvika and Mukul (Daughter and son in law), Sarika and Atul (Daughter and son in law)

अब प्रदेश भर में चलाया जाएगा दाखिले का अभियान

दाखिले के लिए बच्चों से खुद बात करेंगे एकेटीयू के कॉलेज

Zeeshan.Rayish@timesofindia.com

AI Image

लखनऊ: अमूमन छात्र दाखिले के लिए कॉलेजों के चक्कर काटते हैं लेकिन अब इंजिनियरिंग व मैनेजमेंट कॉलेज दाखिले के लिए खुद स्कूल जाकर छात्रों से बात करेंगे। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय की ओर से इस अभियान की शुरुआत होने जा रही है। इसके तहत विवि से संबद्ध जितने भी इंजिनियरिंग व मैनेजमेंट कॉलेज हैं उन्हें उनके आस पास इंटर कॉलेज आवंटित किए जाएंगे। इसके बाद कॉलेज टीम स्कूलों में जाकर छात्रों को एकेटीयू के कोर्सों के बारे में बताएगी। ताकि छात्रों का रुझान टेक्निकल एजुकेशन की ओर आ सके। साथ ही एकेटीयू में संचालित होने वाले कोर्सों के बारे में भी बताया जाएगा।

प्रदेश भर के कॉलेजों को आवंटित किए जाएंगे इंटर कॉलेज

विवि के वीसी प्रो. जेपी पांडेय ने बताया कि विवि में आर्टिफिशल इंटेलिजेंस से लेकर मशीन लर्निंग तक में कई नए पाठ्यक्रमों की शुरुआत की गई है। कई ऐसे पाठ्यक्रम हैं जिनमें आने वाले समय में भारी मांग है। इंडस्ट्री में उनके एक्सपर्ट की भी जरूरत है। लेकिन छात्रों को अभी इसकी जानकारी नहीं है। इसके चलते छात्रों के आवेदन नहीं आ पा रहे हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए हम इस अभियान को शुरू करने जा रहे हैं। इसमें प्रदेश के हर जिले के कॉलेजों को इसका जिम्मा दिया जाएगा कि वह अपने जिले के इंटर कॉलेज व स्कूलों में जाकर छात्रों की काउंसलिंग करें। उन्हें इन कोर्सों के बारे में बताएं ताकि छात्र करियर का विकल्प तय करने के समय उनका चुनाव कर सकें। इस दौरान किस-किस कोर्स में रोजगार की भविष्य में क्या संभावनाएं हैं इसके बारे में भी बताया जाएगा। इससे विवि में दाखिले की संख्या में भी इजाफा हो सकेगा।

छात्रों को नही जाना पड़ेगा बाहर

प्रो. पांडेय ने बताया कि वर्तमान में एकेटीयू में सभी उच्च गुणवत्ता के टेक्निकल व मैनेजमेंट आधारित कोर्स हैं। लेकिन जानकारी के अभाव में काफी संख्या में छात्र अब भी दूसरे राज्यों के कॉलेजों में दाखिला ले रहे हैं। आईआईटी के अलावा भी प्राइवेट कॉलेज में छात्र दाखिला लेने के लिए दूसरे शहरों में जा रहे हैं। ऐसे में हमारी कोशिश है कि छात्रों को अपने ही राज्य वह शहर में शिक्षा मुहैया करवाई जा सके ताकि छात्रों को बाहर न जाना पड़े।

NBT Lens
खबरों के अंदर की बात

क्यों पड़ी जरूरत?

एकेटीयू के सरकारी कॉलेज या कुछ बड़े निजी कॉलेजों को छोड़ दे तो बाकियों में दाखिले का संकट है। कई कॉलेजों में तो आधी सीटें तक नहीं भर रही हैं। इससे कई कॉलेज बंद होने की कगार पर पहुंच गए हैं। ऐसे में विवि की ओर से इसकी कवायद शुरू की गई है ताकि कॉलेजों को बंद होने से बचाया जा सके। दाखिले बढ़ने से विवि की आमदनी में भी इजाफा होगा। क्योंकि विवि का खर्च कॉलेजों से मिलने वाले शुल्क से ही चलता है।

शहर के 16 केंद्रों पर होगी सेमेस्टर परीक्षाएं

AI Image



■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय एकेटीयू में 23 दिसंबर से होने वाली सेमेस्टर परीक्षाओं के लिए परीक्षा केंद्रों का गठन कर दिया गया है। शहर में 16 केंद्र बनाए गए हैं जिसमें एकेटीयू समेत 15 इंजिनियरिंग कॉलेजों में परीक्षाओं का आयोजन किया जाएगा। विवि की ओर से सूचित किया गया है कि अगर किसी अभ्यर्थियों को किसी परीक्षा केंद्र पर कोई आपत्ति है या किसी कॉलेज को परीक्षा केंद्र पर कोई दिक्कत है तो 15 दिसंबर तक विवि में दर्ज करा सकेगा।

एकेटीयू के सेंटर फॉर एडवांस स्टडीज परिसर में परीक्षाओं का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा बीबीडी, रामस्वरूप, जीसीआरजी, बंसल कॉलेज, एसआर कॉलेज, आरआर कॉलेज, सागर इंस्टिट्यूट, गोयल इंस्टिट्यूट, अंबालिका इंस्टिट्यूट महात्मा गांधी इंस्टिट्यूट समेत कुल 15 कॉलेजों में परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इसमें किन किन कॉलेजों के छात्र परीक्षा देंगे इसकी सेंटर सूची भी वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है। छात्र विवि की वेबसाइट fms.aktu.ac.in पर ये सूची देख सकते हैं।

LU में संगोष्ठी, कवि सम्मेलन, गायन और सम्मान समारोह 23 को

■NBT न्यूज, लखनऊ: अटल सांस्कृतिक संगम-2025 के तहत एलयू में 23 दिसंबर को संगोष्ठी, कवि सम्मेलन, गायन व सम्मान समारोह होगा। इससे पहले 19 और 20 दिसंबर को एलयू परिसर के प्राचीन परिसर में निबंध और कविता लेखन प्रतियोगिता होगी, इसमें शहर के विभिन्न शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थी हिस्सा लेंगे। कार्यक्रम का आयोजन स्कॉलेम इंटरनेशनल फोरम, कमला शिक्षण सेवा संस्थान व राष्ट्रधर्म के सहयोग से होगा। ये जानकारी शनिवार को प्रेसवार्ता के दौरान रामायण धर द्विवेदी ने दी। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी समारोह वर्ष के अवसर पर कालोम फाउंडेशन के सहयोग से होगा।

फटाफट खबरें

BLO को किया सम्मानित

■NBT रिपोर्ट, लखनऊ: इंदिरा नगर आवासीय महासमिति ने शनिवार को बीएलओ को सम्मानित किया है। महासचिव सुशील कुमार बच्चा ने बताया कि आरएलबी सेक्टर 14 इंदिरानगर, राजकीय बालिका विद्यालय सेक्टर 11 के 173 पूर्व के बूथ संख्या 89 से 100 तक के पर्यवेक्षक विनोद कुमार की देखरेख में सौ फीसदी एसआईआर का काम बीएलओ ने किया है। इसके लिए उनको सम्मानित किया गया। महासमिति अन्य बूथों पर भी बीएलओ को सम्मानित करेगी। सम्मानित होने वाले बीएलओ में दिवाकर पटेल, विभूति श्रीवास्तव, प्रियंका वर्मा, शरद सोनी, प्रीति दुबे, पंकज कुमार, अनूप कुमार, रणजीत कुमार, गौतम शिवधनी, मोहम्मद रियाज, शिव चरन राम, बिहारी लाल श्रीवास्तव रहे। मौके पर महासमिति के अध्यक्ष देवी शरण त्रिपाठी, संयुक्त सचिव सविता शुक्ला मौजूद रहीं।

NCC कैडेट्स को दिया प्रशिक्षण

■NBT रिपोर्ट, लखनऊ: एएमसी सेंटर में आयोजित 5 यूपी एयर स्क्वाड्रन के संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण कार्यक्रम में एनसीसी कैडेट्स ने फायरिंग के साथ फ्लाइंग का भी प्रशिक्षण लिया। एनसीसी कैडेट्स को बीकेटी स्थित एयर फोर्स स्टेशन का दौरा भी करवाया गया। छावनी स्थित 2 एमटी बटालियन एएमसी सेंटर में 1 दिसंबर से शुरू हुआ दस दिवसीय संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर शनिवार को संपन्न हो गया। इस शिविर में एनसीसी के 285 बालक कैडेटों सहित 405 कैडेट्स ने हिस्सा लिया। 5 यूपी एयर स्क्वाड्रन एनसीसी लखनऊ के कमान अधिकारी व वैग कमांडेंट विंग कमांडर प्रवीन तिवारी ने सभी को धन्यवाद दिया।

डॉ. निखिल को IST अवॉर्ड

■NBT न्यूज, लखनऊ: इंडियन सोसायटी ऑफ टॉक्सिकोलॉजी (IST) के 21वें वार्षिक राष्ट्रीय सम्मेलन में शनिवार को प्रतिष्ठित IST यंग टॉक्सिकोलॉजिस्ट अवॉर्ड (क्लिनिकल टॉक्सिकोलॉजी) डॉ. निखिल पॉल को दिया गया। IST यंग फॉरेंसिक टॉक्सिकोलॉजिस्ट अवॉर्ड डॉ. अंजली अरोड़ा को दिया गया। टॉक्सिकोलॉजी में विशिष्ट सेवा के लिए IST अवॉर्ड से फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी (FSL) के निदेशक डॉ. आदर्श को सम्मानित किया गया। ये पुरस्कार टॉक्सिकोलॉजी क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान और नई पीढ़ी के विशेषज्ञों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से दिए जाते हैं। समारोह में देशभर के विशेषज्ञ और शोधकर्ता शामिल हुए।

HEALTH & WELLNESS TIMES interact



U.P. CO-OPERATIVE SUGAR FACTORIES FEDERATION LTD.
9-A, Rana Pratap Marg, Lucknow. Telephone: (0522) 2200183, 2628510 Fax: (0522) 2627984

Short Term e-Auction Notice

Online E-Auctions are invited for sale of free molasses in steel tanks from Co-operative sugar mills of U.P. to bonafide Consumers to whom license have been issued by the Excise Commissioner & Molasses Controller, Prayagraj, U.P. E-Auction can be uploaded up to 12:55 P.M. on 12.12.2025.

S.No	Particulars	Start Date and Time	End Date and Time
1.	Document upload time	12.12.2025 06:55 PM	18.12.2025 06:00 PM
2.	Technical Evaluation	19.12.2025 10:00 AM	19.12.2025 02:00 PM
3.	Auction Start	19.12.2025 02:00 PM	19.12.2025 05:00 PM

The e-Auctions EMD is Rs. 20 per quintals. Total quantity for sale of free C-Heavy molasses 365000.00 quintals. The e-Auctions fee is Rs 2360/- (incl. GST). The amount of fee and Earnest money in favour of U.P. Cooperative Sugar factories Federation Ltd., Lucknow through RTGS/NEFT. The bank details are available in the auction form. The details for submission of e-Auctions will be available on the e-auction portal http://eauction.gov.in and also on Federation website www.upsugarfed.org from 12.12.2025 at 6.55 P.M.. The Federation reserves the right to cancel any or all the e-Auctions without assigning any reason. The decision of the Managing Director shall be the final and binding. इस निविदा के सम्बन्ध में सभी संशोधन, स्पष्टीकरण, शुद्धिपत्र, परिशिष्ट, समय वृद्धि आदि की सूचना http://eauction.gov.in एवं www.upsugarfed.org पर ही दिया जायेगा। निविदादाता अद्यतन जानकारी के लिए नियमित रूप से इन वेबसाइट्स को पढ़ते रहें।

Date -12.12.2025 Managing Director

TIMES interact
Connecting People, Connecting Needs.
To book your ad
Logon to: ads.timesofindia.com
or Call: 18001205474 (Toll Free)
Scan QR Code

GALLERIA

MISSION / ADMISSION

भर्ती
भर्ती-रिक्त पदों की स्थिति
अकादमिक
शिक्षक

ST. Agnes' Loreto Day School, Lko invites applications from qualified and dynamic professionals for the following positions: Chemistry Teacher (Senior School), History Teacher (Senior School), Primary School Teacher, Teacher for AI, Dance Teacher, Lab Assistant. Interested candidates are requested to submit their resumes through the school website: www.stagnesloretolko.com. Between 20/12/2025 till 05/01/2026 Please visit the website, navigate to the Contact Us section, and select Join Us to complete the online application.

EXCELLIA School, LKO Requires: 1. PRT-Graduate. 2. TGT - Science- Graduate in the subject concerned. 3. PGT- English- PG in English. B.Ed. mandatory for all and Min 2 years of experience. Note: Strong communication skills in English are essential for all posts. Apply Now: recruitment@excelliaschool.edu.in

ST John Bosco College Gomtinagar Wanted Biology English PGTs for Teaching ICSE & ISC classes. PRT also apply.

RED Rose Sr. Sec. School, Vinay Khand 3, Gomti Nagar, Lucknow Required TGT for English, Hindi, Social Science, Science & Computer, Pre-Primary Teacher. Apply within 3 days. # 7311170771, email contact@redroseschool.edu.in

LUMINA TERRA
SCHOOL OF NATIONS
Seeks Teachers for 2 to 14-year-olds
Appreciate flawless English, loving, & driven teachers with
1. Experience of teaching in Cambridge Board. Thorough subject knowledge of Math, Science, English, IT/Computers & Hindi.
2. Experts in French, German & Mandarin Chinese Languages.
info@luminaterra.org
740 840 5000
Next to Omaxe Palace, Opposite Palassio Mall.

प्रशासन
आशुलिपिक और टाइपिस्ट

ENGLISH Typist ,Part time/ Full Time -Cardiac Tech/ Med Assistant . Salary accd. to qual & exp : Dr Akhil Mehrotra 7355271272, 9415563132

प्रबंधक

GOLDEN Chance- Managers req.in MNC.Sal:30K/75K. Housewives,Rtd person,Lko resdnt pref. Vikaskhnd, or dayal xing. Gomtingr.9532099848,9350248960

अन्य रिक्तियां
पार्ट टाइम जॉब

चाहिए मासिक रिटायर्ड, पढ़ी-लिखी महिलाएं पार्टटाइम, जॉब उम्र 30-75, इनकम 30k-40k जो चाहें वर्क को हलाल साइकिल टाइम विभूतिखंड गोमतीनगर।मो- 8849711558

MNC req. Developer Manager Retired & Business person, Housewife can join. Salary 30K-75K, Gomtinagar. free medical cover, foreign trip. # 9795081355

प्रॉपर्टी
बिक्री के लिए
लखनऊ

COMMERCIAL PROPERTY FOR SALE IN HAZRATGANJ. Price 90 Lakh. Rent per month 45000. Call 8881804666

AYODHYA HOTEL Project LAND 27000 Sqft on Sale. Only 6 KM from "Ramjanam Bhoomi Temple". With 105 Ft. Frontage # Kandhari Properties, Lko. M:9696225636 /9415423833

3BHK Spacious flat in Sterling Apartments, Centrally Located near Lucknow University Metro Station. Area 1500sqft for Sale Contact: 8299216376

VILLA for sale in Ashiyana Sector D1 Lucknow 3500 Sqft west face near CMS School Sagar Square Mobile: 8004004003, 7800067769

OFFICE SPACE FOR SALE
PREMIUM INTERIOR
Location:Cyber height Vibhuti Khand, Gomti Nagar, Lucknow, Uttar Pradesh 226010
Rate: 12500/- Per Sqft.
-4TH FLOOR AREA
-1300 SQFT + PVT PARKING
-AVAIL RENTAL INCOME BENEFIT
-8 TON VRS AC
-FALSE CEILING
-LIGHTING GLASS WALL ON ONE SIDE
-TILES
-02 TOILET AND PANTRY INSIDE THE OFFICE SPACE, ETC
9695464442 8840598115

प्रॉपर्टी एन्सलेरीज
लीज और किराए पर

3BHK, 2053 SQFT, 5th FLR, Garden Facing, Flat At Eldeco Elegance, Vibhuti Khand, Gomti Nagar, Lucknow, Mob. 9680018381

किराये के लिए
लखनऊ

GOMTI Ngr Extn. Hestia Apt.(3 BHK + study) flat + 2-BHK- Vrindavan Yojna Sukhada Apartments, both semi-furnished flats. 9415018008

FORTUNA TOWER
Office Space for Rent
In Lucknow at Fortuna Tower 2nd Floor, 10, Rana Pratap Marg Near Dainik Jagran Chauraha
Area 6000 sqft
• LDA Approved
Call- 9369821734 9044777385
Email : office@citymall.co.in
Current Occupant: ICICI Bank, GAIL, Green Gas, L&T, Idea Cellular

व्यक्तिगत
नाम परिवर्तन

मैंने PNB MetLife से पॉलिसी लिया था जिसमें मेरा नाम Feryal Sohail (पुत्री Mohammad Sohail) है जबकि सभी दस्तावेजों में मेरा नाम Feryal Arif दर्ज है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाये- Feryal Arif पत्नी Mohd Arif नि.- 2/225 लोहिया पार्क, विरामखण्ड, गोमतीनगर, लखनऊ

I, Prashant Verma, S/o Late Ram Swaroop, R/o 569/312 Bargawan, LDA, Lucknow-12; declare that my High School Certificate wrongly records my name as Prasant Verma. My correct name is Prashant Verma for all purposes.

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा सही नाम सनी देओल पुत्र ओमी प्रकाश है जो कि मेरे शैक्षिक अभिलेख में अंकित है। बुकिंग मेरे आधार कार्ड सं.- 9776 9229 2494 मेरा नाम सनि जायसवाल अंकित हो गया है जो कि गलत है। भविष्य में मुझे सही नाम सनी देओल (SUNNY DEOL) पुत्र ओमी प्रकाश के नाम से जाना व पहचाना जाय। एतद द्वारा प्रमाणित किया जाता है कि उपर्युक्त के सम्बन्ध में समस्त विधिक औपचारिकताएं सभी मेरे द्वारा पूर्ण की गई है।

सनी देओल
पता- बल्दुक पुरवा राजापुर रेतवागाड़ा जिला-गोण्डा उ0प्र0।

BOOK YOUR SERVICE ADS
TO BOOK ONLINE LOG ON TO Ads.timesofindia.com
SCAN QR CODE

Readers are recommended to make appropriate enquires and seek appropriate advice before sending money, incurring any expenses, acting on medical recommendations or entering into any commitment in relation to any advertisement published in this publication. All creatives marked as Advertorial, Spotlight and Promotional Features are to be treated as Advertisements. The Times of India Group doesn't vouch for any claims made by the Advertisers of the products and services. The Printer, Publisher, Editor, and the owners of The Times of India Group publications shall not be held liable for any consequences, in the event such claims are not honoured by the Advertisers.

MATRIMONIAL PACKAGE

PACKAGE	EDITIONS	ROL 5 LINES	EXTRA LINE	CD PER SQ.CM.
SOULMATE	The Times of India - Ahmedabad, Bangalore, Bangalore @ Hubli, Bhubaneswar, Chennai, Coimbatore, Delhi, Chandigarh, West UP & Uttrakhand, Gurgaon, Goa, Hyderabad, Jaipur, Kanpur, Kerala, Kolhapur, Kolkata, Kolkata - Guwahati, Lucknow, Madhya Pradesh, Madurai/Trichy, Mangalore, Mumbai, Mysore, Patna, Pune, Visakhapatnam, Aurangabad, Nashik Split - Pune Upcountry, The Economic Times - Ahmedabad, Bangalore, Chennai, Delhi, Hyderabad, Kolkata, Lucknow, Mumbai - City Run, Chandigarh, Pune, Times Interact - Chandigarh, Nagpur Time + Samay - Ei Samay Kolkata	₹10350	₹2070	NA
NATIONAL SELECTION	The Times of India - Ahmedabad, Bangalore, Bangalore @ Hubli, Bhubaneswar, Chennai, Coimbatore, Delhi, Chandigarh, West UP & Uttrakhand, Gurgaon, Goa, Hyderabad, Jaipur, Kanpur, Kerala, Kolhapur,Kolkata, Kolkata - Guwahati, Lucknow, Madhya Pradesh, Madurai/Trichy, Mangalore, Mumbai, Mysore,Patna, Pune, Visakhapatnam, Aurangabad, Nashik Split - Pune Upcountry, Times Interact - Chandigarh, Nagpur Time + Samay - Ei Samay Kolkata	₹8850	₹1770	₹2245
SHAGUN	The Times of India - Delhi, Chandigarh, West UP & Uttrakhand, Gurgaon, Lucknow, Kanpur, Jaipur, Madhya Pradesh, Times Interact -Chandigarh, Navbharat Times - Delhi & NCR+Lucknow	₹4500	₹900	₹1050
KANGAN	The Times of India - Delhi, Chandigarh, West UP & Uttrakhand, Gurgaon, Mumbai, Lucknow, Jaipur, Madhya Pradesh, Kanpur, Times Interact - Chandigarh, Navbharat Times - Delhi & NCR+Lucknow	₹5100	₹1020	₹1196

▸ CD Cost on minimum size - 3 x 5 cm ▸ ROL COST is for 5 lines, extra line 20% ▸ Above packages are excluded of GST
▸ Client Incentive Scheme: Pay for 2 & get 2 free (Consumption period 4 weeks), Pay for 3 & get 3 free (Consumption period 6 weeks)

Contact: LUCKNOW: Kuldeep Tiwari - 9044122682, Anurag Nautiyal - 8840945902, KANPUR: Anoop Dixit - 7860802468, ALLAHABAD: Amit Kumar Srivastava - 9044075051, VARANASI: Nitesh Arora - 9559983838, GORAKHPUR: Chandrasekhar Sinha 9415019274, AGRA: Vikas Jain - 9917475393, DEHRADUN: Pooja Kumar - 9719157775, MEERUT: Sanyam Monga - 9897048195, HALDWANI: Chandan Singh Bisht - 9837564640, BAREILLY: Aarohi Sharma - 9456470298, HARIDWAR: Amit Dhasmana - 9997083360, ALIGARH: Akash Upadhyay - 9457718804, MORADABAD: Omkar Pandey - 7607015000

मेटाफर लिट फेस्ट में बोलीं बुकर पुरस्कार 2025 विजेता बानो मुश्ताक

'ख्वाब ऐसे हों कि तारों तक पहुंच सकें'

■ NBT न्यूज, लखनऊ

हमारे ख्वाब बहुत ऊंचे होने चाहिए। मैं हमेशा कहती हूं कि हमारे सपने ऐसे नहीं होने चाहिए कि हम सिर्फ मूंगफली बेचते रह जाएं, बल्कि ऐसे होने चाहिए कि हम तारों तक पहुंच सकें। हमें लगातार ऐसे सपनों को मैनिफेस्ट करते रहना चाहिए। यह बात शनिवार को हजरतगंज स्थित ले प्रेस में शुरू हुए मेटाफर लिट फेस्ट में बुकर पुरस्कार 2025 की विजेता बानो मुश्ताक ने कही। उन्होंने बताया कि अब वो नोबल पुरस्कार जीतना मैनिफेस्ट कर रही हैं। सत्र की शुरुआत में उन्होंने बताया कि जब मैं एयरपोर्ट पहुंची, तो वहां लिखा था कि 'मुस्कुराइए, आप लखनऊ में हैं।' मैं समझ नहीं पाई कि मुझे मुस्कुराना क्यों चाहिए। मैंने ड्राइवर से पूछा तो उसने कहा कि क्योंकि हम आपसे मुस्कुरा कर बात करते हैं, इसलिए आपको भी मुस्कुराना पड़ेगा। यह सुनकर मैं सच में मुस्कुरा दी।

बुकर प्राइज की अपनी यात्रा के बारे में उन्होंने बताया कि बुकर प्राइज के लिए यह अनिवार्य था कि कहानियां अंग्रेजी में प्रकाशित हों और मैं कन्नड़ में लिखती थी। इसके लिए एक पब्लिशर कपल ने मुझसे संपर्क किया और मेरी 12 कहानियों का अंग्रेजी अनुवाद करवाने की बात कही। इन कहानियों का अनुवाद दीपा भास्ती ने किया।

छोटी फिल्मों के लिए बनाएंगे पोर्टल

'मिथ, मार्केट ऐंड मीनिंग: बिल्डिंग ब्रांड्स दैट एंड्योर' विषय पर आयोजित सत्र के दौरान फिल्ममेकर ओनी श्रीवास्तव ने बताया कि वे एक ऐसा राष्ट्रीय स्तर का पोर्टल विकसित कर रहे हैं, जो छोटे फिल्म निर्माताओं की फिल्मों के वितरण में मदद करेगा। उन्होंने बताया कि इस पोर्टल के अंतर्गत एक नेशनवाइड फ्रेंचाइजी सिस्टम होगा, जिसके माध्यम से छोटे ढाबे, रेस्टोरेंट या अन्य व्यवसायी फ्रेंचाइजी लेकर अपनी जगह पर फिल्मों का प्रदर्शन कर सकेंगे। इससे फिल्म निर्माताओं के साथ-साथ फ्रेंचाइजी लेने वालों को भी आर्थिक लाभ होगा। इससे पहले जब उनसे पूछा गया था कि वे अपनी फिल्मों का डिस्ट्रीब्यूशन कैसे करते हैं, तो उन्होंने बताया कि जब वे अपनी फिल्म 'बनवारी की अम्मा' के वितरण के लिए पीवीआर और ओटीटी प्लेटफॉर्म्स के पास गए थे, तो उन्हें यह कहकर मना कर दिया गया कि फिल्म में कोई सेलेब्रिटी चेहरा नहीं है। इसी अनुभव के बाद उन्हें इस तरह के पोर्टल का विचार आया।

इस सत्र के दौरान उन्होंने अपनी पुस्तक "ब्रांडिंग@माइथोलॉजी" का भी लोकार्पण किया। उन्होंने ब्रांड्स और माइथोलॉजी के बीच के संबंधों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि हर ब्रांड के पीछे किसी न किसी तरह की पौराणिक प्रेरणा छिपी होती है। उन्होंने संदेश दिया कि जब माइथोलॉजी ब्रांड से जुड़ता है तो लीजेंड जन्म लेते हैं। उन्होंने युवाओं को संदेश दिया कि वे अत्यधिक शक्ति और महत्वाकांक्षा पाने की जल्दबाजी में न रहें। साथ ही यह भी कहा कि हमें ऐसी चीजें विकसित करनी चाहिए, जो पर्यावरण के लिए सतत पोषणीय हों।

हाफ डॉक्टर सत्र में डॉ. संदीप ने कहा कि तकनीकी प्रगति के पीछे छिपे सामाजिक पहलुओं को अक्सर नजरअंदाज कर दिया जाता है। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए सरल और तर्कपूर्ण उपाय जैसे खुले गड्ढे बंद करना, धूल वाले क्षेत्रों को ढकना और घर की साफ-सफाई हमारी दादी-नानी की परंपराओं से निकलकर आते हैं और आज भी उतने ही आवश्यक हैं।

'लखनऊ ने नहीं खोई सांस्कृतिक पहचान'



फेस्टिवल का उद्घाटन उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि लखनऊ उनके दिल के बेहद करीब है, जिसे वे कभी नहीं भूल सकते। उन्होंने वर्षों में शहर में आए बदलावों का उल्लेख किया और कहा कि तेजी से हो रहे विकास के बावजूद लखनऊ ने अपनी आत्मा और सांस्कृतिक पहचान को कभी नहीं खोया है। यह शहर सभी त्योहारों और परंपराओं के समन्वय का प्रतीक है, यहां इसकी अपनी सभ्यता और मूल्य आज भी गहराई से जुड़े हुए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि मतभेद की स्थिति में भी लखनऊ के लोग अपनी भाषा में शालीनता बनाए रखते हैं और 'तुम' के बजाय 'आप' का प्रयोग करते हैं, जो यहां की तहजीब को दर्शाता है। तांगा दौर से लेकर मेट्रो युग तक की यात्रा का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि भले ही शहर ने आधुनिकता की लंबी दूरी तय की हो, लेकिन लोगों के दिल और सांस्कृतिक मूल्य आज भी वही हैं।

ये सत्र भी रहे खास

■ फेस्टिवल में एक इंटरैक्टिव स्टोरीटेलिंग सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र की वक्ता डॉ. अनीता भटनागर जैन थीं, जिन्होंने विशेष रूप से केडी सिंह बाबू स्टेडियम से आए बच्चों से संवाद किया और उन्हें अपनी कहानियों से जोड़ा। उन्होंने "कबू की उड़ान" से अंश पढ़े, जो शहर में रहने वाले एक कबूतर और उसके जीवन की कहानी है।

■ 'बातें गजलों-नज्मों की' नामक सत्र में अमिताभ सिंह बघेल, चंद्र शेखर वर्मा और अनीसुर रहमान ने उर्दू शायरी की रवायतों, इतिहास और रूहानियत पर खूबसूरत बातचीत की। अनीसुर रहमान ने कहा कि चंद्र शेखर वर्मा ने शायरी की अपनी यात्रा बताते हुए बताया था कि उन्हें यह समझाया गया कि गजल बनाई नहीं जाती, पहले सुनिए और पढ़िए, फिर कहने की तरफ आइए।

■ मन की पुरातत्वशास्त्र नामक सत्र में डॉ. आलोक बाजपेयी से प्रो. रानू उनियाल ने संवाद किया। सत्र में इस बात की पड़ताल की गई कि जीवन, मृत्यु, आस्था और मानसिक स्वास्थ्य को लेकर मानवीय समझ किस प्रकार जैविकी, स्मृति, कल्पना और सामाजिक ढांचों से आकार लेती है।

'एक बोझ है जिसे हम छोड़ना चाहते हैं'

सुबह के सत्रों में डॉ. वंदिता मिश्रा की पुस्तक बैटल ऑफ लैंड का विमोचन हुआ। इस दौरान डॉ. वंदिता ने कहा कि झगड़ों का असली समाधान इस बात में छिपा है कि हम उन्हें किस नजर से देखते हैं। इसी संदर्भ में उन्होंने एक कविता का जिक्र किया, जिसमें कहा गया है कि एक बीघा जमीन, जिसे कभी साथ रहने के लिए लिया गया था, वही बाद में झगड़े की वजह बन जाती है। कई बार लोग जमीन न मिलने के कारण आत्महत्या जैसा कदम तक उठा लेते हैं। बताया कि एक बेहद खूबसूरत डॉक्यूमेंट्री थी जिसके निर्माता ने बनारस के मुक्ति भवन के बारे में सोशल मीडिया पर लिखा कि वहां ऐसे लोग रहते हैं जो यह जानते हैं कि वे जीवन के अंतिम पड़ाव पर हैं, फिर भी उनके भीतर एक अद्भुत शांति और स्थिरता होती है। मुक्ति भवन से जुड़ा एक प्रसंग साझा करते हुए उन्होंने बताया कि एक व्यक्ति को विश्वास था कि वह पंद्रह दिनों में मर जाएगा, लेकिन जब ऐसा नहीं हुआ तो उसने अपने भाई को बुलवाया और कहा कि गांव के घर में बंटवारे की एक दीवार है जो तोड़ दी जाए। जैसे ही दीवार तोड़ी गई, अगले ही दिन उनकी मृत्यु हो गई। उन्होंने कहा कि हम सब अपने-अपने जीवन में कुछ न कुछ बोझ ढोते हैं, जिसे अंत में हम छोड़ना चाहते हैं। समस्या यह है कि लोग आवश्यकता न होने पर भी जमीन खरीदते चले जा रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि 2025 के बाद उत्तराखंड में जमीन खरीद पर जो रोक लगाई गई है, वह एक सकारात्मक कदम है। ऐसी रोक कहीं न कहीं जरूरी है, ताकि अनावश्यक और अंधाधुंध जमीन खरीदने की प्रवृत्ति पर नियंत्रण लगाया जा सके।

'मेरा लखनऊ सवाल पूछता था'

कार्यक्रम के शुरुआती सत्र में फिल्मकार सुधीर मिश्रा और नवदीप नारायण मिश्रा ने सिनेमा और साहित्य पर चर्चा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि मैं 'नेमुल लखनऊ' से जुड़ा हुआ खुद को नहीं मानता हूं। मुझे जो लखनऊ मिला, वह सवाल पूछने वाला था एक ऐसा शहर जहां मजाज जैसे शायर रहते थे और जहां गालिब आए थे। उसी बौद्धिक और सांस्कृतिक माहौल ने उन्हें गढ़ा। अपनी फिल्म 'खोया-खोया चांद' का जिक्र करते हुए कहा कि यह मोटे तौर पर जफर के लखनऊ जाने की कहानी है। इसमें उनके दादा और परदादा की जिंदगी के कुछ अंश भी शामिल हैं। फिल्मकार की जिम्मेदारी और प्रतिभा के संदर्भ में कहा कि प्रतिभा कोई वरदान नहीं, बल्कि एक राक्षस की तरह होती है, जो कलाकार को लगातार कुछ करने के लिए यातना देती रहती है।

वहीं फेस्टिवल में शॉर्ट फिल्म 'घुसपैठिया कौन' का प्रदर्शन किया गया। फिल्म में प्रभावशाली ढंग से दिखाया कि किस प्रकार मनुष्य की स्वार्थपूर्ण और असंवेदनशील गतिविधियां जंगली जीवों के पारिस्थितिकी तंत्र को नुकसान पहुंचा रही हैं।

सत्र 'द विमंस गेम सेलिब्रेटिंग विमंस क्रिकेट इन इंडिया' में शिनिशा शर्मा, शिखा पांडे और सुप्रिया दास ने हिस्सा लिया। भारतीय क्रिकेटर शिखा पांडे ने महिला क्रिकेट को मजबूत बनाने में बीसीसीआई की भूमिका को स्वीकार किया।

'जिंदगी गुलज़ार है'

'जिंदगी गुलजार है' सत्र में गुलजार की रचनात्मक दुनिया, उनकी स्मृतियों और जीवन-दर्शन पर लेखक और कवि यतींद्र मिश्र और वरिष्ठ पत्रकार अनुवादक सत्या सरन ने चर्चा की। उन्होंने फिल्म आंधी से जुड़ा एक प्रसंग सुनाया कि शुरुआत में गुलजार ने इस फिल्म के लिए सुचित्रा सेन को साइन किया था। लेकिन शूटिंग के दौरान यह समस्या सामने आई कि सुचित्रा ने अपने अभिनय में इंदिरा गांधी के हाव-भाव को बहुत हद तक कॉपी कर लिया। इसी बीच देश में आपातकाल (इमरजेंसी) लागू हो गया और फिल्म पर रोक लग गई। इस स्थिति में गुलजार ने काफी समझाने की कोशिश की। बाद में फिल्म में एक नया दृश्य जोड़ा गया, जिसमें एक दृश्य में इंदिरा गांधी की तस्वीर दिखाई जाती है और नायिका कहती है कि मैं इंदिरा की फैन हूं और उनके जैसी बनना चाहती हूं। इस बदलाव के बाद फिल्म को रिलीज की अनुमति मिली।



कोई भी आ के हंसा दे, हंसी से मतलब है...

■ NBT न्यूज, लखनऊ: कोई भी आके हंसा दे, हंसी से मतलब है, हमें चिराग नहीं रौशनी से मतलब है। शायर सलीम सिद्दीकी के इस कलाम ने इस ओर ध्यान कराया कि इस दुनिया में आज लोगों के चेहरों पर हंसी की कमी है। बनारस लिट फेस्ट और नवभारत निर्माण समिति की ओर से शनिवार को लोक निर्माण विभाग स्थित विश्वेश्वरैया सभागार में आयोजित शान -ए-अवध कार्यक्रम में मुशायरा और कवि सम्मेलन हुआ। इसके अलावा कार्यक्रम में लोक गीत और लखनऊ के मिजाज पर भी बातचीत की गई। शहर के प्रसिद्ध हास्य कवि सर्वेश अस्थाना ने किसी ऐक्टर का राजनीति में आने पर व्यंग्य कसा कि ऐक्टर का फिल्में छोड़ राजनीति में आने का सिर्फ एक ही कारण है कि राजनीति में ऐक्टिंग का सीधा प्रसारण होता है। **मौके पर मिराज हैदर का सम्मान किया गया।**

फटाफट खबरें

कथक और लोकनृत्य ने मन मोहा

■ NBT न्यूज, आलमबाग: आशियाना स्थित स्मृति उपवन में हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव की सांस्कृतिक संध्या पर एनी डाउट एंटरटेनमेंट लखनऊ टैलेंट सीजन-2 का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि दिलीप सिंह, अरुण प्रताप सिंह ने दीप प्रज्वलित कर सांस्कृतिक संध्या का आगाज किया। नृत्य, गायन और मॉडलिंग की त्रिवेणी से सजे कार्यक्रम में प्रतिभाओं ने मंच पर अपने हुनर का शानदार प्रदर्शन किया। नृत्यांजलि ग्रुप द्वारा कथक प्रशिक्षिका रजनी वर्मा की प्रस्तुतियों ने विशेष आकर्षण बटोरा।

नन्हे कदमों ने दिखाई बड़ी उड़ान



■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: एक्सीलिया स्कूल में शनिवार को प्री-प्राइमरी सेक्शन की एथलेटिक्स मीट उत्साह के साथ मनाई गई। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अपनी ऊर्जा, खेल भावना और आत्मविश्वास से मैदान को खुशियों से भर दिया। प्ले ग्रुप की बालिकाओं के लिए पॉप द बलून रेस, नर्सरी के बच्चों की हुला-हूप रेस, केजी. अ की बाधा रेस और केजी. ब की थ्री-लेग रेस ने कार्यक्रम को रोमांचक बना दिया। वहीं बालकों ने स्प्रिंट रेस, कोन में गेंद और रिले रेस में उत्साह से भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के निदेशक आशीष पाठक, शालिनी पाठक, एसके मिश्रा, प्रधानाचार्या मीनू श्रीवास्तव ने किया।

चॉकोस क्रंच से बना क्रिसमस विलेज

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: पंकज भदौरिया क्यूलिनरी अकादमी (पीबीसीए) में क्रिसमस के मौके पर स्टूडेंट्स ने अपनी रचनात्मकता और क्यूलिनरी कौशल की अद्भुत प्रतिभा दिखाई। अकादमी के बेकरी छात्रों की ओर से खाने योग्य मैजिकल एडिबल क्रिसमस विलेज का लाइटिंग सेरेमनी के साथ अनावरण किया गया। इस विशेष फेस्टिव को शेफ और मास्टरशेफ पंकज भदौरिया के मार्गदर्शन में तैयार किया गया। मास्टरशेफ पंकज भदौरिया ने बताया कि यह एडिबल क्रिसमस विलेज छात्रों की कल्पनाशीलता, मेहनत और प्रोफेशनल ट्रेनिंग का प्रतीक है। इस दौरान शेफ सोनालिका भी मौजूद रहीं।

700 बच्चों ने किया कृष्ण लीला का मंचन



■ NBT न्यूज, लखनऊ: इंदिरा नगर स्थित गुरुकुल अकेडमी ने शनिवार को धूमधाम से अपना वार्षिकोत्सव मनाया। इस अवसर पर स्कूल के प्री-नर्सरी से लेकर 12वीं तक 700 बच्चों ने भगवान श्रीकृष्ण पर आधारित नृत्य नाटिका कृष्ण वासुदेव की प्रस्तुति दी। महाभारत से कलयुग तक का मंचन किया। इस दौरान बाबा रुद्रनाथ, प्रधानाचार्या कल्पना सिंह, अनुरीता बक्शी मौजूद थीं।

101 मॉडलों का किया प्रदर्शन

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: बाल निकुंज इंटर कॉलेज गर्ल्स विंग, मोहिबुल्लापुर में शनिवार को अंतरशाखीय विज्ञान प्रदर्शनी मेला लगाया गया। प्रदर्शनी में बाल निकुंज स्कूल्स ऐंड कॉलेजेज की अलग-अलग शाखाओं के कक्षा 6 से 8 तक के लगभग 250 जूनियर बाल-वैज्ञानिकों ने 101 विज्ञान आधारित नवाचारी मॉडलों का प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि आंचलिक विज्ञान नगरी के शिक्षा अधिकारी रामकुमार ने कक्षावार प्रथम से पंचम स्थान प्राप्त करने वाले 15 विद्यार्थियों को पुरस्कार दिया।

कल से होगा ओजस का आगाज

■ NBT न्यूज, लखनऊ: जयपुरिया इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट में दो दिवसीय सांस्कृतिक एवं पाठ्येतर उत्सव ओजस 25 का आयोजन 15 और 16 दिसंबर को होगा। कार्यक्रम में इस साल की थीम, रंगताल-द इंडियन कार्निवल है। जो छात्रों को उनकी प्रतिभा, रचनात्मकता एवं इनोवेशन को दर्शाने का मौका देगी। कार्यक्रम में देश भर के अग्रणी संस्थानों से प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं, जिन्हें दो दिनों के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों और रोमांचक प्रतियोगिताओं के अनुभव का मौका मिलेगा।

रेलवे मैंस फेडरेशन के महामंत्री शिवगोपाल मिश्रा का आरोप

'रेलवे बोर्ड ने गलत की है भर्ती संबंधी गणना'

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: रेलवे में भर्ती को लेकर बोर्ड ने गलत गणना की है। बोर्ड कह रहा है कि ग्रुप डी के तहत सिर्फ 22 हजार पदों पर भर्ती होगी। देखा जाए तो सिर्फ उत्तर रेलवे में ही करीब 50 हजार से ज्यादा पद खाली हैं। रेलवे बोर्ड ने खाली पदों की तुलना में भर्ती संबंधी जो गणना की है, वह गलत है। इस पर हम रेलवे बोर्ड से बात करेंगे। यह बातें शनिवार को अखिल भारतीय रेलवे मैंस फेडरेशन के महामंत्री शिवगोपाल मिश्रा ने कहीं। वे चारबाग स्थित नॉर्दर्न रेलवे मेन्स यूनियन के कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोल रहे थे। शिवगोपाल मिश्रा ने कहा कि सरकार निजीकरण की मंशा को भूल जाए तो बेहतर है। हमारी मांग है कि खाली पदों को नियमित कर्मचारियों से भरा जाए। उन्होंने कहा कि भारतीय रेल अपनी संरक्षा के लिए जानी जाती है। अब इन पदों पर हम संविदा, आउटसोर्स जैसे पदों से तैनाती नहीं होने देंगे। यह बड़ी जिम्मेदारी है। सरकार को नियमित भर्ती करनी ही होगी। शिवगोपाल मिश्रा ने इस मौके पर 22 और 23 दिसंबर को चारबाग के रेलवे स्टेडियम में होने वाले फेडरेशन के 101वें वार्षिक अधिवेशन के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा कि इस अधिवेशन में डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक भी आ रहे हैं। सीएम योगी से भी बात चल रही है। इसके अलावा रेलवे बोर्ड के चेयरमैन, महाप्रबंधक, विभिन्न जोन के अफसर और लखनऊ मंडल के उत्तर व पूर्वोत्तर के डीआरएम भी रहेंगे।

8वें वेतन आयोग में कर्मचारी की बात नहीं

शिवगोपाल मिश्रा ने कहा कि सरकार एक जनवरी से आठवें वेतन आयोग को लागू करने जा रही है। इसमें सरकार ने कर्मचारियों की मंशा के अनुरूप काम नहीं किया है। हमारी मांगों को इसमें शामिल करना होगा। अधिवेशन के जरिये हम अपनी बात रखेंगे। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि फिटमैन के लिये 57 वाला फॉर्मूला ही चलेगा। अब वक्त बदल गया है। पहले मोबाइल और नेटवर्क का पैकेज शामिल नहीं था। शिवगोपाल मिश्रा ने बताया कि अधिवेशन के दौरान टीएन बाजपेई मूर्ति से चारबाग तक रैली निकाली जाएगी।

NOTE : -

[: राजस्थान पत्रिका , दैनिक जागरण delhi, नवभारत टाइम्स delhi, अमर उजाला delhi, हिन्दुस्तान delhi, Pioneer hindi delhi, जनसत्ता delhi,]

English NEWSPAPERS
[Times Of India delhi, Indian Express delhi, The Hindu delhi, Financial Express delhi, economic times delhi , the Pioneer english delhi , the tribune delhi] ETC.

We are providing all news paper pdf hindi and English want to read daily newspapers by pdf please msg me on telegram

2. आकाशवाणी (AUDIO)

whatsapp Group ka link pane ke liye Newspaper_pdf_bot par jaye.

Click here to contact:-https://t.me/Newspaper_pdf_bot
Or type in Search box of Telegram
@Newspaper_pdf_bot And you will find a channel
BACKUP GROUP LINK
https://t.me/joinchat/5P9EL1JaqoYzNTI1

Hindi-English News Paper
Website:- onlineftp.in